संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 28 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 229 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा एक कार्यक्रम में पौधारोपण करते हुए।

# 'नूंह में आज यात्रा की परमिशन नहीं'

- हमें जरूरत नहीं, यात्रा 11 बजे शुरू होगीः वीएचपी, इंटरनेट, स्कूल-कॉलेज बंद, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**28** अगस्त को फिर से ब्रजमंडल यात्रा निकाली जा रही है। इसको लेकर सीएम मनोहर लाल ने बयान दिया है। इसके बाद विहिप प्रवक्ता विनोद बंसल ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। हरियाणा सीएम मनोहर लाल ने कहा कि 28 अगस्त को नूंह में ब्रजमंडल यात्रा को परमिशन नहीं दी गई है। नूंह में एक महीना पहले ही हिंसक घटना हुई है, उसको लेकर सावधानी रखने की जरूरत है। मंदिरों में पूजा-अर्चना करना



सबका अधिकार है। उन्हें श्रद्धा के अनुसार छूट मिलनी चाहिए। सीएम खट्टर ने ये भी कहा कि हमने लोगों से अपील भी की है कि वे यात्रा करने से बचें और स्थानीय मंदिरों में पूजा-अर्चना करें। सुरक्षा रखना सरकार का दायित्व है। लॉ एंड ऑर्डर बना रहे, यह सरकार की कोशिश है। इससे पहले प्रशासन भी यात्रा की परमिशन से इनकार कर चुका है। नूंह में धारा 144 लगा दी गई है। स्कूल-कॉलेज और इंटरनेट 28 अगस्त तक बंद हैं।

**सीएम के बयान पर वीएचपी का पलटवारः** नूंह में ब्रजमंडल यात्रा पर विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा- 28 अगस्त को सुबह 11 बजे यात्रा की शुरूआत करेंगे। यात्रा की परमिशन लेने का सवाल ही नहीं उठता। सावन का आखिरी सोमवार है और हर श्रद्धालु का अधिकार है कि वह अपने इष्ट का जलाभिषेक करे। उन्होंने कहा कि यह एक धर्मपरायण देश है, यहां किसी भी यात्रा के लिए परमिशन नहीं ली जाती। उन्होंने सवाल किया कि क्या कभी कुंभ के लिए परमिशन ली जाती है।

### आज बंद रहेंगे स्कूल, कॉलेज और बैंक

**जिले** की सीमाओं पर पुलिस के अलावा आरएएफ और पैरामिलिट्री के जवान तैनात किए जा रहे हैं। शाम को पूरे जिले में फ्लैग मार्च निकालने की तैयारी है। स्कूल-कॉलेज तथा अन्य शिक्षण संस्थाएं 28 अगस्त को बंद रहेंगी। इसके साथ ही बैंकों को भी बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

**कांग्रेस एमएलए मामन खान से होगी पूछताछ :** नूंह हिंसा मामले में फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक मामन खान से नूंह पुलिस पूछताछ करेगी। विधायक मामन खान को नोटिस जारी किया गया है।

## स्पेस सेक्टर में ज्यादा इंवेस्टमेंट की जरूरतः इसरो

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
चंद्रयान-3 की सफलता से स्पेस वेंचर में इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा मिलने की उम्मीद तेजी से बढ़ी है। बीते हफ्ते इसरो के सप्लायर्स और उनसे जुड़ी कंपनियों के शेयर्स की कीमतों में भी तेजी देखी गई। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक लार्सन एंड टूब्रो और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स समेत 20 कंपनियां स्मॉल सैटेलाइट लॉन्चिंग व्हीकल के प्राइवेटाइजेशन के लिए होने वाली नीलामी में बोली लगा सकती हैं। इस बीच, इसरो चीफ एस सोमनाथ का भी एक बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत के पास चंद्रमा, मंगल और



शुक्र की यात्रा करने की क्षमता है लेकिन हमें और ज्यादा इन्वेस्टमेंट की जरूरत है। एस सोमनाथ बोले- "भारत के पास चंद्रमा, मंगल और शुक्र ग्रह की यात्रा करने की क्षमता है लेकिन हमें अपना आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ और ज्यादा इन्वेस्टमेंट्स की जरूरत है। हमारे स्पेस सेक्टर में डेवलपमेंट होना चाहिए।"

## 'सितंबर का महीना भारत के सामर्थ्य का साक्षी बनेगा'



**टीम एक्शन इडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह 11 बजे देशवासियों को मन की बात कार्यक्रम के जरिए संबोधित किया। यह मन की बात का 104वां एपिसोड था। पीएम ने अपने संबोधन की शुरूआत चंद्रयान 3 की सफलता के साथ की। पीएम ने कहा- भारत के चंद्रयान ने ये साबित कर दिया है कि संकल्प के कुछ सूरज चांद पर भी उगते हैं। मिशन चंद्रयान नए भारत की उस स्पिरिट का प्रतीक बन गया है, जो हर हाल में जीतना चाहता है, और हर हाल में, जीतना जानता भी है। इसके बाद पीएम मोदी ने जी-20 बैठक का जिक्र किया। उन्होंने कहा- सितंबर का महीना, भारत के सामर्थ्य का साक्षी

**मन की बात**

**भारत के चंद्रयान ने ये साबित कर दिया है कि संकल्प के कुछ सूरज चांद पर भी उगते हैं : पीएम**

बनने जा रहा है। इसके अलावा पीएम मोदी ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स, पर्यटन, डेयरी इंडस्ट्री और हर घर तिरंगा अभियान पर भी बात की। पीएम ने चंद्रयान मिशन को लेकर कहा - साथियों, आपको याद होगा इस बार मैंने लाल किले से कहा है कि हमें महिलाओं के नेतृत्व में डेवलपमेंट को राष्ट्रीय चरित्र के रूप में सशक्त करना है।

### बंगालः अवैध पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 5 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार को ब्लास्ट हो गया। घटना में 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर है। इसका सही आंकड़ा अब तक सामने नहीं आया है। कोलकाता पुलिस के मुताबिक, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। फायर स्टेशन अधिकारी आशीष घोष के हवाले से बताया कि हादसा कोलकाता से लगभग 30 किलोमीटर दूर नीलगंज में मोशपोल इलाके में सुबह 10 बजे हुआ। पटाखा फैक्ट्री दत्तपुकुर में है।

## चंद्रयान-3 का 'थर्मामीटर' ऑन, ऑब्जर्वेशन भेजा



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**चंद्रयान-3** के विक्रम लैंडर में लगे चास्टे पेलोड ने चंद्रमा के तापमान से जुड़ा पहला ऑब्जर्वेशन भेजा है। यानी सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट के मुताबिक चंद्रमा की सतह और अलग-अलग गहराई पर तापमान में काफी अंतर है। चंद्रमा के साउथ पोल की सतह पर तापमान करीब 50 डिग्री सेल्सियस है। वहीं, 80 डिग्री की गहराई में माइनस 10 डिग्री टेम्परेचर रिकॉर्ड किया गया। चास्टे में 10 टेम्परेचर सेंसर लगे हैं, जो 10 डिग्री यानी 100 डिग्री की गहराई तक पहुंच सकते हैं।

**साउथ पोल का तापमान पता चलने का फायदा क्या ?:** इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने बताया था कि उन्होंने चंद्रमा के साउथ पोल को इसलिए चुना, क्योंकि यहां भविष्य में इंसानों को बसाने की क्षमता हो सकती है। साउथ पोल पर सूर्य का प्रकाश कम समय के लिए रहता है। अब जब चंद्रयान-3 वहां के तापमान समेत अन्य चीजों की स्पष्ट जानकारी भेज रहा है तो वैज्ञानिक अब यह समझने की कोशिश करेंगे कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की मिट्टी वास्तव में कितनी क्षमता रखती है।

**तापमान**

**सतह पर करीब 50 डिग्री तापमान, 80 मिलीमीटर की गहराई में माइनस -10 डिग्रीः विक्रम लैंडर**




# 'धृतराष्ट्र के पुत्रमोह ने कराया कौरवों का अंत, विपक्षी भी पुत्र मोह में फंसे'

- सासंद नायब सैनी, पन्ना प्रमुख सम्मेलन के आयोजक विधायक सुभाष सुधा ने भी किया संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
राजनीति मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए, योग्यता को आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिये। राजनीति में देश पहले, व्यक्ति बाद में होना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण ने यही संदेश कुरुक्षेत्र की पावन धरा से लगभग 5200 वर्ष पहले दिया था, जो आज भी प्रासंगिक है और भविष्य में भी रहेगा। हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कुरूक्षेत्र, थानेसर में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। सम्मेलन को सांसद नायब सैनी, पन्ना प्रमुख सम्मेलन के संयोजक विधायक सुभाष सुधा के अलावा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने कहा कि धृतराष्ट्र मूल्यों की राजनीति त्याग कर पुत्रमोह में फंस गये थे, जिस कारण कुरुक्षेत्र का युद्ध हुआ और कौरवों का अंत हुआ। आज भी कई विपक्षी दलों में योग्यता नहीं, पुत्रमोह में वंशवाद हावी है। इनका हिसाब-किताब लोकतांत्रिक



तरीके से जनता कर रही है। धनखड़ ने कहा कि भाजपा में आगे बढ़ने का एक ही विकल्प है मेहनत और योग्यता। इसलिए आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनकर उभरा है और युवा वर्ग की पहली पंसद। हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि इनके नेता जीतते रहे तो सब ठीक। हारे तो मतदाताओं को राक्षस कहते हैं और श्राप देते हैं। खुले मंच से बहन-बेटियों की गालियां दे रहे हैं। यह कांग्रेस की संस्कृति है। कांग्रेस की नीति और नीयत दोनों में खोट रहा है। श्री धनखड ने कहा कि केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रही है। आज दुनिया भर में भारत की प्रगति और विकास की चर्चा हो रही है। गरीब, किसान, श्रमिक, दुकानदार, युवा, महिला, व्यापारी हर भारतीय का सपना पूरा करना प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी के सशक्त नेतृत्व में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रूव पर पहुंचाने वाला दुनिया का भारत पहला देश बना। पीएम मोदी ने जहां पर चंद्रयान 3 ने चांद की जमीन को टच किया था, उसका नाम शिव शक्ति प्वॉइंट रखा। जहां पर चंद्रयान-2 ने टच डाउन किया था, उसका नाम तिरंगा प्वॉइंट रखा। अब 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा। चांद पर तिरंगा, शिवशक्ति पॉइंट हर भारतीय को गौरवान्वित कर रहा है।यह भारत की बढ़ती शक्ति का प्रतीक हैं। भारत की अगली तैयारी सूर्य के नजदीक और मंगल ग्रह पर जाने की है। बीते 9 साल में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के द्वारा आज भारत जिस स्पीड और स्केल पर काम कर रहा है, वो अभूतपूर्व है।

**विपक्ष को घेरा**

मोदी के सशक्त नेतृत्व में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रूव पर पहुंचाने वाला दुनिया का भारत पहला देश बना: ओम प्रकाश धनखड

## जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए: एसएचओ देवेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जनहित** अभियान फाउंडेशन के द्वारा कालूपुर चुंगी के पार्क में चलाया पौधारोपण अभियान इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिटी थाने के एसएचओ देवेंद्र कुमार ने पौधा लगाकर किया अभियान को शुरू और कहा की पेड़ों के बगैर धरती पर जीवन संभव नहीं वन ही जीवन हे सभी को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और जब तक वह पेड़ नही बन जाते उनकी देखभाल करनी चाहिए फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया की आज की मुहिम में फलदार व छायादार बेलगरी जामुन के 15 पौधे लगाए इस अवसर पर मुख्य समाजसेवी दिलबाग सिंह स्टेट अवॉर्डी ,नवीन पाराशर,गणित प्राध्यापक संजय कुमार, दिग्विजय दहिया,विजय वर्मा,रामचंद्र मलिक,छोटो देवी ,सत्यवान,आर्यन ,लक्ष्य, गौरव,सोनू उपस्थित रहे

**पेड़ से जीवन**

एसएचओ ने पौधा लगाकर किया अभियान को शुरू और कहा की पेड़ों के बगैर धरती पर जीवन संभव नहीं

## ब्लॉक शहजादपुर में छाए बीडीएम जटवाड़ के खिलाड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** बी. डी. एम. स्कूल जटवाड के कोच संतोष अंबाला जी ने बताया की हमारी इव्ट स्कूल जटवाड की सिर्फ अंडर 17 और 19(लड़के) ने शहजादपुर खंड के जीएसएसएस भड़ोग में अपनी गहरी छाप छोड़ी जिसमे टीम गेम्स और एथलेटिक्स दोनो में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जीत हासिल की जिसमे अंडर 17 बॉयज कबड्डी में प्रथम रहे, अंडर 17 बॉयज खोखो में भी प्रथम रहे, अंडर 17 बॉयज फुटबॉल द्वितीय रहे, अंडर 17 बॉयज



वॉलीबॉल द्वितीय रहे, अंडर 19 बॉयज खोखो द्वितीय रहे, एथलेटिक्स ने अंडर 17 बॉयज 100मीटर में प्रथम और द्वितीय रहे, अंडर 17 बॉयज 200 मीटर में द्वितीय रहे, अंडर 19 बॉयज 100 मीटर में द्वितीय रहे, अंडर 19 बॉयज 200 मीटर में प्रथम रहे, अंडर 19 बॉयज 400 मीटर में तृतीय रहे, अंडर 19 बॉयज डिसकस थ्रो में प्रथम रहे, अंडर 17 बॉयज डिसकस थ्रो में तृतीय रहे, अंडर 17 बॉयज लॉन्ग जंप में द्वितीय व तृतीय रहे, अंडर 19 लॉन्ग जंप में द्वितीय रहे, अंडर 17 ट्रिपल जंप में द्वितीय रहे, अंडर 17 जैवलिन थ्रो में द्वितीय रहे व 19 में प्रथम रहे, कुश्ती में 42 किलोग्राम वर्ग में प्रथम व द्वितीय रहे, 50 किलोग्राम वर्ग में प्रथम व 65 किलोग्राम में भी प्रथम रहे। मैं संतोष कुमार खेल अध्यापक बीडीएम स्कूल जटवाड से बहुत अच्छा परिणाम आने पर बीडीएम स्कूल के हमारे एम. डी. सर श्री बलविंदर सिंह जी, मुख्याध्यापिका श्रीमती सीमा शर्मा जी का बहुत बहुत धन्यवाद करना चाहूंगा।

**जीत**

अपनी गहरी छाप छोड़ी जिसमे टीम गेम्स और एथलेटिक्स दोनो में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जीत हासिल की

## पुलिस की पाठशाला के माध्यम से आमजन को किया जा रहा जागरूक

**अवगत कराया**

नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों, साईबर अपराध से बचने के लिए जागरूक किया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से थाना नारायणगढ़ क्षेत्र बड़ी बस्सी सरकारी कन्या महाविद्यालय शहजादपुर में प्रबन्धक महिला पुलिस थाना नारायणगढ़ उप-निरीक्षक सुरेन्द्र कौर व अन्य पुलिस अधिकारियों ने पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/छात्राओं, शिक्षकों व आमजन को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, नशे की रोकथाम, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया गया। पुलिस की पाठशाला में लगभग 400 छात्र/छात्राओं व शिक्षकों ने भाग लिया। हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के दौरान उपस्थित छात्र/छात्राओं, शिक्षकों को पुलिस अधिकारियों ने महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, अपराधिक गतिविधियों/नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने, किसी भी अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति व नशा तस्कर की सूचना तुरन्त पुलिस को देने बारे जागरूक किया। इस दौरान छात्र/छात्राओं को कहा कि वह पढ़ाई में मन लगाकर अपने राष्ट्र व परिवार का नाम रोशन करें। कुसंगति से बचे क्योंकि बुरी संगत में पड़कर युवा बुरी आदतों का शिकार हो जाता है और अपना भविष्य अन्धकारमय बना लेते है।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं कि वह हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला राहगिरी, खेलकूद प्रतियोगिता व सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से थानाधिकार क्षेत्रों में महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, अपराधों व नशें की रोकथाम के लिए आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों व अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें और आमजन विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने, उसके दुष्परिणामों बारे जागरूक कर उन्हें खेलकूद प्रतियोगिता बारे प्रेरित करें जिससे समाज नशा व अपराध मुक्त हो सके।

## लेन ड्राईविंग की उल्लघंन करने पर काटे चालान



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे।
सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 26 अगस्त 2023 को 52 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 471 दिनों में 23932 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके।

**जुर्माना**

प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले

## दो घरों से चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात सहित लाखों रुपये की नकदी को किया चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मुरथल** क्षेत्र के गांव नांगल खुर्द में एक ही रात में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर सोने-चांदी के आभूषण व 1.90 लाख रुपये की चोरी कर लिये। एक परिवार घर पर ताला लगाकर बाहर गया था तो दूसरा अंदर ही सो रहा था। जब उन्हें चोरी का पता लगा तो पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी के मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नांगल खुर्द निवासी विपिन ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ 24 अगस्त को अपने भाई के पास दिल्ली के हर्ष विहार में गए थे। वह दिल्ली से वापस लौटे तो घर का सामान बिखरा मिला। जांच करने पर उन्हें पता लगा कि घर से सोने की झुमकी और मंगलसूत्र तथा एक लाख रुपये चोरी मिले। जिस पर उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे मामले में गांव नांगल खुर्द निवासी शिवराज ने बताया कि वह रात को परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात को चोर उनके घर में घुसकर सोने की चेन, चांदी का सामान व 90 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। जब वह सुबह उठे तो चोरी का पता लगा।

## घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना पुलिस ने घर से सामान व बर्तन चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित तरूण निवासी इंद्र कॉलोनी व मनीष निवासी खेवड़ का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। अंबेडकर कॉलोनी खेवड़ा निवासी सुनीता ने गत 21 अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि किसी ने गत 19 अगस्त को घर का ताला तोड़कर सरिया, गाटर, टीन की चादरें सहित सिल्वर के बर्तनों को चोरी कर लिया।

## 'अब महापुरुषों के चौकों पर होर्डिंग-पोस्टर ना लगाएंगे ना लगने देंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
रविवार सुबह 6 बजे सुभाष चौक सोनीपत पर सोनीपत प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन के सदस्यों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा व चौक को धोकर सफाई की व होर्डिंग बैनर पोस्टर आदि उतारे, प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन के सरंक्षक प्रवीण वर्मा व प्रधान कमल हसीजा ने बताया कि हमने जिला व्यापार मंडल के आह्वान पर सोनीपत नगर सुधार मंच के हर सप्ताह एक महापुरुषों के चौक व प्रतिमा को धोकर सफाई अभियान से प्रेरित होकर यह कार्य किया है और हसीजा ने बताया कि हमारी एसोसिएशन का जो भी सदस्य इन चौकों पर पोस्टर बैनर होर्डिंग



लगाएगा उस पर 5100 रुपए का जुमार्ना एसोसिएशन द्वारा किया जायेगा, सोनीपत नगर सुधार मंच के चेयरमैन संजय सिंगला व प्रधान सरदार मोहन सिंह मनोचा ने भी सफाई अभियान मे भाग लेते हुए एसोसिएशन के इस फैसले का स्वागत किया, संजय सिंगला ने बताया कि मंच द्वारा पिछले 8 साल से यह सफाई अभियान चलाया हुआ है। एसोसिएशन के इस निर्णय से अभियान को और गति मिलेगी इस मौके पर पहलवान हवा सिंह आंतील, मास्टर दिलबाग,कमल हसीजा, संदीप बत्रा, अशोक खत्री, दिनेश खन्ना, पवन बत्रा, विपिन ढींगरा, गौरव चावला, परमित आंतील, संदीप सरोहा, विनोद पालीवाल, पार्षद प्रतिनिधि संजीव वलेचा, ऋषिपाल, पवन कुमार, संजीव कुमार,शंकर, रविंद्र, दीपक,फायर अधिकारी सोमपाल व पवन आदि मौजूद रहे

**घोषणा**

पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए

## 'जल्द से जल्द कर्मचारियों की मांगों का समाधान करें सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हरियाणा** गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 कैम्प कार्यालय करनाल मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित मंच की जिला कमेटी सोनीपत की बैठक जिला मुख्यालय पब्लिक हेल्थ ब्रांच यूनियन कार्यालय नियर लघु सचिवालय जलघर प्रांगण सोनीपत में सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक हुई।
मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान विष्णु दत भारद्वाज एवं संचालन जिला सचिव रामप्रसाद ने किया। आज की जिला कमेटी की बैठक में विशेष रूप से हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के प्रदेश महासचिव मास्टर सूबे सिंह यादव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत शर्मा प्रदेश महासचिव इन्द्र सिंह सिंहाग प्रदेश



कोषाध्यक्ष बलराज सिंह राणा प्रदेश उपाध्यक्ष तेजपाल सिंह गुर्जर उपस्थित रहे। मंच के प्रदेश महासचिव सूबे सिंह यादव ने कहा कि मीटिंग में जल्द ही सभी ज़िलों के सभी संगठनों के साथ बैठक करके 12 सितम्बर को रोहतक में हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की संयुक्त बैठक की जाएगी जिसमें पीडब्ल्यूडी, आंगनबाड़ी आशा मिड डे मील क्रेच वर्कर ग्रामीण ट्यूबवेल आपरेटर ग्रामीण सफाई चौकीदार एजूसेट चौकीदार आदि संगठनों की केन्द्रीय कमेटी की संयुक्त बैठक की जाएगी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम उपायुक्त महोदय को ज्ञापन दिया जाएगा और इनकी मांगों का समर्थन किया जाएगा।
प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत शर्मा प्रदेश महासचिव इन्द्र सिंह सिंहाग ने बताया कि संगठन की सभी जिलों में दौरा करने के बाद 15 सितंबर को केन्द्रीय कमेटी की बैठक कुरुक्षेत्र में बुलाई गई है जिसमें सभी जिला कमेटियां भी बुलाई गई है। बैठक में सभी के विचार विमर्श के बाद कर्मचारियों की मांगों को पूरा करवाने को लेकर हरियाणा सरकार के खिलाफ आगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

**ज्ञापन**

कार्यकर्ता की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम उपायुक्त महोदय को ज्ञापन दिया जाएगा

## निर्धन सुदामा जी भगवान के परम भक्त थे: मोहन श्याम शर्मा

**भक्ति**

कथा व्यास मोहन श्याम शर्मा ने सुदामा का चरित्र का वर्णन किया। निर्धन सुदामा जी भगवान के परम भगत थे

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
गोहाना के देवी नगर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 7 दिनों से श्रीमद् भागवत कथा की अध्यक्षता मंदिर कमेटी व पुजारी श्री राधे श्याम शर्मा जी द्वारा किया जा रही है। कथा वाचक मोहन श्याम शर्मा से समाज सेवी एडवोकेट मनोज गोहाना ने आशीर्वाद प्राप्त किया।



कथा व्यास मोहन श्याम शर्मा ने सुदामा का चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि निर्धन सुदामा जी भगवान के परम भगत थे। उनके दुआरा दीये सुख और दुःख दोनो उन्हें प्रिय थे। क्यूँकि ये दोनो भगवान की देन हैं लेकिन ये आज का लोभी इन्सान सिर्फ.सुख की चाह में दूसरे का हक्क भी खांने से नहीं डरता । हमें चाहिये सच्ची मित्रता को समझे और दूसरे का हक खाने से बचे।

# पंचकूला अब बनेगा नशामुक्त हरियाणा का प्रतीक: सीएम

## राहगीरी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने की शिरकत और युवाओं की हौसला अफजाई, नशा छोड़ने, पर्यावरण संरक्षण, नो प्लास्टिक यूज का दिलाया संकल्प

**भागीदारी**

**देशभक्ति के रंग दे बसंती थीम के साथ राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पंचकूला के लोगों ने हजारों की संख्या में भागीदारी की**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/पंचकूला**
**खेलो** इंडिया यूथ गेम के सफल आयोजन के बाद शिवालिक की तलहटियों में बसा पंचकूला सांस्कृतिक व खेलों की पहचान बन चुका है और अब नशामुक्त हरियाणा का प्रतीक भी बनेगा। इस कड़ी में नशामुक्ति का संकल्प लेते हुए और देशभक्ति के रंग दे बसंती थीम के साथ राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पंचकूला के लोगों ने हजारों की संख्या में भागीदारी की। कार्यक्रम में महिलाओं, स्कूली बच्चों व प्रबुद्ध लोगों ने भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज करते हुए नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं सहित नो प्लास्टिक यूज का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए यह संकल्प दिलवाया। इस कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, मेयर कुलभूषण गोयल सहित कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने साइकिलिंग के साथ कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि हरियाणा पुलिस के सहयोग से राहगिरी कार्यक्रम शुरू किया गया था। पंचकूला में राहगिरी का यह उनका दूसरा कार्यक्रम है। कोविड-19 के कारण राहगिरी कार्यक्रम नहीं हो सका था अब यह कार्यक्रम नियमित चलेगा। आज पूरे प्रदेश के अलग-2 शहरों में राहगिरी का कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहगिरी जैसे कार्यक्रम हमें तनाव से मुक्त करते हुए स्वास्थ्य लाभ देते हैं। मन स्वस्थ रहेगा तो हर व्यक्ति ठीक रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी प्रकार का एक कार्यक्रम साइक्लोथॉन एक सितंबर से करनाल से आरंभ होगा। 25 दिन तक यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश से गुजरते हुए यमुनानगर में संपन्न होगा। राहगिरी कार्यक्रम का थीम ही इस वर्ष ह्यरंग दे बसंतीह्य रखा गया है जिसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को बल देना है। पंचकूला के लगभग सभी स्कूलों के विद्यार्थियों के हाथों में तिरंगा लेकर कार्यक्रम को खूबसूरत बनाया। मुख्यमंत्री भी स्वयं को नहीं रोक पाए और उन्होंने मंच पर ह्यरंग दे बसंती' गीत गाकर युवाओं की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि इस थीम का भाव देश के प्रति कर्त्तव्य निभाने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्कूल व कॉलेजों के विद्यार्थी अभी पढ़ाई कर रहे है और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। ह्यकुछ करेंगे तो बड़ा करेंगे' इसी लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इसमें माता-पिता, अध्यापक, समाज सभी का सहयोग होता है। कार्यक्रम में देशभक्ति व स्वास्थ्य लाभ संबंधी 37 स्टॉल लगाए गए थे। कई महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा अपने उत्पादों को प्रदर्शनी में दशार्या गया था। मुख्यमंत्री ने स्वयं रीयूजेबल बैग के स्टॉल पर जाकर लोगों को ह्यनो प्लास्टिक यूज' का संदेश दिया।

### मुख्यमंत्री मनोहर ने कार्यक्रम में स्वयं योगाभ्यास किया

**मुख्यमंत्री** ने कार्यक्रम में स्वयं योगाभ्यास किया और कई खेलों में बच्चों के साथ प्रतिभागिता करते हुए उन्हें भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चे मुख्यमंत्री मनोहर लाल को स्वयं के बीच पाकर खासे उत्साहित नजर आए और मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी व ग्रुप फोटो करवाने की होड़ देखने को मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से आज योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है और विश्व का हर देश अपने स्तर पर योग कर रहा है। योग हमे शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से स्वस्थ बनाता है। मुख्यमंत्री लगभग ढाई घंटे तक राहगिरी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर आमजन की सुविधा के लिए दो मंच लगाए गए थे। मुख्यमंत्री ने दोनो मंच पर शिरकत करते हुए जिलेवासियों को संबोधित किया। दोनों मंचों पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मशहूर सिंगर राहुल ने अपनी धमाकेदार प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में लोग उनके गानों पर जमकर थिरके।

**रंग दे बसंती के साथ साथ सड़क :** सुरक्षा का भी संदेश लोगों को दिया राहगिरी कार्यक्रम में रंग दे बसंती के साथ साथ सड़क सुरक्षा का भी संदेश लोगों को दिया गया। पंचकूला के तीन उभरते खिलाड़ी जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जगह बनाई है , ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और मुख्यमंत्री ने भी उनका मनोबल बढ़ाते हुए बच्चों को अपने कर कमलों से टीम राहगिरी की टी-शर्ट भेंट की। इन खिलाड़ियों में वियतनाम में आयोजित ताइक्वांडों में एशियन चैंपियनशिप में सिल्वर पदक विजेता आरनया ठाकुर, तजाकिस्तान में आयोजित एशियन मुक्केबाजी में चयनित निधि ढुल और वुशू जुनियर एशियन चैंपियनशिप में 7वां स्थान प्राप्त करने वाले अर्थव सक्सेना शामिल थे।

# नूंह को पुलिस ने किया सील, ब्रजमंडल यात्रा से एक दिन पहले जिले की सभी सीमाओं पर सख्ती

**पुलिस तैनात**

**हर वाहनों को कड़ी जांच के बाद ही एंट्री दी जा रही है। सोहना-नूंह टोल प्लाजा पर पुलिस तैनात**



**टीम एक्शन इंडिया/नूंह**
हरियाणा के नूंह में ब्रजमंडल यात्रा को लेकर पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। जिले को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। जगह-जगह पुलिस की नाकाबंदी है। नूंह की ओर आ रहे हर वाहनों को कड़ी जांच के बाद ही एंट्री दी जा रही है। सोहना-नूंह टोल प्लाजा पर पुलिस तैनात है और हर वाहन को रोककर तलाश ली जा रही है। नूंह जिले के पलवल, फरीदाबाद और दूसरे जिलों से लगते बॉर्डर पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। नूंह में 28 अगस्त को दोबारा ब्रजमंडल यात्रा निकालने के विश्व हिंदू परिषद के ऐलान के बाद जिले में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं पहले ही बंद की जा चुकी है। जिला प्रशास ने 28 अगस्त के लिए जिले के सभी शैक्षणिक संस्थान और बैंकों में भी छुट्?टी की घोषणा की है। हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 28 अगस्त को नूंह जिले में होने वाली डीएलएड की परीक्षा भी रद कर दी है। नूंह के डीसी ने जिले में धारा 144 को प्रभावी ढंग से लागू करने के आदेश दिए हैं। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को स्पष्ट आदेश दिए गए हैं कि ड्यूटी में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए और हर घटना को सजगता से लें। ब्रजमंडल यात्रा दोबारा निकालने के ऐलान को देखते हुए नूंह और आसपास के जिलों में सुरक्षा बल चौकन्ने हैं। फ्लैग मार्च निकाले जा रहे हैं। ब्रजमंडल यात्रा दोबारा निकालने के ऐलान को देखते हुए नूंह और आसपास के जिलों में सुरक्षा बल चौकन्ने हैं। फ्लैग मार्च निकाले जा रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के 28 अगस्त को ब्रजमंडल यात्रा निकाले जाने के ऐलान के बाद प्रशासन हाई अलर्ट हो गया है। नूंह से लेकर चंडीगढ़ तक जहां चर्चा व निर्देशों का दौर शुरू हो गया है, वही प्रशासन इस बार ऐसी कोई चूक नहीं करना चाहता, जिससे प्रशासन व सरकार पर उंगली उठे। इसको लेकर डीसी व एसपी पल-पल की अपडेट लेते हुए हर पहलू पर नजर रखे हुए हैं।

### नूंह को पुलिस छावनी में बदल दिया

**नूंह** को पुलिस छावनी में बदल दिया गया है। हर चौक चौराहे पर पुलिस खड़ी नजर आ रही है। जगह-जगह वाहनों की गहन चेकिंग की जा रही है, ताकि कोई बाहरी व्यक्ति यहां ना आ सके। किसी भी संदिग्ध या गलत व्यक्ति पर पूरी नजर है। पूरी रात भर चैकिंग चलती रही। रविवार को भी सुबह से ही पुलिस अलर्ट पर है। एसपी ने पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति बिना पूछताछ नहीं जाने दिया जाए।

**मुस्लिम समाज ने किया किनारा:** मुस्लिम समाज भी ब्रजमंडल यात्रा को देखते हुए पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने रविवार व सोमवार को ही नूंह में अपना आवागमन कम कर दिया। लोग घर पर ही हैं। काफी लोगों ने बातचीत में बताया कि वह अपने घर पर हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान चला रही मोदी सरकार'

**अभियान**

**शहीदों के घरों से जो यह पावन मिट्टी कलश के माध्यम से दिल्ली शहीदी पार्क में जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कमाल हुसैन**
**ग्राम नारायणा** में मेरी माटी मेरा देश के द्वारा शहीद चौधरी भुलेलाराम छौक्कर 1962 में चीन के साथ लड़ते हुए शहीद हो गया था। भाजपा महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने शहीदों के परिवार जनों और ग्राम वासियों को अपने संबोधन में कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जो हमारी मातृभूमि, भारत के प्रति देशभक्ति और श्रद्धा की भावना का प्रतीक है। हमारे बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और सैनिकों द्वारा दिए गए बलिदानों को याद करने और उनका सम्मान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया यह अभियान प्रत्येक नागरिक के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है।

जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान सिर्फ एक अभियान नहीं है; यह आज शहीदों के घरों से जो यह पावन मिट्टी कलश के माध्यम से दिल्ली शहीदी पार्क में जाएगी भविष्य में पार्क के बन जाने के बाद देश के लाखों लोग हर वर्ष वहां पर श्रद्धांजलि अर्पित करने जाएंगे जोकि इन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी

# नूंह यात्रा विवाद में कूदे भाकियू नेता टिकैत




**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**हरियाणा के** फतेहाबाद पहुंचे भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि जहां-जहां भाजपा सत्ता में नहीं है, वहां-वहां वह राज्यपालों के माध्यम से मौजूदा सरकारों पर दवाब बनाने का काम कर रही है। आपस में धर्म व जाति के नाम पर लड़वाने का काम कर रही है। ऐसे में विपक्ष को इसके प्रति एकजुट होने की आवश्यकता है। बोले कि धार्मिक यात्राएं निकलती हैं तो ट्रैक्टर यात्रा भी निकाल सकते हैं। राकेश टिकैत रविवार को पंजाब जाते समय कुछ देर के लिए फतेहाबाद के टोहाना में किसानों के पक्के मोर्चे पर रुके थे। यहां पहुंचने पर किसानों द्वारा उनका स्वागत किया गया। टिकैत ने यहां फसलों के एमएसपी पर फिर से बड़े आंदोलन की बात कही। राकेश टिकैत ने कहा कि धार्मिक यात्राएं यदि परम्परागत तरीके से निकलती हैं तो किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिये। लेकिन जब यह यात्राएं किसी उद्देश्य को लेकर निकलती हैं तो सरकार को अवश्य ही संज्ञान लेना चाहिये। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का इस बात के लिए आभार जताया कि नूंह में 28 अगस्त को कुछ हिंदू संगठनों की ओर से दोबारा ब्रजमंडल यात्रा निकालने के ऐलान के बाद उन्होंने तुरंत प्रशासनिक तंत्र को एक्टिव किया। उन्होंने कहा कि लोग शांति चाहते है, लेकिन पार्टियों का मकसद है कि झगड़े करवाए जाएं ताकि वोट बैंक में इजाफा हो। उन्होंने कहा कि संविधान में सभी को अधिकार मिले हैं कि वह कहीं भी पूजा करें। जबकि कई लोग गलत तरीके से झगड़ा-फसाद करवाकर धर्म व जाति के नाम आपस में लडवाने का काम करते हैं।

# जिला नूंह की 28 अगस्त को होने वाली डी.एल.एड. की परीक्षा स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध डी.एल.एड. (नियमित/रि-अपीयर/मर्सी चांस) प्रथम वर्ष परीक्षा जो जिला नूंह में 28 अगस्त, 2023 को संचालित होने वाली थी ,को स्थगित कर दिया गया है, शेष दिनों की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित तिथि पत्र अनुसार संचालित होगी। बोर्ड के प्रवक्ता ने बताया कि जिला नूंह में धारा-144 लागू होने व संवेदनशील हालातों को देखते हुए तथा 28 अगस्त, 2023 को स्कूल बंद होने के कारण हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा केवल जिला नूंह की 28 अगस्त को होने वाली डी.एल.एड. परीक्षा को स्थगित करने का फैसला लिया गया है। यह परीक्षा 04 सितम्बर, 2023 को पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होगी। उन्होंने आगे बताया कि परीक्षा तिथि में किसी भी प्रकार के बदलाव बारे संबंधित परीक्षार्थी/छात्र-अध्यापक व अभिभावक गण समय-समय पर बोर्ड अधिकारिक वेबसाईट पर विजिट करें।

**नूह में सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थान तथा बैंक 28 अगस्त को बंद रहेंगे:** नूह के उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि जिला में कुछ संगठनों द्वारा 28 अगस्त को ब्रजमंडल की धार्मिक यात्रा के आह्वान के मद्देनजर जिला के सभी सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थान व बैंक 28 अगस्त को बंद रहेंगे।

# 'भिवानी से चौटाला परिवार लड़ेगा लोकसभा चुनाव'



**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
**हरियाणा** में भिवानी पहुंचे जननायक जनता पार्टी (जेजेजपी) के संस्थापक डॉ. अजय चौटाला ने ऐलान किया है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भिवानी सीट से या तो वह खुद चुनाव लड़ेंगे या फिर उनके परिवार से दिग्विजय चौटाला इसमें उतरेंगे। अजय चौटाला ने बीजेपी के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेन्द्र सिंह और हिसार से उनके सांसद बेटे बृजेंद्र सिंह पर कटाक्ष किया। अजय ने दावा किया कि हरियाणा में जजपा और भाजपा मिलकर चुनाव लड़ेंगी। डॉ. अजय चौटाला रविवार को अपने समर्थक चौधरी रतिराम नंबरदार के निधन पर शोक प्रकट करने उनके घर पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने देवीलाल सदन में अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। पत्रकारों से बातचीत में अजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव बीजेपी के साथ मिलकर लड़ेगी। खुद पीएम नरेंद्र मोदी घोषणा कर चुके हैं कि जेजेपी एनडीए का हिस्सा है। साथ ही कहा कि कानूनी अड़चन नहीं आई तो वे खुद भिवानी महेन्द्रगढ सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। अड़चन आई तो दिग्विजय चौटाला को भिवानी से उतारा जाएगा।

वहीं पूर्व केन्द्रीय मंत्री बीरेन्द्र सिंह व उनके परिवार के आरोपों पर अजय चौटाला ने कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि बीरेन्द्र सिंह सठिया गए हैं और उनके सांसद बेटे बृजेन्द्र सिंह को कोई जानता नहीं। आज भी हिसार लोकसभा क्षेत्र के लोग हिसार से दुष्यंत को सांसद मानते हैं।

# तैयारी: गुरुग्राम-फरीदाबाद में बनेगी रैपिड एक्शन फोर्स

**नूंह हिंसा के बाद फैसला; 8 कंपनियों की तैयारी, पुलिसकर्मियों को ही किया जाएगा ट्रेंड**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के नूंह में 31 जुलाई को भड़की हिंसा के बाद अब गुरुग्राम और फरीदाबाद अपनी रैपिड एक्शन फोर्स बनाएंगे। दोनों जिलों के पुलिस कमिश्नरों ने दंगों पर नियंत्रण के लिए यह फैसला किया है। इन जिलों में ऐसी विषम स्थिति से निपटने के लिए 8 आरएएफ कंपनियां तैयार की जाएंगी। इसके लिए पुलिसकर्मियों को शामिल किया जाएगा। उन्हें विशेष ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

गुरुग्राम सीपी विकास अरोड़ा का कहना है कि जिले में 5 कंपनियां होंगी, एक मुख्यालय में और अन्य चार अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात होंगी। जिले के पुलिसकर्मी ही इन कंपनियों का हिस्सा होंगे, लेकिन दंगों जैसी स्थितियों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष तरीके से प्रशिक्षित होंगे। सामान्य दिनों में वे नियमित कार्य करेंगे और संकट के समय वे रूप में कार्य करेंगे। एक महीने के भीतर सभी उपकरणों के साथ तैयार हो जाएंगे। इसी तरह, फरीदाबाद में 3 ऐसी कंपनियों का गठन किया जाएगा, जिनका नेतृत्व करेंगे।

**हाईटेक तकनीक से लैस होंगे जवान:** कंपनियों में 25 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल होंगे, जिनमें से प्रत्येक को आरएएफ के उन हिस्सों की तरह विशेष तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में स्थिति सामान्य है, लेकिन आने वाले संकटों के लिए तैयारी अभी से जरूरी है। फरीदाबाद के सीपी राकेश कुमार आर्य ने हेट स्पीच देने वालों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि हिंसा अब सांप्रदायिक प्रकृति की नहीं है, बल्कि उपद्रवियों का काम है।

**नूंह में अब तक 292 लोग गिरफ्तार:** नूंह में ब्रजमंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसा में अब तक 61 एफआईआर दर्ज की गई हैं। जिनमें 292 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके अलावा पुलिस ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले 12 लोगों पर केस दर्ज कर एक को गिरफ्तार किया है। नूंह के नरेंद्र बिजारणिया ने कहा कि जिले में अफवाह फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

## श्रम मंत्री अनूप धानक ने सुनी जनसमस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**
हरियाणा के श्रम मंत्री अनूप धानक ने कहा है कि हिसार जिला के उकलाना विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। गत 4 वर्षों से वे निरंतर इसी संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं।

इस क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं और अनेक नए कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं जिन पर जल्द ही कार्य आरंभ करवाया जाएगा श्रम मंत्री ने हिसार जिला के गांव किरमारा में लोगों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही।

# सभ्य समाज के निर्माण में कवियों की विशेष भूमिका होती है: डीजीपी मिश्रा

**रचनाएं**

**बुराइओ को मिटाने के साथ भारतीय संस्कृति को बचाने का भी काम किया है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा पुलिस हाउसिंग के महानिदेशक डॉ आर सी मिश्रा ने कहा कि कवि समाज के दर्पण होते हैं, वे अपनी रचनाओं से समाज को आइना दिखाने के साथ-साथ सही राह पर लेकर जाते हैं। सभ्य समाज के निर्माण में कवियों की विशेष भूमिका होती है। अपनी रचनाओं से कवियों ने समाज में व्याप्त विभिन्न प्रकार की बुराइओ को मिटाने के साथ भारतीय संस्कृति को बचाने का भी काम किया है। सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद की तरह ही महान गंधर्व कवि स्वर्गीय पंडित नंदलाल का भी नाम उन कवियों में शामिल है जिन्होंने अपनी रचनाओं से समाज को सही दिशा देने का काम किया है। डॉ मिश्रा रविवार को भिवानी जिला के गांव पत्थरवाली में गंधर्व कवि पंडित नंदलाल की प्रतिमा स्थापना के 13वें वार्षिक गायन समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ आर सी मिश्रा ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए नई पीढ़ी में संस्कार, संस्कृति और ज्ञान का होना जरूरी है जो केवल शिक्षा से आता है। उन्होंने कहा कि साहित्य, कला और संगीत के बिना मनुष्य बिना सींग व पूंछ वाले पशु के समान है। जिस प्रकार सींग और पूंछ पशु का आभूषण होता है उसी प्रकार ज्ञान मनुष्य का आभूषण होता हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंडित लख्मीचंद फॉक फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं रिटायर्ड एचसीएस अधिकारी आरसी शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

# 'कलायत विधानसभा क्षेत्र की किठाना-राजौन्द सड़क निर्मा□ से हजारों नागरिकों को होगा लाभ'

## आमजन का आवागमन बेहतर हो इसके लिए निरंतर सड़कों के सुधार पर दिया जा रहा है ध्यान



**सुधार**

**कलायत हलके में आमजन का आवागमन बेहतर हो, इसके लिए निरंतर सड़कों के सुधार पर ध्यान दिया जा रहा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि किठाना-राजौन्द सड़क के निर्माण से आसपास के आधा दर्जन गांवों के हजारों नागरिकों को लाभ होगा। कलायत हलके में आमजन का आवागमन बेहतर हो, इसके लिए निरंतर सड़कों के सुधार पर ध्यान दिया जा रहा है। वर्तमान में निमार्णाधीन 10 सड़कों को अगले एक महीने व तीन सड़कों को अगले दो महीने में पूरा कर लिया जाएगा। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कलायत हल्के के गांव प्योदा में हरसोला तक 1 करोड़ 39 लाख 75 हजार रुपये की लागत से बनने वाली 4 किलोमीटर सडक, गांव किठाना में राजौन्द तक 8 करोड़ 93 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 9.80 किलोमीटर सड़क व गांव फरियाबाद से संतोख माजरा तक 1 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 2.10 किलोमीटर सड़क के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर शिलान्यास किया। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि कलायत हलके में सड़कों में सुधार को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा मंजूर किए गए 25 करोड़ रुपये की राशि से 16 सड़कों का निर्माण करवाया जा रहा है, ताकि आमजन को आवागमन में सुविधा हो। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि निमार्णाधीन 10 सड़कों का निर्माण अगले एक महीने की अवधि में तथा शेष तीन सड़कों का निर्माण अगले दो महीने में पूरा किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र इनका लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि किठाना से राजौंद के बीच सड़क की स्थिति बहुत जर्जर थी, लेकिन अब इस सड़क का निर्माण होने से हजारों लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी।

राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा सड़कों के सुधार को लेकर तेजी से काम किया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### हार्डवेयर एव प्लाइवुड एसोसिएशन ने पूर्व विधायक के समक्ष रखी समस्याएं



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** करनाल हार्डवेयर एंड प्लाईवुड एसोसिएशन की बैठक एक स्थानीय होटल में हुई, जिसमें शहर के हार्डवेयर से जुड़े सभी व्यपारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायकक सुमिता सिंह ने शिरकत की। हार्डवेयर एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने सुमिता सिंह का स्वागत किया। सभी व्यापारियों ने मिलकर सुमिता सिंह को व्यापार में आ रही समस्याओं से अवगत करवाया, जिस पर पूर्व विधायक ने बताया कि कांग्रेस सरकार आने पर इन सभी समस्याओं का हल करवाया जाएगा। हार्डवेयर एसोसिएशन के प्रधान राजना अरोडा ने हार्डवेयर एसोसिएशन के सदस्यों के सर्टिफिकेट सुमिता सिंह के हाथों से वितरित करवाए। कार्यक्रम के अंत में हार्डवेयर के सभी सदस्यों द्वारा सुमिता सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन का ज्ञान होना जरूरी '

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला करनाल के खण्ड़ नीलोखेड़ी में रविवार को एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया व हरियाणा राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन नीलोखेड़ी द्वारा महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को वित्तीय सशक्तिकरण के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर विधायक नीलोखेड़ी धर्मपाल गोन्दर, बीडीपीओ नीलोखेड़ी नरेन्द्र कुमार एवं कार्यक्रम अध्यक्ष व एचएसआरएलएम के डीपीएम गुरमीत सिंह तथा ऐम्फी के मुख्य सलाहकार सूर्यकान्त शर्मा एवं डॉ. जयपाल जिन्दल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम में विधायक नीलोखेड़ी धर्मपाल गोन्दर ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की और अपने संबोधन में कहा कि आज के समय मे महिलाए दोहरी जिम्मेदारी निभा रही है। घर संभालने के साथ रोजगार भी करती है, जिससे आज के समय में मध्यम व निम्न वर्गीय परिवारों को आजीविका चलाने में बडी मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रबंधन हर परिवार के लिए एक अहम कार्य है, जिसमें निपुण होकर हम आने वाले समय में बडे लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। आज के समय में की गई छोटी-छोटी बचत भविष्य में बडी धनराशि अर्जित करने में मदद करती है। म्यूचुअल फंड में निवेश भी बचत करने का अच्छा तरीका है। परन्तु इसमें निवेश से पहले सभी पहलू जानने जरूरी है।



कार्यक्रम में एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया के मुख्य सलाहकार एवं मुख्य वक्ता सूर्यकांत शर्मा ने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे अटल पेन्शन योजना, सुकन्या योजना एवं जन धन योजना के बारे में जानकारी दी और समझाया की कैसे इन योजनाओं के माध्यम से वे लाभ उठा सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस महामारी के समय ये योजनाएँ और भी लाभकारी सिद्ध हो रही है और समझाया कि हम सबको अपनी वित्तीय स्थिति एवं लक्ष्यों को ध्यान में रखकर ही निवेश करना चाहिए। उन्होनें विभिन्न उदाहरणों के द्वारा महिलाओ को बचत और निवेश के बारे में समझाया और दोनों के बीच का अन्तर भी बताया। उन्होंने मुच्यल फण्ड के विषय में विस्तार से समझाया और बताया आम निवेशक इनमें निवेश कर कर कैसे लाभान्वित हो सकते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने अपने उद्बोधन में महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण, स्वरोजगार, परिवार एवं समाज को आत्मनिर्भर बनाने में सहकारिता की उपयोगिता बारे विस्तार से बताया। डॉ. जयपाल जिन्दल ने समझाया कि महिला शिक्षा के माध्यम से परिवार एवं देश प्रगति के पथ बढ़ेगा। उन्होंने ने अपने संबोधन में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए ऐम्फी की प्रशंसा एवं धन्यवाद किया। महिलाओं को वर्तमान समय में हो रहे वित्तीय छल-कपट से सावधान रहने की अपील की और विभिन्न प्रकार की फ्राड स्कीमों के बारे में समझाया कि कैसे इन स्कीमों में निवेश करने से हमारी मेहनत की कमाई लुट जाती है। जरूरी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस कार्यक्रम में बचत करने और सही जगह निवेश करने के लिए भी प्रेरित किया। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की नीलोखेड़ी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक कविता ने महिलाओं को हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे मे जानकारी दी। उन्होने कहा कि कार्यक्रम में सांझा की गई जानकारी सभी के लिए लाभदायक सिद्ध होगी। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ दे कर एवं शाल ओढाकर स्वागत तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**जागरूक किया**

▶▶ विभिन्न प्रकार की फ्राड स्कीमों के बारे में समझाया कि कैसे इन स्कीमों में निवेश करने से हमारी मेहनत की कमाई लुट जाती है

## जुआ खेलते 5 आरोपी काबू; दाव पर लगी 54100 की नगदी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन** पानीपत सीआईए वन पुलिस ने गश्त के दौरान मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर जुआ खेल रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। मौके पर आरोपियों के कब्जे से एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 54100 रूपए की नगदी बरामद हुई। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा जुआ सट्टा खाईवाली समेत अवैध धंधों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। इसी क्रम के सीआईए वन की टीम शनिवार को गश्त के दौरान कुटानी रोड वर्मा चौक पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की दलबीर नगर में खाली प्लाट की दिवार की आड में बैठकर ताश के पत्तों पर पैसे दाव पर लगाकर जुआ खेल रहे है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी तो प्लाट में पाच युवक जुआ खेलते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने जूआ खेल रहे सभी आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 54100 रूपए की नगदी बरामद की। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान सतीश पुत्र रमेश निवासी खजुर नगर, कफील पुत्र इस्माईल निवासी गोसली मोहल्ला, ओमप्रकाश पुत्र खुबी राम निवासी जगदीश नगर, हरिचंद पुत्र रेशमलाल निवासी राकेश कॉलोनी, विपिन पुत्र नरेश निवासी दलबीर नगर के रूप में हुई।

## सुमिता ने दिया जन मिलन कार्यक्रम में पहुंचने का न्योता

**आमंत्रण**

▶▶ बीजेपी को हर साल दो करोड़ नौकरियां देने के उसके वायदे की याद दिलाई और निशाना साधा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कांग्रेस की पूर्व विधायक सुमिता सिंह जन मिलन कार्यक्रम का न्योता देने अल्फा सिटी में पहुंची, जहां उन्होंने बताया कि 10 सितंबर को करनाल के एसबीएस मॉडर्न स्कूल रेलवे रोड में शाम 4 बजे जन मिलन का कार्यक्रम होगा, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा शिरकत करेंगे। वह लोगों की समस्याओं और शिकायतों को सुनेंगे।
लोगों को कार्यक्रम का न्योता देने के लिए पूर्व विधायक सुमिता सिंह लगातार विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रही है। उन्होंने मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा हरियाणा सरकार से प्रदेश की जनता तंग हो चुकी है। क्राइम, धर्म और जातिवाद के मुद्दों में हरियाणा प्रदेश नंबर वन हो गया है। सुमिता सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा जन समस्याओं का हल करवाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होने कहाकि करनाल में होने वाला जन मिलन कार्यक्रम अपनी एकता का परिचय देते हुए इतिहास रचेगा। लोग अपनी समस्याओं को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समक्ष रख सकेंगे। बेरोजगारी के मुद्दे पर कहा कि राज्य के युवाओं के लिए यह सरकार अभिशाप साबित हुई है। हरियाणा में बेरोजगारी दर सबसे अधिक है, जबकि विभिन्न सरकारी विभागों में कई पद खाली पड़े हैं। जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी की सरकार काम कर रही है, उससे ऐसा लग रहा है कि राज्य में सब कुछ ठहर सा गया है। सुमिता सिंह ने बीजेपी को हर साल दो करोड़ नौकरियां देने के उसके वायदे की याद दिलाई और आरोप लगाया कि केंद्र की सरकार सिर्फ नारे देने में माहिर है।

## रोलर हॉकी फेडरेशन कप में हरियाणा ने हासिल की शानदार जीत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जम्मू एवं** कश्मीर में आयोजित रोलर हॉकी फेडरेशन कप में हरियाणा ने शानदार जीत हासिल की है। 24 अगस्त से 27 अगस्त तक आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में हरियाणा ने फाइनल में चंडीगढ़ को 5-3 से हराते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। हरियाणा रोलर स्केटिंग टीम के कप्तान एवं पंचायत विभाग में बीडीपीओ गुरमुल्क सिंह ने टीम की जीत का श्रेय हरियाणा रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित अग्रवाल को देते हुए कहा कि यह सब शीर्ष मार्गदर्शन व टीम के सभी सदस्यों की मेहनत के कारण संभव हो पाया है। डॉ अमित अग्रवाल ने भी टीम को जीत के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है। हरियाणा रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी जितेंद्र ढींगरा ने भी इस जीत पर टीम को बधाई देते हुए कहा है कि यह हरियाणा वासियों के लिए गर्व की बात है।



## 'निरोगी हरियाणा योजना में सहुलियत के अनुसार दी जा रही हैं स्वास्थ्य सेवाएं'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त** अनीश यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा निरोगी हरियाणा योजना की शुरूआत की गई है। इसके अंतर्गत राज्य में रहने वाले का बिल्कुल मुफ्त में मेडिकल चेकअप किया जा रहा है, ताकि नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच समय-समय पर हो और किसी भी गंभीर बीमारी के बारे पता चलने पर मरीज को समय पर इलाज मिल सकें। उसके लिए एक भी पैसा आपको देने की जरूरत नहीं है और ना ही आपको हॉस्पिटल के चक्कर लगाने की जरूरत है।

## 'डेंगू सहित अन्य बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतें'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** डीसी अनीश यादव ने जिला के नागरिकों से गर्मी के मौसम में डेंगू सहित अन्य बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतने की सलाह दी है। डेंगू से बचाव लिए सतर्कता व जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन को डेंगू से बचाव बारे सचेत व जागरूक किया जा रहा है। डेंगू की रोकथाम के लिए जन समुदाय की सहभागिता बेहद जरूरी है। डीसी ने बताया कि मच्छर प्रजनन स्थलों को चिह्नित कर तथा मच्छर प्रजनन रोकने के उपायों के बारे में आम जनता को जागरूक किया जा रहा है।
नागरिकों को पानी की टंकी तथा घरों के पानी के बर्तनों को ढक कर रखने, दिन में मच्छरों के काटने से बचाव को लेकर व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी जा रही है।

**हर संडे मनाएं ड्राई डे : डीसी**

डीसी ने आमजन से आह्वान किया कि वे प्रत्येक रविवार को अपने घर में ड्राई डे के तौर पर मनाएं व सभी पानी के बर्तनों, कूलर, टंकी, फ्रिज ट्रे, गमलों इत्यादि को खाली करके सुखाएं ताकि मच्छर के अंडे व लार्वा मर जाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि डेंगू रोकने के लिए घरों के आस-पास गड्ढे को मिट्टी से भरवा दें, पूरी बाजू के वस्त्र पहने, मच्छर रोधी दवा या क्रीम का उपयोग करें। कीटनाशक दवाई से उपचारित मच्छरदानी का उपयोग करें, छतों पर रखी पानी की टंकियों को ढक्कन लगाकर बंद रखें, बुखार आने पर डॉक्टर की सलाह अवश्य लें। इनमें से कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त अपने नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में खून की जांच करवाएं।
चिकित्सक की सलाह से ही दवा लें, स्वयं से दवा का सेवन न करें।

**डेंगू के लक्षण एवं बचाव के उपाय : सीएमओ**

सीएमओ विनोद कमल ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है, जिससे बचाव जरूरी है। उन्होंने बताया कि यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द हो तो सतर्क हो जाएं। त्वचा पर लाल धब्बे या चकत्ते का निशान, नाक-मसूड़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्त्राव होना डेंगू के लक्षण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तत्काल अस्पताल जाएं और अपना इलाज करवाएं।
उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को पहले डेंगू हो चुका है तो उसे ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे व्यक्ति दोबारा डेंगू बुखार की आशंका होने पर सरकारी अस्पताल या फिर डॉक्टर से संपर्क करें।

## सरकारी व अर्ध सरकारी ड्राईवर एसोसिएशन का हुआ चुनाव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। रविवार** को सरकारी व अर्ध सरकारी ड्राईवर एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव के लिए स्थानीय पंचायत भवन में आम सभा आयोजित की गई। आम सभा के आह्वान करने का उद्देश्य कार्यकारिणी चुनाव करना रहा। आम सभा सदस्यों ने 7 सदस्यों की कमेटी चुनी। इस कमेटी द्वारा आम सदस्यों का नाम चिन्हित करवाया गया। विभिन्न विभागों के 16 सदस्यों को चुनते हुए नई कार्यकारिणी का निर्माण किया गया। एसोसिएशन के गठन के लिए 7 सदस्यों कमेटी में सुशील गुज्जर प्रधान सर्व कर्मचारी संघ करनाल, राजेश डाबरा कर्मचारी नेता कल्पना चावला मैडिकल कॉलेज करनाल, राजेश राठी पुर्व प्रधान सरकारी अर्ध सरकारी चालक संघ, नवाब सिंह चालक पब्लिक हैल्थ करनाल, नरेश भारद्वाज सेवा निवृत चालक सीटीएम करनाल, इश्वर सिंह सेवा निवृत चालक पीडब्लूडी विभाग करनाल, नरेश फोजी चालक सिंचाई विभाग करनाल को चुना गया। इस 7 सदस्य कमेटी ने आम सभा से 16 सदस्यों के नाम लिये। इन 16 सदस्यों को विचार विमर्श के बाद आम सभा ने सर्वसमिति से कार्यकारिणी चुनाव किया तथा एक पद रिक्त रखा गया है, जो कि कार्यकारिणी सभा में भरा जाएगा।



सरकारी व अर्ध सरकारी ड्राईवर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी में प्रधान दिनेश कुमार सिंचाई विभाग, वरिष्ठ प्रधान रमेश कुमार पीडब्लू डी, उप-प्रधान रघुबीर ढूल मार्किटिंग बोर्ड, उप-प्रधान सुरेश नरवाल एंबुलेंस सचिव, सचिव कृष्ण कुमार कल्पना चावला मैडिकल कॉलेज करनाल, संगठन सचिव सुभाष पीडब्लूडी, सह-सचिव सुखबीर कृषि विभाग, प्रेस सचिव विजय कुमार लोक सम्पर्क विभाग, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार पांचाल उपायुक्त कार्यालय करनाल तथा ऑडिटर सुखवीर मलिक मार्किटिंग बोर्ड को चुना गया है।

## '10 साल पुराने आधार कार्ड को 14 सितंबर तक नि:शुल्क करवाएं अपडेट'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त अनीश यादव ने जिलावासियों का आह्वद्दान किया कि जिन लोगों के आधार कार्ड आठ से दस साल पहले बने थे वे सभी तुंरत अपने आधार कार्ड को अपडेट करवाएं ताकि भविष्य में उन्हें कोई परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि सरकार ने आधार को अपडेट करवाने की समयसीमा को बढ़ाकर 14 सितंबर कर दिया है। अब 14 सितंबर तक लोग स्वयं आधार को निशुल्क अपडेट करवा सकते हैं। उपायुक्त ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने 10 साल पुराने आधार को अपडेट करवाएं। आधार को अपडेट करवाने से व्यक्ति को अनेक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इनमें आधार के संग वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना से राशन लेना आसान होगा, देश में किसी भी डिपो से राशन ले सकेगा। आधार के माध्यम से बैंक खाता खुलवाना आसान होगा, लाभार्थियों को आसानी से लगभग एक हजार डिजिटल सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। सिम कार्ड लेना, आधार से स्कॉलरशिप पाना, इनकम टैक्स रिटर्न करवाना तथा आधार से गुमशुदा लोगों को उनके परिवारजनों से मिलवाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत या सुझाव के लिए 1947 डायल करें या पर मेल करें।

## विधायक मोहनलाल ने किया एसएम हिन्दू स्कूल में बास्केटबाल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,** विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने रविवार को एसएम हिन्दू सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय स्कूल बास्केटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी खिलाडि?ीं का उत्साह बढाते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में खेलना उनके लिए बहुत ही सुनहरा मौका है इसलिए पूरी ईमानदारी व अनुशासन के साथ अच्छे खेल का प्रदर्शन करें। विधायक ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता ही एक खिलाड़ी का महान बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। इसलिए सभी खिलाड़ी अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए जीवन में सभी खिलाड़ी आगे बढें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को खेल क्रियाओं में भी मेहनत करनी चाहिए क्योंकि इससे विद्यार्थी का मानसिक व शारीरिक विकास होता है जो उसके लिए जीवन में आगे बढने के लिए सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विधायक ने कहा कि खेल-कूद करने से विद्यार्थी का मानसिक तनाव दूर होता है, स्वस्थ रहने में हमें मदद मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि अपनी अन्दर छुपी प्रतिभाओं को छुपाएं नहीं सदैव प्रतियोगिताओं में भाग ले।



# संपादकीय

## अमेरिका, रूस और चीन के आपसी टकराव

**अमेरिका** ने चीन और ताइवान के संबंधों को लेकर ताइवान का खुलकर साथ देने की बात कही जिससे चीन ने आक्रामक होकर इसे अपने अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप कहां है और कहा है कि यदि हमारे अंदरूनी मामले में कोई हस्तक्षेप करेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरी तरफ यूक्रेन को लेकर रूस अब बहुत संवेदनशील और आक्रामक हो गया है' यूक्रेन से रूस ने अब निर्णायक पारी खेलने का मन बना लिया है' इस तरह अमेरिका यूक्रेन तथा ताइवान को साथ देने के चक्कर में रूस और चीन से सीधा-सीधा टकराने के मूड में आ गया है। यह अलग मुद्दा है की सांडो की लड़ाई में खेतों की मेढ़ बरबाद जरूर होती हैं। इन तीनों महा बलियों की लड़ाई में अन्य पड़ोसी देशों की शांती भंग हो सकती है। दूसरी तरफ अमेरिकी प्रशासन पूरी तरह से यूक्रेन का साथ देने की कटिबद्ध है, एवं पूर्वी यूरोप में अमेरिकी राष्ट्रपति एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुस पर दबाव डालने के लिए सैन्य बल भेजने की बात कही है' अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस वार्ता के हवाले अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस ने सीमा के आसपास बड़ी संख्या में सैन्य जमवाड़ा कर चुका है, एवं रूसी बलों को तैनात किया है' जबकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास अन्य सैन्य बल तथा बातचीत के जरिए का विकल्प भी मौजूद है' वर्तमान की परिस्थितियों में यूक्रेन की सीमा पर लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से कहा कि रूस फरवरी या मार्च के प्रथम सप्ताह तक बड़ा हमला कर सकता है' व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता एमिली होर्न ने बताया की अमेरिकी राष्ट्रपति ने आशंका जताई है कि रूस फरवरी में यूक्रेन पर सैन्य आक्रमण कर सकता है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लाएड ऑस्टिन ने कहा कि हमारा मानना है कि यूक्रेन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यह अंतिम फैसला नहीं है, जबकि उनके पास कई विकल्प खुले हुए हैं। यूक्रेन पर हमला करने की निसंदेह रूस के पास संपूर्ण क्षमताएं हैं। अमरीकी प्रशासन राष्ट्रपति रक्षा मंत्री ने पुतिन से यूक्रेन पर तनाव कम करने की अपील भी की है। रूस ने कहा है कि वार्ता के द्वारा भी खुले हुए यदि यूक्रेन अपनी हठधर्मिता से पीछे हटता है तो रूस वार्ता के माध्यम से एक मध्य मार्ग के बारे में विचार कर सकता है। पर यूक्रेन अपनी तीनों शर्तों पर अड़ा हुआ वह क्रीमिया महाद्वीप को वापस लेना चाहता है और नाटो की सदस्यता भी चाहता है, रूस द्वारा पाइप लाइन बिछाकर उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर करना चाहता हैं जिसे वह कभी बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं रहेगा। स्पष्ट है कि इस मामले में अमेरिका,ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देश यूक्रेन के साथ साथ कंधे से कंधा मिलाकर सैन्य बल की मदद करने को तैयार है। रूस के पास अब सैन्य बलों द्वारा यूक्रेन पर चढ़ाई करने के अलावा कोई मार्ग शेष नहीं रह जाता है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति की यह आशंका कि रूस यूक्रेन पर फरवरी एवं मार्च के प्रथम सप्ताह में बड़ा हमला कर सकता है निर्मूल नहीं है। अमेरिका ने निर्णय लिया है कि वह पूर्वी यूरोप के सीमा पर एक बड़ा सैन्य बल रूस को टक्कर देने के लिए भेजेगा ।संभवत यह रूस पर दबाव डालने के लिए एक कूटनीतिक घोषणा एवं चाल हो सकती है।

# ब्रिक्स का बढ़ता कारवां और भारत

प्रेम शर्मा

> भारत और चीन की स्थिति उद्योग, विनिर्माण और सेवाओं के आपूर्ति के मामले में काफी मजबूत है और भविष्य में इसमें और मजबूती आएगी। वहीं कच्चे माल को लेकर रूस और ब्राजील का भविष्य उज्ज्वल है। साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में आखिर इसके विस्तार का फैसला हो गया। फैसले के मुताबिक पांच देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका- के इस संगठन में अगले साल 1 जनवरी को छह नए सदस्य- अर्जेंटीना, इजिप्ट, ईरान, इथियोपिया, सऊदी अरब और यूएई- जुड़ जाएंगे। वैसे ब्रिक्स के विस्तार पर चर्चा काफी पहले से हो रही है। 2009 में इस संगठन के अस्तित्व में आने के एक साल बाद यानी 2010 में ही इसमें साउथ अफ्रीका को जोड़ लिया गया

**ब्रिक्स में** शामिल पांचों देश दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। हालाकि चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है। जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। दक्षिण अफ्रीका में जो ब्रिक्स का समिट हुआ, वह काफी सफल रहा है। भारत हमेशा से ही इसके विस्तार की बात करता रहा है। इसके लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार कह चुके है कि भारत विस्तार के विरोध में नहीं है। भारत सिर्फ.ये चाहता है कि विस्तार से जुड़े हर पहलू पर सदस्य देशों के बीच विचारों का आदान-प्रदान हो और सहमति बनने से पहले सबकी चिंताओं और कूटनीतिक पहलुओं को महत्व दिया जाए। ब्रिक्स के सदस्य विस्तार के मानकों, मानदंडों और प्रक्रियाओं के साथ ही मार्गदर्शक सिद्धांतों को निर्धारित करने के लिए आपस में अलग-अलग तरीकों से बात कर रहे हैं। विस्तार से कई पहलू जुड़े हैं। भारत का फोकस इस पर है। भारत का कहना है कि जो मौजूदा सदस्य है, उनके बीच के आपसी सहयोग को भी विस्तार के बारे में कोई भी सिद्धांत बनाने में सोचना होगा। एक और महत्वपूर्ण मुद्दा है. इस समूह के देशों का गैर ब्रिक्स देशों को लेकर कैसा रवैया रहा है या जुड़ाव रहा है। ब्रिक्स के संभावित विस्तार के प्रारूप में किसी देश के निजी हितों को प्राथमिकता न मिले, भारत का मुख्य जोर इस पर है। भारत बस यहीं चाहता है कि विस्तार में किसी भी देश का व्यक्तिगत एजेंडा स्वीकार नहीं किया जाएगा और भारत की इस मंशा से विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही सदस्य देशों को अवगत करा चुके हैं। उस वक्त भारत के पक्ष का समर्थन करते हुए मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने भी स्पष्ट किया था कि विस्तार को लेकर जब तक कोई उपयोगी दस्तावेज या प्रक्रिया पर सर्वसम्मति नहीं बन जाती है, तब तक इस दिशा में आगे नहीं बढ़ जाएगा। जून में विदेश मंत्रियों की बैठक में दक्षिण अफ्रीका ने कहा भी था कि सालाना शिखर सम्मेलन तक विस्तार से जुड़ी कोई प्रक्रिया या नीति तैयार हो जाती है, तो फिर उस पर विचार किया जाएगा। इस मसले पर ब्राजील भी भारत की बातों का पुरजोर समर्थन करते आया है। ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा कह चुके हैं कि ब्रिक्स ब्रांड बन



चुका है और ये सदस्य देशों की एक बड़ी संपत्ति है। इस वजह से ब्राजील भी चाहता है कि संभावित विस्तार में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए। विस्तार में किसी खास देश के सिर्फ.इस वजह से शामिल नहीं किया जाए कि उस देश के साथ रूस या चीन के संबंध कितने गहरे हैं। भारत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील के लिए ये बड़ा मुद्दा है। हालियॉ सम्पन्न ब्रिक्स देशों के महासम्मलेन से यह सिद्ध हो गया कि ब्रिक्स के प्रति कई देशों का आकर्षण बढ़ा है। इसमें कोई दो राय नहीं है। चीन और रूस का ब्रिक्स के विस्तार पर काफी जोर है। ब्रिक्स प्लस की अवधारणा बहुत तेजी से विकसित हो रही है, चीन इस पहलू पर जोर दे रहा है। रूस का भी कहना है कि ये समूह बहुधुवीयता का प्रतीक बन चुका है और इसका प्रमाण ये हैं कि ज्यादा से ज्यादा देशों का आकर्षण ब्रिक्स के प्रति बढ़ रहा है। भारत का भी ये मानना है कि ब्रिक्स अब विकल्प नहीं रहा। ये समूह अब वैश्विक व्यवस्था में खास महत्व रखता है। भारत भी यही मानता आया है कि ब्रिक्स समूह बहुधुवीयता का प्रतीक है। भारत का ये भी कहना है कि ब्रिक्स अब अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने के कई तरीकों की अभिव्यक्ति भी करता है और वैश्विक एजेंडा पर नेतृत्व करने की भी क्षमता है। फिलहाल सिर्फ 5 देशों के सदस्य होने के बावजूद ब्रिक्स देशों में दुनिया की 40 फीसदी से ज्यादा आबादी रहती है। लैंड एरिया कवरेज के हिसाब से इस समूह में दुनिया का करीब 27 फीसदी लैंड सरफेस आ जाता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में इन देशों का एक बड़ा हिस्सा है। ब्रिक्स देशों का हिस्सा वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में करीब 30 प्रतिशत है। ब्रिक्स की ताकत को बताने के लिए ये आंकड़े काफी हैं। जिस तरह से ब्रिक्स को लेकर बाकी मुल्कों में दिलचस्पी बढ़ते जा रही है, ये कहा जा सकता है कि ब्रिक्स समूह का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। जबकि एक दौर ऐसा भी आया था जब ब्रिक्स की प्रासंगिकता को लेकर सवाल उठने लगे थे। लेकिन पिछले दो साल में जिस तरह से कई देशों ने ब्रिक्स की सदस्यता को लेकर इच्छा जाहिर की है। कहा जा सकता है कि भविष्य में ब्रिक्स दुनिया का सबसे ताकतवर मंच बन सकता है। फिलहाल ब्रिक्स में शामिल सदस्य वो देश हैं जिनमें वैश्विक अर्थव्यवस्था में हलचल होने पर भी घरेलू अर्थव्यवस्था को संभालने और उसमें विकास की गति बनाए रखने की क्षमता और संभावनाएं भी है। साथ ही वैश्विक मांग और आपूर्ति की व्यवस्था को भी संभालने की ताकत है। यही वजह है कि तमाम अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अगले 3 दशक में ब्रिक्स के मौजूदा सदस्य देश दुनिया में कच्चे माल, उद्योग, विनिर्माण और सेवाओं के सबसे प्रमुख आपूर्तिकर्ता होंगे।

भारत और चीन की स्थिति उद्योग, विनिर्माण और सेवाओं के आपूर्ति के मामले में काफी मजबूत है और भविष्य में इसमें और मजबूती आएगी। वहीं कच्चे माल को लेकर रूस और ब्राजील का भविष्य उज्ज्वल है।

साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में आखिर इसके विस्तार का फैसला हो गया। फैसले के मुताबिक पांच देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका- के इस संगठन में अगले साल 1 जनवरी को छह नए सदस्य- अर्जेंटीना, इजिप्ट, ईरान, इथियोपिया, सऊदी अरब और यूएई- जुड़ जाएंगे। वैसे ब्रिक्स के विस्तार पर चर्चा काफी पहले से हो रही है। 2009 में इस संगठन के अस्तित्व में आने के एक साल बाद यानी 2010 में ही इसमें साउथ अफ्रीका को जोड़ लिया गया। उसके बाद से ही नए सदस्यों की एंट्री पर जब-तब चर्चा होती रही है। लेकिन पिछले कुछ समय से यह मुद्दा काफी जोर पकड़ चुका था, जिसकी दो बड़ी वजहें रहीं। एक तो यह कि ग्रुप से जुड़ने की चाहत रखने वाले देशों की संख्या बढ़ती चली गई। 22 देश इस मंच का हिस्सा बनने के लिए बाकायदा आवेदन कर चुके हैं। 40 से ज्यादा देश इसकी इच्छा जता चुके हैं। हालांकि चीन सरकार नियंत्रित मीडिया ने कुछ दिन पहले पश्चिमी देशों पर आरोप भी लगा दिया कि वे नहीं चाहते विस्तार के बाद ब्रिक्स एक मजबूत संगठन बनकर उभरे, इसलिए भारत और चीन में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री समय समय पर इसका सीधा जबाव वैश्विक स्तर पर दे चुके है। वैसे भी जिस तरह से वर्तमान में विदेश नीति पर केन्द्र सरकार काम कर रही है वह बेजोड़ है। बहरहाल ब्रिक्स के विस्तार के ताजा फैसले से उस अजेंडे को आगे बढ़ाने में आसानी होगी। हालांकि इसके बावजूद इस फैसले में निहित चुनौतियों की अनदेखी नहीं की जा सकती। एक तरफ यह आशंका है कि इन नए सदस्यों में से कई देशों के साथ अपनी करीबी की बदौलत चीन इस मंच पर अपना दबदबा बढ़ाने का प्रयास कर सकता है तो दूसरी तरफ कुछ हलकों में यह संदेह भी है कि चीन, रूस और ईरान जैसे देशों के प्रभाव में इसे पश्चिमी देशों के खिलाफ एक मंच के रूप में इस्तेमाल न किया जाने लगे। इन आशंकाओं और संदेहों के बीच सभी देशों के हितों में सामंजस्य स्थापित करते हुए बेहतर विश्व सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए इस मंच को निश्चित रूप से ज्यादा परिपक्व और दूरदर्शितापूर्ण नजरिया अपनाना होगा।

# कविता

## जटायू

चंद्र सतह पर कल फिर
सहज ही उतरा जटायू
विक्रम और प्रज्ञान पर उसके
जगत अचंभित, हम नहीं

अंतरिक्ष का तो रहा है
भारत पुरोधा आदिकाल से
जाग गए हम आज फिर से
कर रहे कुछ नया नहीं

संपाती भी सूरज तक गया था
फिर हो रहा तैयार वो
गगनयान ले कर निकल
जाने को अगले मिशन पर वहीं

विश्वामित्र ने तो बना दिया था
आकाश से गिरते त्रिशंकु के लिए
एक जो स्पेस स्टेशन नया
याद किसको है नहीं

अंतरिक्ष और ग्रहों के
आकाश गंगाओं में नहा कर
गणित गणना ज्योतिष सिखाते
आर्यभट्ट भी भूले नहीं

डॉ एम डी सिंह

## ब्रिक्स को लेकर भारत का रूख सकारात्मक

**सुनील कुमार महला**

**हाल ही में** हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 22 से 24 अगस्त 2023 तक आयोजित 15वें अंतरराष्ट्रीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। जानकारी देना चाहूंगा कि इस सम्मेलन में पांच सदस्य देशों को शामिल किया गया हैं जिनमें क्रमशः ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका हैं तथा जिसमें राष्ट्राध्यक्ष या सरकार के प्रमुख भाग लेते हैं। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि ब्रिक्स की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी और इसका पहला शिखर सम्मेलन 2009 में रूस में हुआ था। शुरूआत में इसमें कुल चार देश ब्राजील, रूस, भारत और चीन शामिल थे। बाद में ब्रिक्स समूह देशों की सहमति से दक्षिण अफ्रीका को भी वर्ष 2010 में इसमें शामिल किया गया था। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स आपसी आर्थिक विकास की गतिविधियों को गतिशीलता प्रदान करने एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के लिए कार्य करता है। हाल ही में इसमें कुछ और देशों को भी शामिल किया गया है,जिसकी इस आर्टिकल में आगे बात करेंगे। हाल फिलहाल, प्रश्न यह उठता है कि आखिर ब्रिक्स है क्या और इस समूह के उद्देश्य क्या हैं? तो इस संबंध में सरल शब्दों में जानकारी देना चाहूंगा कि(जैसा कि ऊपर भी जानकारी दे चुका हूं कि) ब्रिक्स दुनिया की अग्रणी उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं, अर्थात ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका देशों के शक्तिशाली समूह का एक संक्षिप्त रूप है। ब्रिक्स तंत्र का मुख्य उद्देश्य शांति, सुरक्षा, विकास और सहयोग को बढ़ावा देना है। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स का मुख्यालय चीन के शंघाई में है। ब्रिक्स के सम्मेलन हर साल आयोजित होते हैं। यह जानना रूचिकर होगा कि ब्रिक शब्द का पहली बार प्रयोग वर्ष 2001 में गोल्डमैन के जिम ओ नील द्वारा किया गया था। वर्तमान समय की बात करें तो ब्रिक्स देशों के पास दुनिया का 25.9 प्रतिशत भू-भाग एवं 43 प्रतिशत आबादी है। विश्व के सकल घरेलू उत्पाद में इनका योगदान करीब 30 प्रतिशत है और ये देश सकल वैश्विक पूंजी का 53% आकर्षित करते हैं। भारत के लिए ब्रिक्स का महत्व यह है कि भारत आर्थिक मुद्दों पर परामर्श और सहयोग के साथ-साथ सामयिक वैश्विक मुद्दों, जैसे- अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में सुधार आदि के माध्यम से ब्रिक्स की सामूहिक ताकत से लाभान्वित हो सकता है। बहरहाल, यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने भी 67 देशों के नेताओं को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया था, जिसमें 53 अन्य अफ्रीकी देश, बांग्लादेश, बोलीविया, इंडोनेशिया और ईरान शामिल हैं। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2019 के बाद ये पहली बार है जब यह सम्मेलन ऑफलाइन आयोजित किया गया है।

# विचार

## समाधान का पर्यायवाची बनने के लिए भारत ने कदम बढ़ा दिए

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर जिस तेजी के साथ भारत विज्ञान तकनीकी प्रौद्योगिकी सहित सभी क्षेत्रों में सफलता पूर्वक झंडे गाड़ते हुए तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है इससे दुनियां के विकसित देशों में हैरानी है, क्योंकि भारत ऐसा ही कुछ नए-नए आयाम को अंजाम देता हुआ आगे बढ़कर आगे की सोचता है, जिसका सटीक उदाहरण विजन 2047 और पिछले दो दिन पूर्व अंतरिक्ष के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता पूर्वक प्रक्षेपण करता हुआ विक्रम है। अब इससे आगे दो कदम बढ़कर हम सूर्य की ओर भी बढ़ रहे हैं। ब्रिक्स सम्मेलन में जिस तरह भारत का रुतबा हमने देखें और सोने पर सुहागा चंद्रयान-3 नें सफलता पूर्वक अंतरिक्ष लैंडिंग की तो वहां धूम मचा दी हमारे पीएम महोदय ने भी अति उत्सुकता के साथ दिनांक 26 अगस्त 2023 को ग्रीस से सीधे इसरो पहुंचकर वैज्ञानिकों की हौसला आफजाई की तो इसरो वैज्ञानिकों में एक जोश उमंग की नई लहर छा गई जिसे पूरे विश्व ने टीवी चैनलों पर देखकर गौरविंत महसूस किया, यह होता है सफलता और भारत की प्रौद्योगिकी विज्ञान की सुगंध पूरे विश्व में फैलाने वालों का कदर, जो पीएम की बॉडी लैंग्वेज से ही दिख रहा था। उन्होंने वैज्ञानिकों को गले लगाकर और ऐतिहासिक सफलता दिवस की घोषणा की कि 23 अगस्त, चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग के दिन को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस विज्ञान, तकनीक और नवाचार की स्पिरिट को सेलिब्रेट करेगा और हमें हमेशा-हमेशा के लिए प्रेरित करता रहेगा।वही और घोषणा की कि चंद्रयान-3 का मून लैंडर जिस स्थान पर उतरा था, उसे अब शिव शक्ति के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा, शिव में मानवता के कल्याण का संकल्प समाहित है और शक्ति से हमें उन संकल्पों को पूरा करने का सामर्थ्य मिलता है। चंद्रमा का यह शिव शक्ति प्वाइंट हिमालय के कन्याकुमारी से जुड़े होने का बोध कराता है। और बताया कि 21वीं सदी के इस दौर में, जो देश विज्ञान और तकनीक में नेतृत्व करेगा, वही देश आगे बढ़ेगा। चूंकि भारत विकसित देश बनने की गति अब आँधी बनकर कार्य में जुट गई है, इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, 21 में सदी की दुनियां की बड़ी समस्याओं के समाधान का पर्यायवाची बनने के लिए भारत ने कदम बढ़ा दिए हैं। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 26 अगस्त 2023 को ग्रीस से सीधे इसरो पहुंचकर वैज्ञानिकों को ऐतिहासिक प्रोत्साहन और संबोधन की करें तो उन्होंने कहा, यह कोईसाधारण सफलता नहीं है, यह उपलब्धि अनंत अंतरिक्ष में भारत की वैज्ञानिक शक्ति की शुरूआत करती है। उन्होंने गौर्वान्वित होते हुए कहा,भारत चंद्रमा पर है, हमारा राष्ट्रीय गौरव चंद्रमा पर है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए, कहा,यह आज का भारत है जो निर्भीक और जुझारु है। यह एक ऐसा भारत है जो नया सोचता है और एक नए तरीके से सोचता है, जो डार्क जोन में जाकर भी दुनिया में रोशनी की किरण फेला देता है। ये भारत 21वीं सदी में दुनिया की बड़ी समस्याओं का समाधान देगा। लैंडिंग का वह क्षण राष्ट्र की चेतना में अमर हो गया है।लैंडिंग का क्षण इस सदी के सबसे प्रेरणादायक क्षणों में से एक है। हर भारतीय ने इसे अपनी जीत के रूप में लिया है। उन्होंने इस बड़ी सफलता का श्रेय वैज्ञानिकों को दिया। मून लैंडर की तस्वीरों के बारे में बताते हुए कहा, हमारे मून लैंडर ने अंगद की तरह चंद्रमा पर मजबूती से अपना पैर जमा लिया है, एक तरफ विक्रम का विश्वास है तो दूसरी तरफ प्रज्ञान का पराक्रम है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार चंद्रमा के कभी नहीं देखे गए हिस्सों की तस्वीरें पहली बार मानव ने अपनी आंखों से देखीं हैं और यह भारत द्वारा किया गया है। पूरी दुनिया भारत की वैज्ञानिक भावना, तकनीक और हमारे वैज्ञानिकों का लोहा मान रही है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## नवोदय की संभावना से स्थापित नेताओं के चेहरे मुरझाए

**नरेंद्र तिवारी पत्रकार**

**मध्यप्रदेश में** विधानसभा चुनाव की दस्तक के मद्देनजर सियासी माहौल में गर्मी है। भोपाल-दिल्ली से निकली हर खबर पर दावेदारों की नजर है। राजधानी के गलियारों से प्रतिदिन निकलकर आने वाली चचाओं से विधानसभा के दावेदारों उनके समर्थकों के चेहरे खिलने और मुरझाने का दौर अनवरत चल रहा है। सियासत के अपने रंग है। यह रंग सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में एकसा है। इन रंगों से एमपी में निमाड़ अंचल के आदिवासी बाहुल्य जिले बड़वानी की सबसे बड़ी विधानसभा सेंधवा भी रँगी दिखाई दे रही है। इस विधानसभा क्षेत्र में इससे पूर्व किसी भी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को लेकर इतना संशय नहीं रहा है जो 2023 के अंत मे होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर दिखाई दे रहा है। यहां दोनों ही प्रमुख दलों में टिकिट को लेकर असमंजस का वातावरण बना हुआ है। पुराने स्थापित चेहरों को भी अपनी उम्मीदवारी का विश्वास दिखाई नहीं दे रहा है। 6 से अधिक विधानसभा चुनावों में भाजपा ने जहां अंतरसिंह आर्य को अपना उम्मीदवार बनाया है वहीं दो चुनाव छोड़कर काँग्रेस भी ग्यारसीलाल रावत को विधानसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाती रही है।

इस लिहाज से 2023 के अंत मे होने जा रहे विधानसभा चुनाव में संशय का निर्मित होना इस विधानसभा क्षेत्र में परंपरागत मुकाबलों से कुछ हटकर होने की स्थिति बयाँ करता दिखाई दे रहा है। दोनों ही दलों में टिकिट चयन पर भोपाल से लगाकर दिल्ली तक मंथन का दौर जारी है। सर्वे का सहारा लिया जा रहा है। पर्यवेक्षको की रिपोर्ट देखी जा रही है।

क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों से बडे नेता मोबाईल से चर्चा कर फीडबैक निकाल रहें है। इसके बावजूद मजबूत कहे जाने वाले नेताओं और उनके समर्थकों को भी टिकिट मिलने का भरोसा नहीं है। नवोदय की संभावना से पुराने स्थापित चेहरों के मुरझाने के साफ संकेत देखे जा रहे है। ऊंट किस कर-वट बैठेगा कहा नही जा सकता है। असमंजस और अनिश्चितता का माहौल जो अभी है, पहले कभी नही दिखाई दिया।

## लाइक के लिए कुछ भी करेगा!

**डॉ. सुरेश कुमार**

**अच्छा** सब तैयार है! नई वेब सीरिज के निर्देशक ने कैमरामैन और कलाकार से पूछा। दोनों ने हाँ के प्रत्युत्तर में सिर हिला दिया। निर्देशक के एक्शन कहने के साथ अभिनय शुरू हुआ। कैमरामेन का कैमरा कलाकार पर केंद्रित था और कलाकार का ध्यान संवादों पर। कलाकार अपने अभिनय संवादों में बहते हुए कहने लगाः नमस्कार दर्शकों आज मैं सिखाऊँगा कि हमें किसी का खून करने के लिए तैयारी कैसे करनी चाहिए? होता यूँ है कि कई लोगों के भीतर जुर्म करने का कीड़ा मचलता रहता है। लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि जुर्म कैसे करें। मन में रह-रहकर ख्याल आते रहते हैं कि जुर्म करने पर कहीं पकड़े तो नहीं जायेंगे? पकड़े जायेंगे तो पुलिस उनके साथ क्या करेगी? आदि-आदि। निर्देशक ने कैमरामेन से कलाकार को क्लोजर में लेने का निर्देश दिया। कलाकार कैमरे की स्क्रीन पर जूम हो उठा था। कलाकार अपनी धारा प्रवाह में संवाद कहने की जगह उसमें जीने लगा और कहाः ह्लतो आज हम आपको चुटकियों में जुर्म चैनल के जरिए अपराध की दुनिया में न केवल प्रवेश करना सिखायेंगे बल्कि उसमें निपुण भी बनायेंगे। तभी वहाँ एक पुलिस अधिकारी आ गया। जब उसे निर्देशक से पता चला कि वह जुर्म की दुनिया में प्रवेश करने और निपुण बनाने के लिए वेब सीरिज बना रहा है तो उसका माथा ठनका। वह निर्देशक की क्लास लगाने ही वाला था कि निर्देशक बोल पड़ा देखिए साहब! आजकल यूट्यूब पर गलाकाट कांपटीशन चल रहा है। हमारे चुटकियों में जुर्म चैनल के एक लाख सब्सक्राइबर्स हैं। उन्हें नए-नए विषय पर वीडियो बनाकर देने पड़ते हैं, नहीं तो हमारी कमाई गिर जाएगी। पुलिस अधिकारी ने फटकारते हुए कहाः वेब सीरिज बनाने का इतना ही शौक है तो कुछ पकवान या फिर डैंस संबंधी वीडियो बनाओ। ऐसे जुर्म को बढ़ावा देने वाले वीडियो बनाते हुए तुम्हें शर्म नहीं आती? निर्देशक ने भोले मन से कहाः आती है साहब! लेकिन क्या करें? खाने पकाने और डैंस जैसे विषयों पर असंख्य वीडियो बन चुके हैं। इसलिए दर्शकों को आकर्षित करने के लिए नए-नए विषय के साथ आगे आना पड़ता है।

# पांचवे दिन भी नफीस का कोई पता नहीं...

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**बड़ी** औद्योगिक क्षेत्र में केमिकल फैक्ट्री में लगी आग तो शांत हो चुकी है, लेकिन फैक्ट्री के अंदर फंसे नफीस का पांचवे दिन भी कहीं पता नहीं चल पाया है। नफीस के परिवार के सदस्य व रिश्तेदार जैसे-जैसे मलबे को हटा रहे हैं वैसे-वैसे उनके चहरों पर मायूसी बढ़ती जा रही है। उन्हें फैक्ट्री के जिस हिस्से में नफीस के मिलने की उम्मीद थी उस हस्से का मलबा पूरी तरह से साफ हो चुका है, लेकिन वहां न तो नफीस मिला और न उसके शरीर अवशेष। जिसके बाद परिवार व रिश्तेदारों की उम्मीद टूट गई और उनके आंखो से आंसू छलकने लगे। इसके बावजूद अभी उन्होंने पूरी तरह से हार नहीं मानी है। अब उन्होंने बाकी बचे हुए मलबे को भी हटाने का काम शुरू कर दिया है, ताकि नफीस अथवा उसके अवशेष उन्हें मिल सकें। जिन्हें लेकर वह उसे सुपुर्द ए खाक कर सकें।

- घर में पांच दिनों से नहीं जला चूल्हा





नफीस के साथ घटी इस दुर्घटना के बाद उनके घर में मातम पसरा हुआ है। नफीस यूपी, बागपत के गांव खेड़ा हटाना गांव का रहने वाला है। नफीस की भांजी महजबी के अनुसार घटना के बाद से नफीस के घर में चूल्हा नहीं जला है। नफीस के बूढ़े.पिता लकवाग्रस्त हैं और अपने बेटे की खबर सुनने के बाद से ही गहरे सदमें में हैं, क्योंकि परिवार को संभालने वाला नफीस ही था। वहीं नफीस की पत्नी के आंसू भी सूखने का नाम नहीं रहे हैं। उनके घर में पांच दिनों से खाना नहीं बना है। पड़ोस के लोग उनके लिए खाना लेकर भी जा रहे हैं तो खाने का निवाला उनके गले से नीचे नहीं उतर रहा है। जैसे तैसे पड़ोस के लोग उन्हें खाना खिलवा रहे हैं। वहीं उनके दोनो बेटे रेहान व अमजद घटना के पहले दिन से ही फैक्ट्री में मौजूद हैं। वह भूख प्यास की चिंता छोड़ अपने पिता को खोजने में जुटे हैं। घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन की तरफ से कोई सहयोग पीड़ित परिवार को नहीं मिल रहा है। पीड़ित परिवार के सदस्य खुद ही मलबा खाली करवाने को मजबूर हैं। औद्योगिक एसोसिएशन द्वारा ही उन्हें हाइड्रा व ट्रैक्टर उपलब्ध करवाए गए हैं, जिनकी मदद से वह लगातार खुद ही मलबा निकलवा रहे हैं। प्रशासन द्वारा केवल दमकल गाड़ियों को ही मौके पर छोड़ा गया है। इसके अलावा न तो किसी तरह का सर्च अभियान प्रशासन द्वारा चलवाया गया है और न ही उनकी मदद के लिए भारी वाहन व लेबर की व्यवस्था प्रशासन ने की है। पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना स्थल पर अधिकारी केवल खानापूर्ती कर वहां से लौट जाते हैं। वह केवल अपने स्तर व अपने जोखिम पर ही नफीस की तलाश कर रहे हैं।

यदि नफीस की जगह कोई राजनीतिक पहुंच का आदमी फैक्ट्री में फंसा होता तो प्रशासन के अधिकारी खुद मौके पर खड़े रह कर उनकी तलाश करवाते, लेकिन आम आदमियों की प्रशासन कोई सुनवाई नहीं करता।

# सावन महोत्सव एवं वृक्षारोपण से किया प्रकृति वन्दन



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

भारत विकास परिषद एवं ऋषि कुल वर्ल्ड एकेडमी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित" सावन महोत्सव में रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सोनीपत के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ ऋषि कुल के संस्थापक एस०के० शर्मा,कार्यक्रम अध्यक्ष राजीव गुप्ता,भगत सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति डा० सुदेश,कर्नल राजवीर शर्मा,कर्नल वी०के०सांगवान, नीरज शर्मा जी,डॉ०रचना गुप्ता,रीमा शर्मा,चंचल शर्मा,राजीव अग्रवाल,पवन गौतम ,उमंग,अंजली चौधरी , सुरेश पाराशर, हरिओम उपाध्याय,डॉ० विनीत ,राजेश गुप्ता शारदा रेलन,प्रवेश संधू,सुरजीत दहिया,ने दीप प्रज्वलन एवं वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत के साथ किया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ अतिथियों के लिए एक विशेष खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसके माध्यम से सावन और सावन में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहार के विषय में जानकारी और अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया गया।वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथीगणों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।ऋषिकुल वर्ल्ड आकदमी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्षा आकदमी के संदर्भ में लिखित परीक्षा एवं इंटरव्यू का आयोजन भी किया गया। इस आयोजन में भारतीय सेना के अधिकारियों कर्नल राजवीर शर्मा एवं कर्नल वी०के० सांगवान द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया।भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मेहंदी एवं रंगोली दोनों प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को दो वर्गों में बांटा गया कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग। रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता में क्रमशः अक्षरा ने प्रथम रिद्धि एवं पलक द्वितीय एवं रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली कनिष्ठ वर्ग में दिशा , अनामिका,यश्वी व मेंहदी में मोनिका आरुशी, दिशा ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन छात्रों को आगामी 10 सितंबर को एक विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा ।कार्यक्रम के समापन के अवसर पर भगत फूल सिंह महिला विश्विद्यालय की कुलपति डॉ०सुदेश,विद्यालय के डायरेक्टर नीरज शर्मा,कर्नल राजवीर,चंचल शर्मा द्वारा प्रतिभागियों कि प्रस्तुतियों कि सराहना की गई और भारत विकास परिषद के प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान द्वारा किया गया।सभी अतिथियों को भारत विकास परिषद एवं ऋषिकुल वर्ल्ड आकदमी द्वारा स्मृति चिन्ह तथा उपहार द्वारा सम्मानित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### गांव बड़वासनी में किया गया यूनिट लेवल किसान मेले का आयोजन



**सोनीपत:** लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एव पशु विज्ञान विश्वविधालय हिसार की इकाई जिला पशु विज्ञान केंद्र द्वारा विस्तार शिक्षा निदेशक लुवास हिसार के मार्गदर्शन में रविवार को गांव बड़वासनी स्थित पशु अस्पताल में यूनिट लेवल किसान मेला (एक दिवसीय निशुल्क पशु चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर ) का आयोजन किया गया। जिला पशु विज्ञान केन्द के प्रभारी डॉ० गौरी चंद्रात्रे ने बताया कि मेले में 207 विभिन्न पशुओं जैसे गाय, भैंस, कुत्ता, बकरी तथा घोड़ो का अलग-अलग बीमारियों के लिए ईलाज लुवास हिसार के रिजनल सेंटर उचानी करनाल के विशेषज्ञो द्वारा किया गया। मेले में पशुओं की विभिन्न समस्याओं जैसे बांझपन, परजीवियों की समस्या, गभार्दान की जांच, फूल दिखाने की समस्या, थनैला, सरन आदि का मौके पर ही निदान किया गया। इसके साथ ही मेले मे बाहीय परजीवियों के लिए कीटनाशक का स्प्रे भी किया गया। डॉ० गौरी ने बताया कि जागरूकता अभियान मे पशुपालकों को खनिज मिश्रण के बारे मे जागरूक किया ओर इसके साथ ही पशुपालको को नि:शुल्क खनिज मिश्रण ओर दवाईयां वितरित की गई। इस मौके पर जिला पशु विज्ञान केन्द्र से डॉ० संदीप, डॉ० हरप्रीत, डॉ० रिंकी, जिला पशुपालन एवं डेयरी विभाग से डॉ० जगदीश, डॉ० जितेंद्र, डॉ० विरेन्द्र रंगा व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### साइबर ठगी से बचने के लिए ऑनलाइन सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुनना बेहतर: उपायुक्त

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में नागरिक विभिन्न तकनीकों का प्रयोग करते हुए विभिन्न ऑनलाईन वैबसाइट से जरूरी सामान खरीदते है, जिसके कारण आज घर बैठे ही लोगों को ये सुविधा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि कई बार ये सुविधा लोगों के लिए ठगी का कारण भी बन जाती है क्योंकि जब हम सामान खरीदते समय ऑनलाईन पैमेंट करते हैं तो साईबर अपराधी हमारी डिटेल को हैकिंग के जरिए निकाल लेते है।

उपायुक्त ने जिलावासियों का आह्वान किया कि जब भी आप किसी वेबसाईट से सामान खरीदे तो कोशिश करें कि कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके। उन्होंने कहा कि कभी भी मोबाईल पर आने वाले ओटीपी को शेयर न करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी नागरिक के साथ साईबर ठगी हो जाती है तो वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें। उपायुक्त ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे साइबर अपराधों से सावधान रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें। उपायुक्त ने बताया कि साइबर धोखाधड़ी जैसे अपराध की रिपोर्ट करने के लिए पुलिस स्टेशन जाकर पारंपरिक तरीके से एफआईआर करवाना व उसकी जांच होना एक लंबी प्रक्रिया है। ऐसे में तुरंत कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन का विकल्प सबसे सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जितनी जल्दी सूचना दी जाए, उतना ही बढि?ा ताकि आगे की ट्रांजेक्शन को रोकने के लिए पीड़ित को त्वरित सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति साइबर क्राइम की वेबसाइट पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

# 241वां एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम: नशा न करने की ली शपथ

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिजार्पुर में एक दिवसीय 241 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राम कुमार की अध्यक्षता में सभी शिक्षकों और 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी / उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि नशे से दूर रहकर ही



हम चरित्र निर्माण कर सकते हैं और स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का रहना भी अति आवश्यक है। यह तब होगा जब व्यक्ति नशे से दूर रहेगा। उन्होंने कहा कि नशा मनुष्य के जीवन में चुपके से आता है और जीवन के नशा का द्वार खोलता है। इससे पूर्व कि नशा मनुष्य के जीवन को नष्ट करे। हमे जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों, कविताओं और प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव से परिचित करवाया। कार्यक्रम के अंत में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि हरियाणा का एक नारा है- देशों में देश हरियाणा जित दूध दही का खाना। उन्होंने बताया कि 9050891508 ब्यूरो द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है जिस पर कोई भी व्यक्ति गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त राष्ट्र के निर्माण में सहयोग कर सकता है।

# ब्रजमंडल यात्रा को लेकर एसीपी ने सरपंचों व विहिप के सदस्यों की ली बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

नूंह में हुई हिंसा के बाद स्थगित हुई ब्रजमंडल यात्रा फिर से निकाले जानी है। प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अलर्ट पर है। ऐसे में शनिवार को एसीपी गोरखपाल राणा ने गन्नौर थाना में विश्व हिंदु परिषद के सदस्यों व गांवो के सरपंचो के साथ अलग-अलग बैठकें की। उन्होंने बैठक में बताया कि नूंह में प्रशासन ने यात्रा को इजाजत नहीं दी है, इसलिए लोग वहां न जाएं। उन्होंने कहा कि देश की जिम्मदार नागरिक होने की वजह से हमला फर्ज बनता है कि हमें प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने विहिप के सदस्यों से यात्रा में न शामिल होने की अपील की।

# कंदौली के जाहरवीर गोगा माड़ी पर ग्रामीणों ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/बाबैन,(दलबीर मलिक)**

**बाबैन** के गांव कंदौली के जाहरवीर गोगा माड़ी पर रविवार को समस्त ग्रामीणों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की व माथा टेका। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा जो यह गोगा माड़ी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है वह बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से



गांव में आपसी भाईचारा बढ़ता है और और ग्रामीणों द्वारा इस प्रकार के आयोजन करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस समय भगवान जाहरवीर गोगा जी का महीना चल रहा है और भारी संख्या में लोग श्रद्धालु राजस्थान गोगा माड़ी पर जाहरवीर गोगा जी में गुरु गोरखनाथ के दर्शन करने के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह लोग खुशनसीब है जो गांव में ही भगवान के दर्शन कर रहे हैं। वहीं भारी संख्या में ग्रामीणों ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# दुष्कर्म की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली** थाना पुलिस ने पानी में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप निवासी सलारपुर निवासी कुरूक्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। दिल्ली निवासी एक लड़की ने बताया कि वह कुंडली थाना क्षेत्र में स्थित फैक्टरी के अंदर नौकरी करती है। उसकी जान पहचान संदीप निवासी सलारपुर के साथ हो गई। उसने उसे पानी में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

# 'बिजली पेंशनर्स कर्मचारियों की मांगों को शीघ्र पूरा करें सरकार'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

सेवानिवृत बिजली कर्मचारियों की मीटिंग सुबह 10 बजे पंजाबी धर्मशाला मे हुई । मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान मंगत राम मेहता ने की । मंच का संचालन जिला सचिव रामेश्वर ने किया । मीटिंग में अपनी पुरानी मांगों को दोहराया और रोष प्रकट किया । हरियाणा सरकार पेंशनर्स की मुख्य उचित मांगों की अनदेखी कर रही है। समय रहते सरकार सभी मांगों को लागू करें मुख्य मांगे इस प्रकार हैं , कैसलेस मेडिकल की सुविधा 65 , 70 , 75 वर्ष की उम्र में क्रमशः 5 , 10 ,15 प्रतिशत पेंशन मे बढ़ोतरी , फैमिली पेंशनर्स को एल टी सी की सुविधा प्रदान की जाए , कंप्यूटेशन



कटौती को 15 वर्ष की बजाय 12 वर्ष किया जाए इत्यादि । कार्यकारी अभियंता वल्इश्ठ के कार्यालय में कुछ पुराने केस पेंडिंग है उनको पूरा करने के लिए कार्यकारी अभियंता को पत्र लिख दिया गया है। लोकल नई गिवेंसिज किसी पेंशनर्स की नहीं है ।उपस्थित पेंशनर्स साथियों को जिला प्रधान मंगतराम मेहता , जिला सचिव रामेश्वर , के सी वर्मा सीनियर वाइस प्रधान , बलबीर सिंह वाइस प्रधान , जवाहर सिंह जेई , हंसराज खुराना , अश्विनी कुमार अरोड़ा , ओपी वर्मा कृष्ण लाल खए ने सभा को संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करना और एकता के सूत्र में बंधे रहने का संदेश दिया । सभी साथियों का मीटिंग में पहुंचने का धन्यवाद किया गया । किरशन लाल जेई को सर्व समिति से यूनिट का जिला वाइस प्रधान नॉमिनेट किया गया । मीटिंग में मुख्य रूप से आर आर कालिया , सुदर्शन कुमार वित सचिव , दिनेश रावत , भूपेंद्र शर्मा , श्रीनिवास एएफएम, शिवचंद शर्मा जेई, श्री दिलबाग सिंह जेई,धर्मपाल शर्मा और बहुत सारे पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे।

# समाज को संगठित करना प्रजापति कुम्हार महासभा का लक्ष्य: गोपीराम

## समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दर्जनों सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कमाल हुसैन**

**गोहाना रोड** स्थित संजय कॉलोनी मंदिर के सभागार में आज प्रजापति कुम्हार महासभा की बैठक जिला अध्यक्ष गोपी राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभा के संगठन को मजबूत बनाने के लिए जिला के पांच ब्लॉक में उप समितियां बनाने एवं सदस्यता बढ़ाने का प्रस्ताव पास किया गया। वहीं जिला मुख्यालय पर प्रजापति धर्मशाला निर्माण के लिए समिति के गठन का भी प्रस्ताव पास किया गया। पिछली बैठक में बनाए गए नए 15 सदस्यों को भी प्रस्ताव पास करके मंजूरी दी गई। प्रधान गोपी राम ने कहा कि समाज को संगठित करके एक मंच पर लाना उनका उद्देश्य है। इसके लिए वह घर-घर जाकर सभा के सदस्य बना रहे हैं। वहीं बैठक में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर दर्जनों लोगों को शाल ओढाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिनमें महावीर, प्रधान गोपी राम, महासचिव महावीर बावलिया, सत्यवान काबड़ी, मोहन लाल पत्रकार, विनोद पांचाल पत्रकार, डॉ.आनंद प्रजापति, कर्मवीर नौल्था, सेवाराम, रमेश चंद स्टेशन मास्टर, आदेश सिंह, विनोद कुमार, बिजेंद्र आदि को सम्मानित किया गया। वहीं बनाए गए नए सदस्यों को पहचान पत्र भी वितरित किए गए। बैठक में पूर्व आयुक्त सूरत सिंह बावलिया, राजबीर प्रधान बापौली, कर्मचंद गढ़ सरनाई, रामनिवास परढ़ाना आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सीआईएसएफ कांपलेक्स में मनाया संरक्षिका दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कमाल हुसैन**

**रिफाइनरी** स्थित सीआईएसएफ कांपलेक्स में संरक्षिका दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल जवानों की महिलाओं और बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख एम.एल. डहरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की । डहरिया ने उपस्थित महिलाओं और जवानों को संबोधित करते हुए कहा सीआईएसएफ जवानों की महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करने वाली संरक्षिका टीम बधाई



की पात्र है । जिनके द्वारा आज एक सफल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ में पूरे भारत के सभी राज्यों के जवान रहते हैं । आज यहां अनेकता में एकता का समागम देखने को मिला है । यहां विभिन्न प्रदेशों की महिलाओं ने अपने राज्य की संस्कृति को सभी के सामने बहुत अच्छी प्रकार से प्रदर्शित किया है । इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि एम.एल.डहरिया को डिप्टी कमांडेंट विजय कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया । और कहा कि कार्यकारी निदेशक महोदय सीआईएसएफ जवानों को किसी प्रकार की समस्या नही आने देते और यदि किसी प्रकार की समस्या आ भी जाए तो उस समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाते हैं ।

संरक्षिका प्रमुख मीनू चौधरी ने बताया कि संरक्षिका 26 अगस्त 2014 को अस्तित्व में आई और जिसका उद्देश्य केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल जवानों की महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करना है । वंही संरक्षिका द्वारा समय-समय पर महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है ।

इस अवसर पर तरुण कुमार बिसई मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन , सुदीप्ता बिसई , सहायक कमांडेंट पुष्पा देवी , सहायक कमांडेंट लोकेश चंद आदि सहित सैकड़ो की संख्या में बल सदस्य और महिलाएं उपस्थित रही।

# आयुष्मान भारत-चिरायु योजना के लिए योग्य प्रार्थी करवाएं पंजीकरण: शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने आयुष्मान भारत-चिरायु हरियाणा योजना के विस्तारीकरण के लिए पोर्टल का खोल दिया है। नागरिक आयुष्मान भारत-चिरायु योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं। सरकार ने अब इस योजना के तहत 1.80 लाख रुपए से 3 लाख रुपए तक वार्षिक आय वाले परिवारों को भी 5 लाख रुपए तक की मुफ्त इलाज सुविधा का लाभ देने की घोषणा की है। इसके लिए ऐसे परिवारों को सालाना 1500 रुपए का अंशदान देना होगा।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बातचीत करते हुए कहा कि इस योजना के विस्तार से लाखों परिवारों को लाभ मिलेगा।

आयुष्मान हरियाणा पोर्टल शुरू हो गया है। प्रदेश के अंत्योदय परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई चिरायु हरियाणा योजना ऐसे परिवारों के लिए वरदान साबित होगी और वे भी 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। इससे बीमारियों के महंगा इलाज के खर्च के कारण अब इन परिवारों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा।

# 'दिल्लीवालो...जी-20 सम्मेलन को मिलकर करना है कामयाब'

## जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाना दिल्लीवासियों की विशेष जिम्मेदारी, देश की प्रतिष्ठा पर आंच न आए: पीएम मोदी






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन का मेजबान तो पूरा देश है, लेकिन मेहमान दिल्ली आ रहे हैं। इसलिए, जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाना दिल्लीवासियों की विशेष जिम्मेदारी है। उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि देश की प्रतिष्ठा पर जरा भी आंच न आए। पीएम मोदी ने दिल्ली के लोगों से आग्रह किया कि वे अगले महीने दुनिया के कई नेताओं की उपस्थिति के कारण होने वाली असुविधा के बावजूद सम्मेलन को सफल बनाने में मदद करें। प्रधानमंत्री ने पालम हवाईअड्डे पर कहा, ट्रैफिक नियमों में बदलाव से दिल्लीवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। 5 से 15 सितंबर तक काफी असुविधा होगी और उसके लिए मैं पहले से माफी मांगता हूं। ये हमारे मेहमान हैं। ट्रैफिक नियम बदल दिए जाएंगे, कई जगहों पर जाने से रोका जाएगा, लेकिन कुछ चीजें जरूरी हैं। मोदी ने कहा, जी-20 में दिल्लीवासियों को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि राष्ट्रीय तिरंगा शान से ऊंचा लहराता रहे।

**9 व 10 सितंबर को जुटेंगे 30 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष:** शिखर सम्मेलन का आयोजन 9-10 सितंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में होगा। इसमें यूरोपीय संघ और आमंत्रित अतिथि देशों के 30 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों, शीर्ष अधिकारियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 14 प्रमुख भाग लेंगे।

**विदेशी मेहमानों की मदद के लिए तैनात होगी पर्यटक पुलिस:** जी-20 सम्मेलन में शामिल होने आ रहे विदेशी मेहमानों की देखभाल के लिए दिल्ली में पर्यटक पुलिस तैनात होगी। पुलिसकर्मी मेहमानों से अंग्रेजी में बात करेंगे। इन्हें प्रतिनिधियों, आगंतुकों और पर्यटकों की मदद के लिए तैयार किया गया है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को पुलिस और दिल्ली पर्यटन विभाग के साथ इसे लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि सम्मेलन के लिए स्मारकों, पर्यटन स्थलों और परिवहन केंद्रों को सजाया गया है। इनकी जानकारी देने के लिए दिल्ली में पर्यटक पुलिस तैनात होगी। इनके वाहनों पर लेबल होगा, ताकि मदद की जरूरत होने पर पर्यटक इन्हें आसानी से पहचान सकें।

### जी-20 : एयरपोर्ट भी तैयार, 160 घरेलू उड़ानें रहेंगी रद्द

**जी-20** सम्मेलन के लिए एयरपोर्ट पर भी खास तैयारियां चल रही हैं, क्योंकि विदेशी मेहमानों की आवाजाही अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से होगी। ऐसे में सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। यहां मेहमानों के स्वागत के लिए रिहर्सल भी की जा रही है। विश्व के कई महत्वपूर्ण देशों के खुफिया विभाग भी जायजा ले रहे हैं। ऐसे में इस एयरपोर्ट से संचालित होने वाले यात्री विमान भी प्रभावित होने की संभावना है। इनमें ज्यादातर घरेलू विमान पर ही असर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय विमानों की आवाजाही पर ज्यादा असर नहीं होगा। 8 से 10 सितंबर तक करीब 80 प्रस्थान व 80 आगमन करने वाली घरेलू उड़ानें रद्द रहेंगी। एयरपोर्ट संचालित करने वाली कंपनी डायल का कहना है कि घरेलू विमान संचालन करने वाली कंपनियों ने 160 विमानों को निरस्त करने का नोटिस दिया है। दिनभर में उड़ान भरने वाले विमानों की संख्या में महज 6 प्रतिशत प्रभावित रहेंगे।

### प्रगति मैदान में दमकल विभाग ने परखीं तैयारियां

**जी-20** सम्मेलन को लेकर सभी विभाग तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस आयोजन के लिए दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) ने भी कमर कस ली है। विभाग ने अपनी तैयारियों को परखने के लिए डीएफएस ने प्रगति मैदान में रिहर्सल की। इसमें दिल्ली पुलिस के अलावा बाकी एजेंसियों ने भी हिस्सा लिया। अधिकारियों का कहना है कि प्रगति मैदान समेत कुल 27 जगहों पर सम्मेलन की बैठकों के अलावा मेहमानों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। सोमवार से बाकी जगहों पर भी रिहर्सल शुरू कर दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि सुबह पांच बजे से दोपहर दो बजे के बीच तैयारियों का जायजा लेने के लिए रिहर्सल की गई। सम्मेलन के लिए तय सभी जगहों पर दमकल विभाग की 35 गाड़ियों के अलावा लगभग 400 जवानों को तैनात किया जा रहा है। इनमें पांच गाड़ियां प्रगति मैदान (आईटीपीओ) पर तैनात रहेंगी। प्रगति मैदान में आधुनिक उपकरणों से लैस 42 जवानों को तैनात किया जाएगा। दमकल की सभी गाड़ियों को कलर कोड के हिसाब से बैठक स्थल के नजदीक तैनात किया जाएगा। रिहर्सल के दौरान सबसे पहले टर्न-आउट की जांच की गई। इसमें किसी भी आपदा के समय कॉल या सूचना मिलने पर गाड़ी के पहुंचने की जांच हुई। बाद में प्रगति मैदान के भीतर गाड़ियों की पोजिशन, स्टैंडर्ड एक्शन और रिस्पांस की जांच की गई। इस दौरान प्रगति मैदान में रहने वाले स्टाफ से भी संवाद किया गया है। किसी भी आपदा के समय क्या-क्या करना है, इसकी भी जानकारी दी गई।


### विदेशी मेहमानों की मदद के लिए दिल्ली में तैनात होगी पर्यटक पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जी-20** सम्मेलन में शामिल होने आ रहे विदेशी मेहमानों की देखभाल के लिए दिल्ली में पर्यटक पुलिस तैनात होगी। पुलिसकर्मी मेहमानों से अंग्रेजी में बात करेंगे।

इन्हें प्रतिनिधियों, आगंतुकों और पर्यटकों की मदद के लिए तैयार किया गया है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पुलिस और दिल्ली पर्यटन विभाग के साथ इसे लेकर समीक्षा बैठक की। जी-20 सम्मेलन की सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए फुल ड्रेस (कारकेड-काफिला) रिहर्सल की गई थी।

बैठक में बताया गया कि सम्मेलन के लिए स्मारकों, पर्यटन स्थलों और परिवहन केंद्रों को सजाया गया है। इनकी जानकारी देने के लिए दिल्ली में पर्यटक पुलिस तैनात होगी। इनके वाहनों पर लेबल होगा, ताकि मदद की जरूरत होने पर पर्यटक इन्हें आसानी से पहचान सकें। इसके लिए करीब 400 पुलिसकर्मियों को विशेष वाहन में 21 जगहों पर तैनात किया जाएगा। इन वाहनों में 40 प्रोबेशनर सब-इंस्पेक्टरों को प्रभारी के रूप में तैनात किया गया है जिनमें आईटीबीपी के एक कमांडो के अतिरिक्त एक गनमैन और एक ड्राइवर के अलावा अन्य प्रशिक्षित पुलिसकर्मी शामिल होंगे।




**यहां रहेंगे मौजूद :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, आईएसबीटी कश्मीरी गेट, आईजीआई एयरपोर्ट, टर्मिनल 1,2,3, पहाड़गंज, हौज खास विलेज, दिल्ली हाट, पालिका बाजार, जनपथ और कनॉट प्लेस, राजघाट, लालकिला, हुमायूं का मकबरा, जामा मस्जिद, अक्षरधाम, लोटस टेंपल, कुतुब मीनार, इंडिया गेट, दिल्ली चिड़ियाघर, एरोसिटी महिपालपुर

**मिलेगी आपातकालीन सुविधा :** मेहमानों की मदद के लिए आधुनिक संसाधनों की मदद से रूट मैप, क्या करें-क्या न करें की जानकारी, डिजिटल मानचित्र, किराया सूची, महत्वपूर्ण व्यावसायिक केंद्रों, वाणिज्यिक और सांस्कृतिक स्थानों और मॉल के स्थानों की सूची, दिल्ली मेट्रो और डीटीसी रूट चार्ट, आपातकालीन सेवाओं की निर्देशिका, पेयजल व सैनिटाइजर जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

**यह दी गई ट्रेनिंग**

- शालीनता और मधुरता से बात करना
- दिल्ली और उसके पर्यटक स्थलों की जानकारी
- शॉपिंग मॉल, होटल, परिवहन केंद्र
- जी-20 शिखर सम्मेलन के मार्ग और स्थान
- इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, फायरिंग अभ्यास

**जारी हुआ हेल्पलाइन नंबर:** पर्यटकों की मदद के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर 8750871111 जारी किया गया है। सोशल मीडिया, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, पोस्टर, होर्डिंग्स आदि के माध्यम से पर्यटक पुलिस इस हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार कर रही है।

## जी20 सम्मेलन से पहले आतंकी गुरपतवंत पन्नू की धमकी

### दिल्ली के मेट्रो-स्टेशनों पर लिखे खालिस्तानी नारे; प्रधानमंत्री को धमकी

**पुलिस सतर्क**

**दिल्ली के कई मेट्रो-स्टेशनों पर खालिस्तानी समर्थकों की तरफ से खालिस्तानी नारे भी लिखे गए हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/अमृतसर**

दिल्ली में 8 से 10 सितंबर तक होने वाले जी20 सम्मेलन से पहले सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धमकी देते हुए वीडियो जारी किया है। पन्नू ने दावा किया कि दिल्ली के कई मेट्रो-स्टेशनों पर खालिस्तानी समर्थकों की तरफ से खालिस्तानी नारे भी लिखे गए हैं। आतंकी पन्नू ने वीडियो में कहा- सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए एसएफजे के खालिस्तान समर्थकों ने दिल्ली के शिवाजी पार्क से पंजाबी बाग तक कई मेट्रो स्टेशनों पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे हैं। यह स्लोगन शिवाजी पार्क, मादीपुर, पश्चिम विहार, उद्योग नगर, महाराजा सूरजमल स्टेडियम, सरकारी सर्वोदय बाल विद्यालय नांगलोई, पंजाबी बाग और नांगलोई मेट्रो स्टेशन के बाहर लिखे गए हैं। इन स्लोगन में साफ लिखा है कि पंजाब भारत का हिस्सा नहीं है। खालिस्तान जिंदाबाद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिखों का नरसंहार करवा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए धमकी भी दी है।

**15 अगस्त को भी माहौल खराब करने का किया था प्रयास:** इससे पहले आतंकी पन्नू ने 15 अगस्त को भी माहौल खराब करने का प्रयास किया था।

पन्नू ने खालिस्तान का नाम लेकर सिखों को उकसाया और दिल्ली आने के लिए कहा था। सिर्फ सिखों को ही नहीं, जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों को भी पन्नू ने दिल्ली इकट्ठे होने की अपील की थी।

**अमेरिका में बैठकर देता है धमकी:** पन्नू मूल रूप से अमृतसर के खानकोट गांव का रहने वाला है। जिसके बाद वह विदेश चला गया। वहां पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ककक के इशारे पर खालिस्तानी मंसूबों को पूरा करने में जुट गया। वह अमेरिका के अलावा इंग्लैंड और कनाडा में अपने संगठन के जरिए भारत विरोधी प्रोपेगंडा चलाता रहा। खालिस्तान की मांग के नाम पर वीडियो जारी कर वह पंजाब में अशांति फैलाने की कोशिश में जुटा हुआ है। भारत की एजेंसियों को बदनाम कर उन पर दबाव बनाने की कोशिश करता है।

हाल ही में उसने खालिस्तान समर्थकों की हत्या के बाद इसके लिए कनाडा और अमेरिका में भारतीय दूतावास के अफसरों को जिम्मेदार ठहराते हुए वीडियो भी जारी किया था।

**कुख्यात आतंकियों के संपर्क में पन्नू:** पन्नू वङ बैठे बब्बर खालसा इंटरनेशनल के परमजीत सिंह पम्मा, कनाडा में रहने वाले चीफ हरदीप सिंह निज्जर और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन के मलकीत सिंह फौजी के संपर्क में है। वह पंजाब के गैंगस्टरों और युवाओं को अलग खालिस्तान देश के लिए लड़ने के लिए उकसा रहा है

### दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में हुई जोरदार बारिश

**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में रविवार देर शाम गरज के साथ बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। पूरे दिन लोगों को जलती-चुभती गर्मी से दो-चार होना पड़ा लेकिन शाम होते ही उन्हें बारिश की बौछारों ने राहत दी। हालांकि मौसम विभाग ने पहले ही रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया था। मौसम विभाग के अनुसार, अगस्त की अंतिम दिन में सामान्य से कम बारिश होगी। दिल्ली में अगस्त के महीने में सिर्फ 91.8 एमएम बारिश हुई।

## दिल्ली विश्वविद्यालय में बदले जा रहे हैं टीचर बनने के नियम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विश्वविद्यालय के विभागों में शिक्षकों की पदोन्नति के लिए नया मसौदा लाया जा रहा है। इसे एक जुलाई 2024 में लागू किया जाना है। हालांकि, इसकी शर्तों को लेकर शिक्षकों में विरोध शुरू हो गया है। शिक्षक संगठनों ने इसमें बदलाव की मांग की है।

**असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए ये होगा नियम:** नए मसौदा के मुताबिक, अब असिस्टेंट प्रोफेसर के लेवल 11 से 12 के लिए पदोन्नति हासिल करने के लिए एक छात्र को पीएचडी अवार्ड कराना या प्रोफेसर के पर्यवेक्षण में पीएचडी करना अनिवार्य करने की योजना है। पांच वर्षों में 11 से 12 लेवल के लिए पदोन्नति होती है। शिक्षकों का कहना है कि यह व्यवस्था ठीक नहीं है। इससे पढ़ाने की प्रोफेसर की कुशलता का कोई मतलब नहीं रह जाएगा।




**एसोसिएट प्रोफेसर के लिए दो पीएचडी अवार्ड होना जरूरी:** पीएचडी के लिए छात्र का चयन विभाग के हाथ में होता है। इस नियम से कई शिक्षकों के साथ भेदभाव की गुंजाइश है। इसके अलावा अब लेवल 12 से एसोसिएट प्रोफेसर बनने के लिए दो पीएचडी अवार्ड होना या दो उक्त प्रोफेसर के पर्यवेक्षण में हो रही हो या इसमें भी कम से कम के वे मुख्य पर्यवेक्षक हों। एसोसिएट प्रोफेसर से पूर्ण प्रोफेसर बनने के लिए दो छात्रों की पीएचडी अवार्ड होना और दो साथ में चल रही हों, जरूरी कर दिया गया है।

**सीनियर प्रोफेसर बनने के लिए छह पीएचडी अवार्ड होनी चाहिए:** प्रोफेसर को सीनियर प्रोफेसर बनने के लिए छह पीएचडी अवार्ड कराई होनी चाहिए। इसमें तीन उनके मुख्य पर्यवेक्षण में हों या इन छह में से दो मूल्यांकन अवधि के दौरान प्रोफेसर के मुख्य पर्यवेक्षण या सहायक पर्यवेक्षण में होना जरूरी है।

## दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों पर एसएफजे ने खालिस्तान समर्थित नारे लिखे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

जी-20 सम्मेलन की तैयारियों के बीच राजधानी दिल्ली में आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने पांच से अधिक मेट्रो स्टेशनों पर खालिस्तान समर्थित नारे लिखे, जिन्हें पुलिस ने मिटा दिया है। डीसीपी मेट्रो जी राम गोपाल नाइक ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। दरअसल, सिख फॉर जस्टिस से जुड़े लोगों ने दिल्ली के शिवाजी पार्क, मादीपुर, महाराजा सूरजमल स्टेडियम और पंजाबी बाग समेत




आधा दर्जन मेट्रो स्टेशनों की दीवारों पर यह नारे लिखे हैं। सूचना पाकर मेट्रो पुलिस सभी जगहों पर पहुंच गई और नारे मिटा दिए हैं। मेट्रो पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही स्पेशल सेल भी मामले की जांच कर रही है। मेट्रो स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि नारे लिखने वालों की पहचान हो सके।

## घर के अंदर घुसकर चार लाख रुपये उड़ा ले गए चोर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिलशाद** गार्डन में चोर एक ट्रैवल एजेंट के घर से चार लाख रुपये ले उड़े। वारदात के वक्त घर के अंदर कोई मौजूद नहीं था। पीड़ित करण मेहता की शिकायत पर सीमापुरी थाना पुलिस ने चोरी की धारा में प्राथमिकी की है। पुलिस घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपितों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। करण मेहता अपने परिवार के साथ दिलशाद गार्डन में रहते हैं। उनके घर पर उनकी बहन व भांजा भी रहते हैं। उनकी मां सत्संग में पंजाब गई हुई थी। उनका भांजा स्कूल से घर आया तो देखा घर का दरवाजा खुला पड़ा है। किशोर ने मामले की सूचना स्वजन को दी। पीड़ित ने घर पहुंचकर अलमारी देखी तो उसमें रखे चार लाख रुपये गायब थे।

**प्राथमिकी**

**पीड़ित करण मेहता की शिकायत पर सीमापुरी थाना पुलिस ने चोरी की धारा में प्राथमिकी की है**

## जी 20- दिल्ली पुलिस की कारकेड रिहर्सल आज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत** की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अगले महीने शुरू होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा तैयारियों के तहत दिल्ली पुलिस (रविवार) एक 'कारकेड' रिहर्सल करेगी। इस पूर्वाभ्यास में विभिन्न बिंदुओं से प्रगति मैदान तक जाने वाले वाहनों का लंबा काफिला शामिल होगा। इस वजह से कई सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक कई स्थानों पर यातायात प्रभावित होगा। इसके मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने वाहन चालकों को कुछ मार्गों पर न गुजरने की सलाह दी है। इसमें कहा गया है कि इन सड़कों में सरदार पटेल मार्ग-पंचशील मार्ग, तीन मूर्ति मार्ग, बाराखंभा रोड ट्रैफिक सिग्नल, जनपथ-कर्तव्य पथ, विवेकानंद मार्ग, लोधी रोड फ्लाई ओवर के नीचे, शांति वन चौक, जोसेफ टीटो मार्ग-सिरी फोर्ट रोड, प्रेस एन्क्लेव रोड-लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, सी-हेक्सागोन, मथुरा रोड और सलीमगढ़ बाईपास शामिल है।

**काफिला**

**पूर्वाभ्यास में विभिन्न बिंदुओं से प्रगति मैदान तक जाने वाले वाहनों का लंबा काफिला शामिल होगा**

## जी-20 के लिए एएसआई ने किया स्मारक तैयार, रंगरोगन का काम पूरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जी-20 को** देखते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने स्मारक तैयार कर दिए हैं। यहां साफ सफाई से लेकर रंगरोगन तक का काम पूर कर लिया गया है। प्रमुख रूप से लालकिला, कुतुबमीनार और हुमायूं के मकबरे में व्यवस्थाएं बेहतर की गई हैं। पुराना किला में भी खुदाई स्थल को फिर से खोलने के लिए हट बनाकर ढंक दिया गया है। मेहमानों के लिए पुराना किला में लाइट एंड साउंड शो भी तैयार कर दिया गया है। एएसआइ को अब दिशा निर्देश का इंतजार है। एएसआइ का कहना है कि जैसे ही निर्देश आते हैं हम विदेशी मेहमानों को स्मारक दिखा सकेंगे। दिल्ली में एएसआइ के 174 स्मारक हैं, इसमें से 11 में टिकट लगता है। इसमें तीन विश्व धरोहर कुतुबमीनार, हुमायूं का मकबरा और




लालकिला शामिल हैं। मेहमानों के लिहाज से पुराना किला का महत्व भी इसलिए बढ़ जाता है कि यहां पर भारत के प्राचीन इतिहास के पुरातात्विक दस्तावेज जुटाने के लिए खुदाई हो रही है। यहां पांच हजार साल पुराना भारत का इतिहास ढूंढा जा रहा है। जो पांडवों के किला इंद्रप्रस्थ से संबंधित है।

**महाभारत काल से भी कनेक्शन:** 1955 के बाद से अब पांच बाद हो चुकी खुदाई में अब तक इस कार्य में कुछ हद तक सफलता भी मिल चुकी है। यहां जनवरी से कुंती मंदिर स्थल पर हुई खुदाई में प्रारंभिक कुषाण काल की संरचनाएं मिली हैं। इस उत्खनन से इंद्रप्रस्थ के प्राचीन शहर के बारे में और जानकारी मिलने की उम्मीद है। यहां नौ सांस्कृतिक काल के प्रमाण मिले हैं। यह पांचवी बार उत्खन्न किया गया है। दिल्ली में ये एकमात्र पुरातात्विक स्थल है, जिसका संबंध महाभारत काल से है। पुराना किला में उत्खन्न के दौरान पूर्व मौर्य काल, मौर्य काल, शुंग, कुषाण काल, गुप्त,उत्तर गुप्त, राजपूत काल, सल्तनत व मुगल काल के अवशेष प्राप्त हो चुके हैं। यह किला जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल प्रगति मैदान से काफी नजदीक है ऐसे में माना जा रहा है कि अतिथि यहां पहुंच सकते हैं।

**मेहमानों के लिए पुराना किला में लाइट एंड साउंड शो तैयार:** मेहमानों के लिए पुराना किला में लाइट एंड साउंड शो भी तैयार कर लिया गया है। यह कार्यक्रम आधे घंटे का होगा। पुराना किला में अब पांडवकालीन इतिहास भी देखने को मिल सकेगा। शुरू होने जा रहे लाइट एंड साउंड शो में पांडवों के समय के इतिहास को भी दिखाए जाने की तैयारी है। इसके साथ ही मौर्य, कुषाण के लेकर शेर शाह सूरी और हुमायूं से लेकर अकबर के पुराना किला से संबंधित इतिहास दिखाया जाएगा। आईटीडीसी (इंडियन टूरिज्म डवपलमेंट कार्पोरेशन) इस लाइट एंड साउंड शो को हुमायूं के दरवाजे पर फिट कर चुका है।

**तैयारी**

**यहां साफ सफाई से लेकर रंगरोगन तक का काम पूर कर लिया गया है। हुमायूं के मकबरे में व्यवस्थाएं बेहतर की गई हैं**

## न्यूज फ्लैश

### मेंटेनेंस के चलते आज शहर में दो घंटे बिजली कट

**गन्नौर:** मेंटेनेंस के कार्य के चलते रविवार को शहर में दो घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। शहरी एसडीओ सचिन दहिया ने बताया कि गन्नौर मंडी में मेंटेनेंस के कार्य के चलते रविवार सुबह 8 बजे से 10 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की।

### पशुओं को चारा डालकर लौट रही युवती से मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जाजल में पशुओं को चारा डालकर घर लौट रही युवती से मारपीट करने बीच-बचाव करने आए उसके भाई पर रॉड से हमला कर घायल करने के आरोप की शिकायत मिली है। युवती ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जाजल निवासी सविता ने बताया कि वह शुक्रवार देर शाम करीब 8.30 बजे पशुओं को चारा डालने के बाद वापिस घर लौट रही थी। रास्ते में नीरज, सचिन, हेमंत, सतीश, कार्तिक ने बिना किसी कारण के उसका रास्ता रोक लिया। उसके साथ मारपीट करने लगी। वह गली में गिर गई। उसने शोर मचाया तो उसका भाई मौके पर आ गया। पीड़िता ने बताया कि हमलावरों ने उसके भाई पर रॉड से हमला कर घायल कर दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायलों को परिजन अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी मिल गई। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### युवक पर हमला कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में उधार के रुपये मांगने को लेकर कांटेदार तार व हॉकी से हमला कर शख्स को घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। फैज बाजार निवासी प्रवीन ने बताया कि वह प्राइवेट काम करता है। गत 25 अगस्त को वह सुबह डोजर उर्फ राजीव से उधार के रुपये मांगने के लिए गया था। जहां उसने गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। गाली-गलौच का विरोध करने पर उसे हॉकी व कांटेदार तार से हमला कर घायल कर दिया। लोगों को इकट्ठा होता देख आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी कर्मजीत ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### संदिग्ध हालत में सड़क पर मिला व्यक्ति का शव

**सोनीपत:** सदर थाना क्षेत्र के गांव भटगांव में अज्ञात व्यक्ति का शव सड़क पर मिला। राहगीर ने मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। गांव जौली निवासी रवि ने बताया कि वह एमसीडी दिल्ली में नौकरी करता है। गत 26 अगस्त को मोटरसाइकिल पर सवार होकर जौली से महलाना सड़क मार्ग से जा रहा था। वह भटगांव गांव कैंप पर पहुंचा। जहां सड़क पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला। मामले को लेकर डायल-112 पर सूचना दी। सूचना के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

### लाईफस्टाईल पर आधारित दी क्यूरेटेड पॉपअप शो एग्जीबिशन हुई सम्पन्न

**चंडीगढ़:** पावन पर्व रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर सेक्टर 35 स्थित होटल जेडब्ल्यू मैरियट में लाईफस्टाई पर अधारित एक दिवसीय एग्जीबिशन - दी क्यूरेटिड पॉपअप शो समूचे क्षेत्र से जुटे एग्जीबिटर्स की भागीदारी के साथ सम्पन्न हुई। लुधियाना स्थित दी क्यूरेटिड और कानपुर स्थित एँट इंटरटेनमेंट द्वारा इस प्रदर्शनी में लगभग दो दर्जन स्टाल्स में लाईफस्टाईल से जुड़ी चीजें जैसे नये डिजाईन किये गये कपड़े, पेंटिंग्स, बेकरी, होम मेड खाने की चीजें, ज्यूलैरी, रखी गई जिसमें स्थानीय लोगों ने रुचि दिखाई। आयोजक जसलीन कौर ने बताया कि इस एग्जीबिशन में दिल्ली, चंडीगढ़ के साथ लुधियाना, अमृतसर, उत्तराखंड, यूपी वेस्ट आदि स्थानों से आये एग्जीबिटर्स ने अपन क्रिएशंस डिस्पले पर रखे। उन्होंने बताया कि इस एग्जीबिशन के माध्यम से उभरते हुये डिजाइनरों और युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन मिला है। एग्जीबिशन का उद्घाटन जानी मानी पंजाबी गायिका, माडल और अभिनेत्री सारा गुरपाल ने किया। उन्होंने जसलीन कौर के प्रयासों की सराहना करते हुये कहा कि उनकी यह कोशिश स्थानीय लोगों में स्वरोजगारिकता को बढ़ावा देगी।

# प्रदेश में बिजली आंदोलन को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा: अशोक तंवर

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आम आदमी पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ अशोक तंवर ने रविवार को झांसा के कम्युनिटी सेंटर में बिजली आंदोलन व सदस्यता ग्रहण समारोह में शिरकत की। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी को ज्वाइन किया। डॉ अशोक तंवर ने कहा कि प्रदेश के लोग महंगे बिजली के बिलों की मार झेल रहे हैं। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता गांवों में घर घर जाकर लोगों को बिजली के मुद्दे पर जागरूक कर रहे हैं। आज पूरे प्रदेश में बिजली आंदोलन को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब व दिल्ली की तर्ज पर हरियाणा में भी बिजली बिल माफ किए जाएंगे और प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। आज दिल्ली में 80% और पंजाब में 90% घरों का बिजली बिल जीरो आ रहा है।



उन्होंने कहा कि आज भाजपा ने देश को डूबो दिया और प्रदेश की गठबंधन सरकार ने कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और सिरसा संसदीय क्षेत्र को बाढ़ में डुबोया। बाढ़ के बाद अब प्रदेश में डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का प्रकोप बना हुआ है। स्थानीय लोगों द्वारा सरकार के प्रति विरोध प्रदर्शन दर्शाता है कि प्रदेश की गठबंधन सरकार का बीमारियों पर कहीं भी अंकुश नहीं है। प्रदेश में भाजपा द्वारा आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन पर कटाक्ष करते हुए अशोक तंवर ने कहा कि आम आदमी पार्टी की आंधी में पन्ना और उनके प्रमुख दोनों उड़ जाएंगे। हरियाणा में जिन जिलों में बाढ़ आई थी वहां प्रदेश की गठबंधन सरकार के चुने हुए नुमाइंदे और पन्ना प्रमुख कहीं नजर नहीं आए। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में एलईडी लाइटों का प्रचलन बढ़ा तो घरों में बिजली के बिल ज्यादा कैसे आ रहे हैं। जबकि एलईडी लाइट लगने के बाद बिजली के बिल कम होने चाहिए थे। प्रदेश की गठबंधन सरकार जानबूझकर घरों के बिजली के बिल 70 से 74 दिनों के बना कर भेज रही है, जिससे बिजली 7 रुपए से ज्यादा रेट में मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब गठबंधन सरकार से मुक्ति पाने का समय आ गया है। सीएम खट्टर प्रदेश के सभी जिलों में घूम-घूम कर जनसंवाद के बहाने विदाई पार्टी ले रहे हैं। 2024 में प्रदेश की जनता पंजाब और दिल्ली की तरह प्रदेश से गठबंधन सरकार का सफाया करेगी।

## सरकार का रक्षाबंधन पर महिलाओं को तोहफा



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
हरियाणा सरकार ने महिलाओं को रक्षाबंधन का तोहफा देते हुए हरियाणा परिवहन की बसों में इस वर्ष भी मुफ्त यात्रा सुविधा देने का निर्णय लिया है ताकि बहनें अपने भाइयों के घर जाकर राखी बांध सकें। डीसी डॉ वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा जनहित में पिछले कई वर्षों से रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं को मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही है। इस वर्ष भी पिछले वर्ष की भांति महिलाएं अपने 15 साल तक के बच्चों के साथ इस निःशुल्क यात्रा सुविधा का लाभ ले सकती हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा की सुविधा मंगलवार 29 अगस्त, 2023 को दोपहर 12 बजे से आरम्भ होगी तथा 30 अगस्त, 2023 रक्षाबंधन के दिन मध्य रात्रि 12 बजे तक रहेगी। यह सुविधा साधारण व स्टैंडर्ड बसों में दी

## गली में वाहन खड़ा करने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सिविल लाइन थाना क्षेत्र की कैलाश कॉलोनी में गली में खड़े वाहन को लेकर दो पक्षों में झगड़ा शुरू हो गया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपितों ने रंजिशन गोदाम में घुसकर उसे व उसके नौकर को पीट-पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। कैलाश कॉलोनी निवासी कमल प्रकाश ने बताया कि उसकी आईटीआई चौक पर मिठाई की दुकान है। वहीं कॉलोनी में अंदर मकान बना रखा है। गोदाम वाले रास्ते पर जगमंदर सैनी का मकान है। वह गली में अपनी गाड़ी खड़ी कर देता है। जिसके चलते गली में दूसरे वाहन को लेकर जाना मुश्किल हो जाता है। गत 25 अगस्त को गोदाम में सामान लेने जा रहा था। गली में खड़ी गाड़ी को लेकर जगमंद के लड़के को साइड में खड़ी करने के लिए कहा। उसके साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। उसे व उसके नौकर को गोदाम में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी मिल गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**घायल किया**

▶▶ पीड़ित का आरोप है कि आरोपितों ने रंजिशन गोदाम में घुसकर उसे व उसके नौकर को पीट-पीटकर घायल कर दिया

## 90 प्रतिशत प्रकल्पों का नाम गांधी और नेहरू परिवार के नाम पर रखा गया: विज

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उनसे सवाल किया कि देश में 90 प्रतिशत प्रकल्पों का नाम गांधी और नेहरू परिवार के नाम पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि क्या यह उनके बाप की मलकियत है और किस आधार पर रखा गया है वही, उन्होंने 26 गठबंधन वाली पार्टी को टी-पार्टी बताते हुए कहा कि ये टुकड़े-टुकड़े हैं और ये बैठकर चाय पानी पी लेते हैं। इसी तरह, उन्होंने कहा कि नूह में एहतियातन तौर पर इंटरनेट सेवाओं को बंद किया गया है। नूह में हिंदू संगठन ने यात्रा निकालने का ऐलान किया है जिसे लेकर गृहमंत्री अनिल विज कहा है कि फिलहाल क्या कार्यक्रम है अभी कुछ पता नहीं है लेकिन हमारा पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है।

## 'भारत के सभी राज्यों में लगाए जा रहे मिशन जेल कैंप'

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा, कमाल हुसैन**
अखिल भारतीय चर्म रोग विशेषज्ञ संस्था आई ए डी वी एल संघ ने मिशन जेल का बीड़ा उठाया है। इस वर्ष आई ए डी वी एल प्रधान डॉ विजय जावर के द्वारा इस मिशन की पहल की गई है कैदियों में चर्म रोग की समस्या अधिक पायी जाती है। इसलिए उनको चर्म रोग से सम्बंधित उचित इलाज दवाइयां और जानकारी मिले इसके लिए भारत के सभी राज्यों में मिशन जेल कैंप लगाए जा रहे है और और इस मिशन के अंतर्गत देश के चर्म रोग विशेषज्ञ उन कैदियों का इलाज कर रहे है ' इंडियन एसोसिएशन ऑफ डमेटोलॉजिस्ट, वेनेरोलॉजिस्ट और



लेप्रोलॉजिस्ट आई ए डी वी एल त्वचा विशेषज्ञों का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा संघ है। आई ए डी वी एल प्रधान डॉ विजय जावर द्वारा 27 अगस्त को सम्पूर्ण भारत में त्वचा शिविरों का शुभारंभ किया गया। शिविर को जिला जेल, गुरुग्राम में अध्यक्ष डॉ. जावर द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। विजय जावर और सचिव डॉ.दिनेश कुमार देवराज इस अवसर पर डॉ.रश्मि सरकार,डॉ.विनय सिंह,डॉ. मुकेश गिरधर,डॉ.सुमित शर्मा,डॉ.नीरज मेहता, डॉ.गुरविंदर बंगा,डॉ.मोना शर्मा,डॉ.प्रेरणा यादव, डॉ. रोहित बत्रा एवं डॉ. सुमित गुप्ता मौजूद रहे।

# अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं कॉलोनी निवासी: सचिन कुंडू

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन** प्रदेश भर में चल रहे 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के चलते हल्का पानीपत ग्रामीण में हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुंडू भी लगातार जनता के बीच हैं। सचिन कुंडू ने हल्का पानीपत ग्रामीण की दीनानाथ कॉलोनी में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत समस्त साथियों ने भव्य स्वागत किया और बुजुर्गों ने आशिर्वाद दीया और साथ ही सचिन कुंडू ने बताया कि कालोनीवासी अपनी मूलभूत सुविधाओं तक के लिए तरस रहे हैं। गलियां टूटी पड़ी है, पीने के पानी की कोई उचित व्यवस्था नहीं है, नालियों का गंदा पानी घरों में जाता रहता है जिसके कारण कई प्रकार की बीमारियां होने का भय बना रहता है। प्रॉपर्टी आईडी और फैमिली आईडी के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है। फैमिली आईडी की वजह से राशन कार्ड, पेंशन काटी जा रही है। जिसके कारण जनता में सरकार के प्रति बहुत अधिक रोष है। अब जनता भाजपा और जाजपा से छुटकारा पाना चाहती है और आने वाले चुनाव में जनता द्वारा वर्तमान सरकार को नकार दिया जाएगा व आदरणीय चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। सचिन कुंडू ने कहा कि ये जो फैमिली प्रॉपर्टी पोर्टल है इसको समाप्त कर दिया जायगा। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर बुजुर्गों को 6000 रुपए पेंशन दी जाएगी। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। गरीब परिवारों को 100x100 गज के प्लॉट दिए जायेंगे। 200000 खाली पड़े सरकारी पदों पर पक्की भर्ती की जाएगी। इस अवसर पर दीपक खटकड़, जयकुवार बिंदल, सतपाल रोड़, रमेश मलिक, विनोद शर्मा, रामवीर प्रजापत, श्यामा, राजमान, विनोद मास्टर, शिवकुमार प्रजापत, मोहित बिंझौल, तेजी चंदौली, संदीप बुडशाम आदि सैकड़ों गणमान्य कोलोनीवासी मौजूद थे।

**अभियान**

▶▶ कांग्रेस की सरकार आने पर बुजुर्गों को 6000 रुपए पेंशन दी जाएगी। गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा



## तेज रफ्तार का कहर: कार सवार ने दो बाइक सवार तीन लोगों को चपेट में लिया

**सोनीपत: राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर कुंडली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखन को मिला। प्याऊ मनियारी के पास तेज रफ्तार कार ने दो बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में अलग-अलग बाइक सवार एमएसी की छात्रा और जनरेटर मिस्त्री की मौत हो गई। वहीं छात्रा का सहपाठी गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली के नरेला स्थित राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस ने मामले में कार चालक की पहचान कर उसको हिरासत में ले लिया है। गांव पहाड़ी भिवासनी निवासी मोनिका (22) मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। मोनिका ने एयरफोर्स में भर्ती के लिए आवेदन किया हुआ था। उनकी शनिवार को दिल्ली के बुद्धपुर स्थित केंद्र में लिखित परीक्षा थी। जिसके लिए वह अपने सहपाठी रेवाड़ी के गांव बावल निवासी अंकित (22) के साथ बाइक पर दिल्ली गई थी। दोपहर बाद दोनों परीक्षा देकर दिल्ली से वापस मुरथल विवि स्थित अपने हॉस्टल में लौट रहे थे। जब वह प्याऊ मनियारी के पास ड्रेन नंबर-8 के फ्लाईओवर पर पहुंचे तो उनकी बाइक को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। उसके साथ ही कार सवार ने एक अन्य बाइक सवार गांव बैंयापुर निवासी सचिन (40) की बाइक को भी टक्कर मार दी। जनरेटर मिस्त्री सचिन कुंडली की तरफ से सोनीपत आ रहे थे। दोनों बाइकों को टक्कर मारने के बाद कार सवार मौके से भाग गया। हादसे में मोनिका, अंकित व सचिन गंभीर रूप से घायल हो गए।


## ब्रह्माकुमारी सरला दीदी ने सबको राखी बांधी



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**दीदी** ने सबको बताया की अपने घरों में रक्षाबंधन मनाने से पहले भगवान के घर में रक्षाबंधन मनाये। रक्षाबंधन का भाव यही है की भगवान के प्यार में आत्मा बंधे। साथ ही उन्होंने बताया की मैडिटेशन कितनी महत्वपूर्ण क्रिया है। मैडिटेशन बैचेनी और अवसाद को दूर करता है। दिन में 23 घंटे अगर हमारा दिमाग बाहरी दुनिया के बारे में विचार करता है तो हम एक घंटा तो अपने लिए निकाल ही सकते है। इस मौके पर आदरणीय सरला दीदी, सुमन दीदी, विमलाग दीदी, रजनी दीदी, सीमा दीदी, शिवानी दीदी , डॉक्टर अग्रवाल और शशि लूथरा भी मौजूद रहे।

## गोल्डन हरियर आकुश ने सीरीज को 3-0 से जीता

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
बड़वासनी में चल रही 3 मैच की सीरीज में गोल्डन हरियर क्रिकेट अकादमी आकुश ने सीरीज को 3-0 से जीत लिया वही खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में फाइनल में अंडर 17 में गोनेकआ स्कूल को हराकर राई ब्लॉक में प्रथम स्थान पर आने पर अकादमी में खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। 7 खिलाड़ियों का चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता में हुआ है जिसमे वंश ,वैभव,मयंक रोहिला,मनीष ,शुभम,सौरव दक्ष है। जिन्होंने खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदरहसन किया मयंक ने 2 मैच में 6 विकेट किए और 40 रन बनाए। प्रशिक्षक दीपक चौहान व मेंटर पंकज ने कहा के यह जीत बच्चो ने उत्साह भरेगी। बच्चे आगे और भी लग्न और मेहनत से प्रैक्टिस करेंगे बच्चो पर डॉक्टर बनने के लिए दबाव बनाया जाता है जिससे जो मध्यम मार्क्स लाने वाले बच्चे होते है वो मानसिक तनाव में चले जाते है,खेल में भी बच्चे अपना कैरियर बना सकते है। सभी खेलो के सफल खिलाड़ी आज सभी के सामने उदाहरण है।बच्चो को खेल के मैदान तक ले जाने के प्रयास में हम लगे हुए है।लड़कियों व बीपीएल परिवार के बच्चो को नेष्शुल्क प्रशिक्षसन व खेल का समान दिया जाता है। स्कूल के चैयरमेन अमित ने सभी बच्चो के लिए खेल सुविधा बढ़ाने के लिए कहा,पुम्मी,अनमोल को बेस्ट फील्डर चुना गया,गिरवान और अंश को बेस्ट बल्लेबाज चुना गया,दीपक कौशिक,दीपांशु अच्छा खेल दिखाया।



# सतीश शर्मा डाहर को बनाया पानीपत ब्राह्मण सभा का जिला अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
संजय कालोनी स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला में जिला पानीपत के ब्राह्मण समाज के हजारों लोगों द्वारा सर्वसम्मति से जिला पानीपत ब्राह्मण सभा का जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डाहर को बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यनारायण छदिया ने की। इससे पूर्व बुजुर्गों, पूर्व प्रधानों व जिला पार्षदों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान पार्षद शिव कुमार शर्मा, एडवोकेट ऋत मोहन शर्मा, पूर्व प्रधान सुरेन्द्र शर्मा सनौली, पूर्व प्रधान हवासिंह डिडवाड़ी, पूर्व प्रधान रघबीर मांडी, बलवान आढ़ती, डा.सतबीर, जिला पार्षद नारायण दत शर्मा छाजपुर, सुरेश डीएसपी, राजेन्द्र हलदाना, रमेश जलालपुर, अशोक शर्मा छदिया, अनिल शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि वो किसी को किसी पद से हटाना नहीं चाहते बल्कि व्यवस्था परिवर्तन करना चाहते हैं। जिसका मौजूद समाज के सभी लोगों ने हाथ उठाकर समर्थन किया। इसके बाद पूर्व सरपंच रघुबीर मांडी ने सतीश शर्मा डाहर को जिला का प्रधान बनाने का प्रस्ताव रखा। जिसका हजारों लोगों ने हाथ उठाकर समर्थन किया तथा सतीश शर्मा के नारे लगाए। वहीं सतीश शर्मा के प्रधान बनने पर लोगों ने उनका पगड़ी पहनाकर व फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया तथा गाड़ि़ों के काफिले के जलूस के साथ अपने निवास पहुंचे। अपने संबोधन में नवनियुक्त प्रधान सतीश शर्मा ने कहा कि समाज ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उसे पूरी मेहनत व ईमानदारी से निभायेंगे। समाज को संगठित कर उसे आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा। समाज के किसी बच्चे को आर्थिक तंगी के चलते खेल या पढ़ाई छोड़ने की नौबत नहीं आने दी जाएगी। समाज को जहां भी जिस भी समय उनकी जरूरत होगी वह हाजिर होंगे। वहीं ब्राह्मण महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष प्रधान रोहित गौतम ने कहा कि सभा के आजीवन सदस्य बनाकर भविष्य में प्रधान पद का चुनाव वोटिंग द्वारा कराया जाएगा। रोहतक की तर्ज पर गौड़ ब्राह्मण संस्था की तरह एक एकड़ भूमि लेकर एकेडमी खोली जाएगी। रोहित गौतम ने युवाओं से आह्वान किया की भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छटे अवतार हैं इसलिए उन्हें दादा ना कहें। इस अवसर पर प्रदीप गौतम कवी, पूर्व चेयरमैन डा.धर्मबीर बापौली, कर्मबीर मांडी, नरेश कालखा, महावीर भारद्वाज, धर्मबीर शेरा,पूर्व युवा प्रधान डा.प्रदीप कुराड़, प्रो.बालकिशन शर्मा, जिला युवा प्रधान शिव शंकर बिल्लू, कृष्ण राजाखेड़ी, बलराज कारद,विनोद शास्त्री छाजपुर, शिव कुमार सरपंच हलदाना, पवन डिकाडला, अशोक शर्मा, रामनिवास गवालड़ा, ईश्वर जेई व बलवान राजाखेड़ी आदि मौजूद रहे।




# शतरंज में याना बनी विजेता

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला** स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता के गर्ल्स अंडर -14 आयु वर्ग के मुकाबले में मेजबान जानकीदास कपूर स्कूल की छात्रा याना ने पहला व अवनि ने दूसरा स्थान हासिल किया । डीएवी स्कूल की वरेण्यम तीसरे व लिटिल एंजिल्स स्कूल की स्वस्ति चौथे स्थान पर रही । पांच राउंड की इस प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी खिलाड़ियों के बीच कड़े संघर्ष देखने को मिले। शिक्षा विभाग से इस आयोजन की कमान संभाल रहे मनोज वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में जानकीदास कपूर स्कूल की छात्रा याना ने 4.5 अंक हासिल कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया । दूसरे, तीसरे व चौथे स्थान पर रही अवनि , वरेण्यम व स्वस्ति ने एक सामान 4 -4 अंक हासिल किए, लेकिन तकनीकी आधार पर उनका पोजीशन निर्धारित किया गया । डीएवी की अर्शिका पांचवें व दिव्या छठे स्थान पर रही । इस मौके पर विशेष रूप से पहुंचे जिला शतरंज एसोसिएशन के महासचिव अजय गोयल ने प्रतिभागियों की हौसलाअफजाई की। उन्होंने कहा कि देश में शतरंज का स्वर्णिम काल शुरू हो चुका है। शतरंज विश्व कप में उपविजेता बनकर भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रगाननंदा ने इतिहास रच दिया है।



# शालामार गांव चौक पर ट्रैफिक जाम लगने से लोग परेशान





● दिल्ली प्रदेश निष्काम व्यापार संगठन ने एलजी, सीएम सहित कई विभागों को लिखा पत्र

● जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने संबंधित विभाग से की अपील, जल्द हो समस्या का समाधान

● शालामार गांव चौक पर सर्कल बनाने का प्रस्ताव पास है, इसलिए यहां पर जल्द से जल्द सर्कल बनाना जाये: प्रदीप जिंदल

● आरडब्ल्यूए बीबीईस्ट शालीमार बाग के प्रधान जवाहर मदान भी इस संबंध में लिख चुके है संबंधित विभाग को पत्र, नहीं हुई कोई सुनवाई

**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली के शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले शालामार गांव चौक पर जाम लगने की वजह से यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। आपको बतादें कि शालीमार बाग, शालामार गांव, अशोक विहार, पीतमपुरा, महेन्द्रा पार्क, जहांगीरपुरी, संजय नगर सहित कई अन्य इलाकों की ओर से जाने वाले लोग इस रास्ते का प्रयोग करते हैं।

**शालामार गांव चौक पर सर्कल बनाने का प्रस्ताव है पास:** दिल्ली प्रदेश निष्काम व्यापार संगठन के महामंत्री प्रदीप जिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि शालामार गांव चौक पर सर्कल बनाने का प्रस्ताव पास है, इसलिए यहां पर जल्द से जल्द सर्कल बनाया जाये, जिससे की यहां की समस्या का समाधान हो सके।

**दिल्ली प्रदेश निष्काम व्यापार संगठन ने एलजी, मुख्यमंत्री, पुलिस कमिश्नर, एमसीडी कमिश्नर को लिखा पत्र:** दिल्ली प्रदेश निष्काम व्यापार संगठन के महामंत्री प्रदीप जिंदल ने इस समस्या को लेकर दिल्ली के एलजी, मुख्यमंत्री, पुलिस कमिश्नर, एमसीडी कमिश्नर और क्षेत्रीय सांसद डॉ. हर्षवर्धन को पत्र लिखा है। प्रदीप जिंदल ने बताया कि शालामार गांव चौक पर जाम लगने की वजह से यहां से गुजरने वाले लोगों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ता है।

**शालामार गांव चौक के आस-पास अवैध पार्किंग व कब्जा:** प्रदीप जिंदल ने बताया कि शालामार गांव चौक के आस-पास अवैध पार्किंग व कब्जे किये जा रहे है, फुटपाथ पर भी कब्जे किये जा चुके हैं। साथ ही ई-रिक्शा वाले चौक पर गलत तरीके से खड़े होते हैं। साथ ही रेहड़ी-पटरी वाले मेन रोड़ के दोनों तरह गलत तरीके से खड़े रहते है, जिससे यातायात अवरूद्ध होता है।

**समस्या का हो जल्द से जल्द समाधान:** जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कहा कि संबंधित विभाग को इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करना चाहिए। यहां पर जाम लगने की वजह से लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। श्री शर्मा ने संबंधित विभाग से अपील भी है कि वह इस समस्या का समाधान करें, जिससे की यहां से गुजरने वाले लोगों को जाम की समस्या का सामना न करना पड़े।

**रोज लगता है यहां पर जाम:** आरडब्ल्यूए बीबीईस्ट शालीमार बाग के प्रधान जवाहर मदान ने बताया कि यहां पर रोज जाम लगता है, जिसके चलते यहां के निवासी काफी ज्यादा परेशान होते हैं और यहां पर जाम लगने की वजह से स्कूली बच्चे भी स्कूल जाने में लेट हो जाते हैं, पहले यहां पर कभी-कभी जाम लगता था, लेकिन अब रोज जाम लगता है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि डीसीपी और संबंधित विभाग को इस समस्या को लेकर मैं कई बार लेटर लिख चुका हूं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।



संस्कृत सप्ताह का आरम्भ प्रचार अभियान के द्वारा विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर समाज जनों के लिए 'श्लोक सुनाइए उपहार पाइये' के द्वारा हुआ। श्लोकों का उच्चारण करने के बाद, संस्कृत भारती ने उन्हें श्रीमद्भगवद गीता, संस्कृत वदतु पुस्तक और एक चॉक्लेट प्रदान किया। इस मौके पर प्रांत प्रचार प्रमुख धनंजयाचार्य, कमला नगर जिला संयोजक श्याम सुंदर, प्रचार प्रमुख अंगिरस, जनपद विस्तारक मनीष, कृष्णकांत, प्रीति सैनी, लावा, सौरभ, कामिनी, तपस्या, तान्या, मनमोहिनी, स्नेहा, सुमन, वर्षा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दिव्यांगजनों के परीक्षण शिविर के लिए चलाया अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लवकुश** रामलीला कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने दिव्यांग जनों के परीक्षण शिविर के लिए जन जागरण अभियान चलाया। कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि 29 अगस्त 2023 को प्रातः से नेशनल स्पोर्ट्स क्लब फतेहपुरी पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने दिल्ली पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से लगे शिविर में दिव्यांगजन निःशुल्क उपकरण प्रदान करने हेतु निः शुल्क पंजीकरण कराया जा सकता है।
लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने दिल्ली की जनता से आह्वान किया कि आपके आसपास क्षेत्र में जो भी दिव्यांगजन हैं, उन्हें शिविर में आने के लिए प्रोत्साहित करें।




दिल्ली स्टेट रस्साकसी प्रतियोगिता का लक्ष्मी बाई कॉलेज में आयोजन हुआ। दिल्ली के विभिन्न स्कूल्स से 40 टीम भाग ले रही है। टीडब्ल्यूएफआई के राष्ट्रीय महामंत्री मदन मोहन के सानिध्य में प्रतियोगिता आरंभ हुई। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# क्लस्टर बसों की मनमानी से यात्री परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** क्षेत्र के ज्यादातर डीटीसी के रूटो पर क्लस्टर की बसें लगी हुई है। इनमें डीटीसी की तथा उसके अधीन नई बसें सीएनजी तथा इलेक्ट्रॉनिक की है। सूत्रों से पता चला है कि डीटीसी इन सभी क्लस्टर बसों को किलोमीटर के हिसाब से राशि अदा कर रही है और ज्यादातर स्टाफ डीटीसी द्वारा लगाया गया है। उक्त जानकारी नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष राजव्रत आर्य ने दी। उन्होंने आगे बताया कि हर रोज देखने में यह आता है की जगह-जगह इन रूटों के यात्री डीटीसी द्वारा निर्धारित स्टैंड के बोर्ड, फ्लेक्सी बोर्ड तथा अनुरोध स्टैंड यानी बाई रिक्वेस्ट स्टॉपेज लगाने के बावजूद भी अपने निर्धारित डिपो से आते-जाते टाईम सारे गेट बंद करके फर्राटे से बस को तेज गति से दौड़ाते हुए निकल जाते हैं। यात्री तमाशबीन बनकर रह जाते हैं। यह हाल बवाना क्लस्टर तथा रानीखेड़ा कलेक्टर डिपो की बसों का है जो बवाना साइड से जुड़ी हुई है। डीटीसी के कंडक्टर सरकार को चूना लगाने वाले इस काम में संलिप्त है क्योंकि वे जिम्मेवार होते हुए भी चुप्पी साधे रहते हैं। डीटीसी के संबंधित अधिकारियों से नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष राजव्रत आर्य का यह अनुरोध है कि वह बवाना डिपो कलेक्टर तथा रानी खेड़ा डिपो क्लस्टर से जुड़ी इन बसों के मैनेजरों को हरेक निर्धारित स्टैंड से ज्यादा से ज्यादा सवारी उठाने का सख्त आदेश जारी करने की कृपा करें। फिर भी जारी आदेशों की अवहेलना करने वाले स्टाफ की चैकिंग टीम से रिपोर्ट लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई करें जिससे पैसेंजरों को राहत मिल सके और सरकार की राशि का सदुपयोग हो। इन अपेक्षित रूटों में सेक्टर ए9 स्थित बुध बाजार, ए5 क्रासिंग, हरिश्चंद्र अस्पताल, औद्योगिक एरिया नरेला, कुरेनी मौड अलीपुर रोड़, महाराजा अग्रसेन स्कूल, बवाना रोड जिसके साथ में महाराजा अग्रसेन हास्पिटल जुड़ा है। यहां दिन-रात मरीजों एव उनके तीमारदारों का आना जाना लगा रहता है। विशेष रूप से हैं इन स्टैंडों पर इनकी गाड़ियां बिल्कुल नहीं रुकती।





# अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य स्मृति पर 'कलम के योद्धा' सम्मान से सम्मानित हुए यूट्यूबर ईथन राव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदित्यानाथ** झा ट्रस्ट द्वारा दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य स्मृति 'कलम के योद्धा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस के स्पेशल पुलिस कमिश्नर संजय सिंह, जनता (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी, दिल्ली सरकार में ओब सी कमीशन चैयरमेन जगदीश यादव, पूर्व सांसद महाबल मिश्रा, भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह, विधायक विनय मिश्र, पूर्व सांसद हरिकेश बहादुर, दिल्ली फायर सर्विस के पूर्व चीफ डॉ. धर्मपाल भारद्वाज, डा आदित्यनाथ झा ट्रस्ट के संयोजक एवं शिक्षाविद डा. भरत झा, राधिका झा समेत कई सम्मानित अतिथि मौजूद रहे।
इस सम्मान से सम्मानित हुए ईथन राव। ईथन राव एक भारतीय अभिनेता, थिएटर आर्टिस्ट जोकि हरियाणा के गुड़गांव में रहते है। ईथन ने हिंदी फिल्म उद्योग और टीवी श्रृंखला के लिए काम किया है। इन्होंने धारावाहिक चंद्रकांता, श्री गणेश, ये है महोब्ते, आरंभ में अभिनय किया है। ईथन का अपना निजी यूट्यूब चैनल है जिसके द्वारा उन्होंने शरीर परिवर्तन और खेल का ज्ञान फैलाते है।
इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अरुणिमा, आशीष कुमार सिंह, संपादक संजय गोस्वामी, अमित गांधी, जितेन्द्र पांडे, यूट्यूबर ईथन राव, सागर कुमार, संपादक विनीता यादव, विनोद मल्होत्रा, शिक्षाविद प्रोफेसर ए. के. सैनी, प्रोफेसर दुर्गेश त्रिपाठी, पीटीआई से अतुल यादव, भारतीय जन संचार संस्थान की सुरभि दहिया, रितु यादव, प्रो. हंसराज सुमन, प्रो. संध्या, शिक्षाविद दयानन्द वत्स एवं कार्यकारी संपादक अनुराग, वाहिद, अपनी दिल्ली से संजय गुप्ता, जावेद हुसैन, सुरेश झा, के. डी. पाठक, आर. के. जायसवाल, अशोक कुमार, अजय पांडे, नीति सोमानी, शीला जैन सम्मानित हुए।



# नरेला रेलवे रोड़: चंद्रयान 3 के सफलतापूर्वक प्रक्षेपित होने पर मनाई खुशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** दिल्ली के नरेला में एक कदम संस्कृति की ओर ट्रस्ट की ओर से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को मिशन चंद्रयान 3 की अभूतपूर्व सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करने हेतु, रेलवे रोड़ नरेला पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खुशी में लड्डू बाँटकर एवं ढोल नगाड़े बजाकर उत्सव मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नरेला चेतना मंच के प्रधान मनोज बंसल मौजूद रहे।
इस अवसर पर ट्रस्ट के समस्त युवा सदस्यों और क्षेत्र की विभिन्न प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व रहा। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने हाथों में वैज्ञानिकों को बधाई संदेश वाले बैनर, तख्ती लेकर भारत माता की जय, जय माँ भारती तथा अन्य जयघोषों से इसरो के वैज्ञानिकों तथा समस्त देशवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम के पश्चात आयोजकों द्वारा स्थानीय क्षेत्रवासियों को मिठाई भी वितरित की गई। इस अवसर पर नरेला चेतना मंच के प्रधान मनोज बंसल ने सभी देशवासियों को और विशेषकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) भारत सरकार के सभी वैज्ञानिकों को मिशन चंद्रयान - 3 की अभूतपूर्व सफलता पर कोटि-कोटि बधाई और अनंत शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस उपलब्धि से जहां युवाओं में अंतरिक्ष अन्वेषण के प्रति रुचि और जिज्ञासा बढ़ेगी वहीं इस उपलब्धि से माँ भारती और हम सभी देशवासियों का संपूर्ण जगत में मान सम्मान भी बढ़ेगा। ऐसा माना जा सकता है कि भारत वर्ष के विश्व गुरु बनने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। किड्ज मैजिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रतीक बंसल ने खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री और इसरो की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की की ओर बढ़ रहा है। आज पूरा भारत गर्व महसूस कर रहा है। एक कदम संस्कृति की ओर ट्रस्ट की अध्यक्ष नंदिनी राजपूत ने चंद्रयान की सफलता पर सभी वैज्ञानिको को बधाई दी हैं। सभी ने चंदा मामा दूर के पूए पकाए पूर के गीत को सामूहिक रूप से गाया और अपनी खुशी का इजहार किया।
कार्यक्रम में एक कदम संस्कृति की और ट्रस्ट से नंदिनी राजपूत, हिंदू इको सिस्टम प्रभारी नरेला विधान सभा शिवम दर्शन, अध्यक्ष धीरज सिंह, नरेला चेतना मंच के प्रधान मनोज बंसल, नरेला ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रधान श्रीनिवास वर्मा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से प्रमुख शिक्षाविद् अनिरुद्ध त्यागी, किड्ज मेजिक स्कूल से प्रतीक बंसल और पारस जैन, नरेला वुमेन विंग से अध्यक्षा शालिका अग्रवाल, मधु और मोनिका, अनहद एकादमी से तरुण कुमार तथा प्रमुख समाज सेवी नवीन रोहिल्ला सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।






# बेटियों के उज्वल भविष्य के लिए कारगर सिद्ध हो रही है सुकन्या समृद्धि योजना: डी सी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि बेटियां समाज का गौरव है। डीसी विक्रम ने कहा कि माँ बाप को बेटा और बेटी में कोई फर्क नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के बेहतर क्रियान्वयन और बेटियों को बेहतर शैक्षणिक एवं सुरक्षित माहौल प्रदान करने में सरकार सजगता से अपना दायित्व निभा रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढाओ राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू करते हुए क्रियान्वित किया जा रहा है। अभिभावक इस खाते में 14 साल तक ही पैसे जमा करवा सकते हैं और 21 वर्ष में यह खाता परिपक्व हो जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष के बाद बेटी की उच्चतर शिक्षा के लिए तथा विवाह के समय जमा राशि में से आधा हिस्सा निकलवाया जा सकता है। डीसी विक्रम सिंह ने सरकार की योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वरदान है। इस योजना में जमा की गई राशि भविष्य में बेटियों को उच्चतर शिक्षा दिलवाने व उनकी शादी में आर्थिक रूप से काफी मददगार साबित हो रही है। ऐसे में सभी पात्र व्यक्तियों को इस योजना के तहत अपनी बेटियों के खाते खुलवाने चाहिए।

**क्या है सुकन्या समृद्धि योजना :**



– महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ डाक्टर मंजु श्योरान ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वरदान है।

बेटियों का सुकन्या समृद्धि खाता योजना बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का ही एक भाग है। यह घरेलू बचत के लिए भी सरकार की यह एक अच्छी पहल है। उन्होंने आगे बताया कि सुकन्या समृद्धि खाता एक डाकघर से दूसरे डाकघर में निशुल्क ट्रांसफर किया जा सकता है। जमा राशि पर लगने वाला ब्याज पूर्णतः कर रहित है तथा इसमें आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत छूट भी प्राप्त है। डाक्टर मंजु श्योरान ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत माता-पिता या कानूनी अभिभावक दो लड़कियों के लिए यह खाता खुलवा सकते हैं। बेटी के जन्म से 10 वर्ष तक की उम्र में सुकन्या समृद्धि का खाता खोला जा सकता है। यह खाता लडकी के नाम से ही खोला जाता है। जमाकर्ता माता-पिता (अभिभावक) में से एक होगा, जो नाबालिग लडकी की ओर से पैसा जमा करेगा। उन्होंने बताया कि मात्र 250 रुपये से खाता खोला जाता है। लेकिन साल में कम से कम एक हजार रुपये हर खाते में जमा होने चाहिए, अधिकतम एक लाख 50 हजार रुपये वर्ष में जमा किए जा सकते है। एक वित्त वर्ष में पैसे नकद, चेक या ड्राफ्ट के जरिए कितनी बार ही जमा किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुकन्या समृद्धि खाता योजना में जमा राशि पर ब्याज की गणना सालाना की जाती है। सीडीपीओ ने बताया कि यह खाता इसके खोले जाने की तिथि से लेकर लडकी की आयु 21 वर्ष होने तक तथा उसके विवाह के बाद बंद किया जा सकेगा।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय संघ के कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज अखिल भारतीय क्षत्रिय संघ के वार्षिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। यहां पहुंचने पर दोनों नेताओं का ढोल नगाड़ों के साथ शानदार स्वागत किया गया। इस मौके पर हुड्डा ने ऑल इंडिया क्षत्रिय फेडरेशन को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि संस्था समाज में शिक्षा और कुशलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शानदार काम कर रही है। यह मौजूदा समय की सबसे बड़ी जरूरत है। क्योंकि आज वहीं



समाज, देश व क्षेत्र तरक्की करेगा जो शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज हमेशा देश की सुरक्षा में अग्रणी रहा है। क्योंकि जननी और जन्मभूमि की रक्षा के लिए कुर्बानी देना क्षत्रिय समाज के खून में है। आज के दौर में समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा पर विशेष जोर देना आवश्यक है। यही काम अखिल भारतीय क्षत्रिय संघ कर रहा है। हुड्डा ने संस्था को इसके उद्देश्य पूर्ति के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि इन नेक कार्य में वह हरसंभव सहयोग के लिए हमेशा तैयार हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डेढ़ महीने में वैकल्पिक रास्ते भी सही ढंग से नहीं बना पाई गठबंधन सरकार: प्रदीप

**पिंजौर।** हरियाणा की गठबंधन सरकार केवल वाहवाही लुटने तक ही सीमित होकर रह चुकी है। हकीकत यह है की बरसात के डेढ़ महीने बाद हुई तबाही के बाद सरकार ने जो वैकल्पिक रास्ते बनाने की नाममात्र कोशिश की थी। वह भी चलने की स्थिति में नहीं है। जिसकी वजह से आज स्कूल कॉलेज जाने के लिए बच्चे परेशान हो रहे है। उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यदि स्कूल बसें दूर दराज से घूम कर आती है तो जाम में फंस जाती है। पिंजौर में तो हालत बहुत खराब है। इतना ही नहीं कारोबार भी पूरी तरह से चौपट हो गया है। मोरनी में लोग खेती और पर्यटन पर निर्भर है। वहां पर लोगों की मेहनत की आमदनी पर बहुत बुरा असर पड़ा है। लोगों के कारोबार बंद पड़े है और किसानों को सब्जियों का नुकसान झेलना पड़ रहा है। विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा कि खासकर कालका विधानसभा के दून एरिया, रायतन एरिया और मोरनी ब्लॉक में आज भी रास्ते बंद पड़े है। जब हमारी सेना प्राकृतिक आपदा के समय मात्र कुछ ही घंटों में अस्थाई पुल बना देती है, फिर सरकार ऐसा क्यों नही करती है। हिमाचल में। भारी नुकसान हुआ है। वहां तुरत राहत का काम शुरू हो जाता है। जिला प्रशासन ने तीन फ्लड कंट्रोल नंबर जारी किए थे और आज तीनों ही बंद पड़े है। विधायक प्रदीप चौधरी ने यह भी कहा कि जिन लोगों को प्राकृतिक आपदा में नुकसान हुआ है सरकार उन्हें कोई ठोस राहत नहीं दे पा रही है। विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा कि सुखोमाजरी बाईपास पर जो बचा हुआ अंडरपास का काम है। उसे सरकार लंबे समय से लटका के बैठी है। सरकार को चाहिए कि वह केंद्र से हस्तक्षेप कर परमिशन दिलाकर जल्दी से जल्दी इस सुखोमाजरी बाईपास के काम को पूरा करवाए। ताकि लोगों को जाम से राहत मिल सके। चौधरी ने कहा की कम से कम आपदा के वक्त तो सरकार को थोड़ी सी चौकसी दिखानी चाहिए नहीं नॉर्मल समय में तो सरकार कोई भी काम करके राजी नहीं है। आज सड़कों की हाल बहुत ज्यादा खराब है। जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हुई सड़कों की वजह से राहगीरों का सफर बेहद खराब गुजर रहा है।

### रोहिल्ला समाज को एक करने में कई महापुरुषों का योगदान: अरविंद शर्मा

**झज्जर।** भारतीय रोहिल्ला राजपूत क्षत्रिय संघ ने बहादुरगढ़ में समाज का प्रथम मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद अरविंद शर्मा रहे। समारोह में पहुंचने पर भारतीय रोहिल्ला राजपूत क्षत्रिय संघ द्वारा सांसद अरविंद शर्मा व अतिथियों का फूल माला, पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। सांसद अरविंद शर्मा ने भारतीय रोहिल्ला राजपूत क्षत्रिय संघ समाज के लोगों को मोमेंटो भेंट करके सम्मानित भी किया। उन्होंने पृथ्वीराज चौहान, राजा रणबीर सिंह, संत नाम देव, महाराणा प्रताप आदि महापुरुषों को नमन किया। सांसद अरविंद शर्मा ने पूरे भारत के विभिन्न राज्यो से आए हुए रोहिल्ला राजपूत समाज के लोगों का सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। सांसद अरविंद शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ग को आगे बढ़ाने का कार्य करती है। भाजपा सबका साथ सबका विकास कार्यो से आमजन तक जनकल्याकारी नीतियों को पहुँचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में अनेकों विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। भाजपा राज में प्रत्येक वर्ग के हित सुरक्षित है। 2024 में केंद्र व हरियाणा प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। सांसद अरविंद शर्मा ने कहा कि मध्यकालीन भारत में राजपूत लड़ाकों को रोहिल्ला की उपाधि से विभूषित किया गया था। रोहिल्ला समाज साम्राज्य 19वीं शताब्दी में स्थापित हुआ। जिसे उर्दू में रुहेल खंड कहा जाता है। उन्होंने बताया कि रोहिल्ला समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिए हमारे समाज में अनेक महापुरुष पैदा हुए हैं। जिन्होंने समाज के उत्थान के लिए बहुत ही बड़े बड़े नेक कार्य किए हैं।

सांसद अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 में भी रोहिले राजपूतों ने अपना योगदान दिया, ग्वालियर के किले में रानी लक्ष्मीबाई को हजारों की संख्या में रोहिल्ला राजपूत मिले, इस महायज्ञ में स्त्री पुरुष सभी ने अपने गहने, धन आदि एकत्र कर झांसी की रानी के साथ अंग्रेजों के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए सम्राट बहादुरशाह- जफर तक पहुंचाए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजमोहन रोहिल्ला व राष्ट्रीय महासचिव रमेश रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

### दहेज लोभियों ने विवाहिता को मारपीट घर से निकाला

**पलवल।** पलवल में दहेज में कार व 10 लाख रुपए नहीं मिलने पर बहू को मारपीट कर घर से निकाल दिया। कैंप थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर उसके पति, सास-ससुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच अधिकारी ने रविवार को बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार आदर्श कॉलोनी पलवल निवासी पूजा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसकी शादी 30 जून 2020 को खेड़ीकला गांव निवासी मुकुल के साथ हुई थी। शादी के बाद उसका पति मुकुल, सास सुनीता व ससुर कर्मवीर उसे दहेज के लिए परेशान करने लगे।

# संगठित रहने के कारण जीते एलीट प्रीमियम सोसाइटी निवासी: राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** आक्यूपेंसी सर्टिफिकेट मिलने पर सेक्टर 84 स्थित एलीट प्रीमियम सोसाइटी की ओर से विधायक राजेश नागर का नागरिक अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। आरडब्ल्यूए के सदस्यों ने कहा कि विधायक राजेश नागर के सहयोग के बिना यह काम नहीं हो सकता था। इसलिए आज उनके अभिनन्दन के लिए यह कार्यक्रम किया गया है।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि यह अकेले व्यक्ति की नहीं संगठन की जीत है। आप लोगों ने मिलकर आवाज उठाई जिसमें मेरा सहयोग रहा है। मेरा सहयोग आपको हमेशा रहा है और



आगे भी रहेगा, फिर वह चाहे बिल्डर हो या कोई भी हो। नागर ने कहा कि सोसाइटी के सदस्यों ने अपने हक के लिए जिस प्रकार संघर्ष किया, उसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। इस काम को मैंने अपना कर्तव्य समझकर कभी कदम पीछे नहीं लिया। नागर ने कहा कि मुझे आपने चुनकर भेजा है तो मेरी ड्यूटी है कि मैं आपका साथ दूं। आज जब मैं आपके चेहरे पर प्रसन्नता देख रहा हूं तो मुझे भी संतोष हो रहा है। लोगों ने विधायक को फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया।

बता दें कि एलीट प्रीमियम सोसाइटी के बिल्डर की ओर से छोड़ी गई कमियों के कारण टाउन एवं कंट्री प्लानिंग विभाग की ओर से इसे आक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया था।

**खुशी**

**▶▶ टाउन एवं कंट्री प्लानिंग विभाग की ओर से इसे आक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया था**

जिसके कारण इन फ्लैटों पर लोन लेने, सेल परचेज करने अथवा मालिकाना हक ट्रांसफर करने आदि के काम नहीं हो पा रहे थे। जिससे निवासी बहुत परेशान थे। लेकिन विधायक राजेश नागर के सहयोग से इसके लिए निवासियों ने संघर्ष किया और अब यह सर्टिफिकेट मिलने के बाद उन्होंने विधायक का धन्यवाद व्यक्त करने के लिए आयोजन किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों ने विधायक को थैंक्यू कहा। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए प्रधान अवनिन्द्र तिवारी, जनरल सेक्रेटरी मान सिंह चौहान, कैशियर संदीप कुमार, वाइस प्रेसीडेंट ज्योति तनेजा, जाइंट सेक्रेटरी राजेन्द्र गुप्ता, मैंबर भूपेन्द्र सिंह बघेल, सुमित माथुर, जसविन्द्र सिंह, अंशुमन द्विवेदी, दीपक कौल एवं विकास वर्मा सहित रूपेश बघेल, रेनु अग्रवाल, जया माथुर, एडवोकेट डेनसन जोसफ आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# 'भूलने की बीमारी, कारण और निदान' विषय पर मानव भवन पर स्वास्थ्य चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** सर्वोदय हॉस्पिटल सेक्टर 8 के सहयोग से मानव सेवा समिति व प्रक्रुथी ट्रस्ट ने मानव भवन सेक्टर 10 में "भूलने की बीमारी, कारण और निदान" व "एमआईएस तकनीक से डे केयर सर्जरी" विषय पर स्वास्थ्य चर्चा आयोजित की। चर्चा में प्रमुख न्यूरोलॉजी डा. रितु झा ने बताया कि आजकल लोगों खासकर बुजर्गों में भूलने की बीमारी अल्जाइमर काफी दिखाई दे रही है। खानपान में कमी,तनाव व बीपी शुगर होने से यह बीमारी ज्यादा हो रही है। बुजर्गों में यह बीमारी होने पर उनका विशेष ध्यान रखना चाहिए उनकी सभी



जांच व इलाज कराना चाहिए। डा. अनुशतुप ने भी "एमआईएस तकनीक से डे केयर सर्जरी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।स्वास्थ्य चर्चा के बाद 81 लोगों के शुगर,बीपी,हिमोग्लोबिन थायराइड,कोलेस्ट्रॉल की निशुल्क जांच की गई। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व प्रक्रुथी ट्रस्ट की प्रेसिडेंट रमा सरना ने डॉक्टर को सम्मान पट्टिका पहनाकर उनका आभार प्रकट किया। स्वास्थ्य चर्चा के सफल आयोजन में सर्वोदय हॉस्पिटल की एमडी अंशु गुप्ता व उनकी मार्केटिंग टीम तथा अरुण आहूजा, बांकेलाल सितोनी, राजेंद्र गोयनका,संजीव शर्मा,संगीता मोंगा ,कोमल शर्मा, सोनिया मल्होत्रा,, मोनिका सरना, नीतू मंगल, किरण शर्मा,राज राठी,कोमल सरना,सविता सिंघल, कुसुम बंसल, प्रदीप टिबडेबाल का विशेष सहयोग रहा।

### संदीप सिंह को तुरंत बर्खास्त करे सरकार: सांगवान

**रोहतक।** जूनियर कोच यौन हिंसा मामले में आरोपी मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ न्याय की आवाज बुलंद करने के लिए जनवादी महिला समिति की पहलकदमी पर न्याय संघर्ष समिति का गठन किया गया था। न्याय संघर्ष समिति में विभिन्न संगठनों और न्यायप्रिय लोगों ने लगातार आठ महीने तक मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करवाने के लिए संघर्ष किया। आखिरकार लगभग आठ महीने बाद चंडीगढ़ पुलिस ने चालान पेश किया है। जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भीम अवार्डी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जगमति सांगवान, राज्य अध्यक्ष सविता, महासचिव उषा सरोहा व कोषाध्यक्ष राजकुमारी दहिया ने कहा कि आठ महीने के बाद ही सही लेकिन मंत्री के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होना राहत की बात है।

# 'कालका-पिंजौर की प्रॉपर्टी आईडी के लिए सीएम को लिखूंगा पत्र'

**सवाल उठाए**

**▶▶ अब अगर 100 फाइले पेंडिंग है तो उसमे से पहली दस फाइले हीसंबधित अधिकारी कर सकता है**

**टीम एक्शन इंडिया/पिंजौर ( मैनपाल)** एस सी समाज का कदावार नाम एडवोकेट विनोद गौरी ने बताया वैसे तो पूरे हरियाणा मे इस समय बीजेपी सरकार के खिलाफ लोगों की नाराजगी जग जाहिर है परन्तु फिर भी अगर कालका विधानसभा की बात करे तो यहां पर धरातल पर कुछ भी काम आमजन की सुविधा के लिए नहीं हुए हर और त्राहिमाम मिचा हुआ है उसका सब से बड़ा उधारण नगर परिषद पिंजौर मे प्रॉपर्टी आई. डी. है जैसे की अभी सरकार ने यू. एल. बी. एच. का पोर्टल अपडेट किया है तो उसमे से बहुत सी खामिया दूर की है तो बहुत सी खामिया अभी पेंडिंग है सरकार ने पोर्टल पर जारी किया किया है की अब अगर 100 फाइले पेंडिंग है तो उसमे से पहली दस फाइले ही संबधित अधिकारी कर सकता है वो अधिकारी किसी सिफारिश पर ये नहीं की 20 नबर की फाइल को पहले कर दे अगर उसे बीस नबर की फाइल करनी है तो उस अधिकारी को वो 19 फाइले पहले करनी होंगी जो की हरियाणा सरकार का एक अच्छा कदम है परन्तु सरकार को सब -डिवीजन की फाइलों पर भी अपनी स्थिति सपष्ट करनी होंगी की अगर किसी के पास 250 वर्ग गज भूमि है और वो उसमे से 100 वर्ग गज भूमि बेय करना



चाहता है तो उस स्थिति मे उसको पीआई डी नबर नगर परिषद जारी करेगा या नहीं इसके साथ ये भी आमजन को पता होना चाहिए की एक फाइल चाहे वो करेक्शन की हो,नई प्रॉपर्टी आई डी की हो, सब -डिवीजन की हो उसको क्लियर करने की समय सीमा कितनी होगी क्योंकि अगर नगर परिषद मे अगर कोई प्रॉपर्टी आई डी से संबधित केंम्प का आयोजन किया भी जाता है तो उसमे लोगों की पुरानी फाइलों को कोई अहमियत नहीं दी जाती है हरियाणा सरकार को समझना होगा की ये आमजन को परेशान करने की एक नई खिड़की खुल गयी है। विनोद गौरी ने बताया की वैसे तो पुरे पिंजौर कालका मे सड़कों की खस्ता हालत, स्ट्रीट लाइटों की खराबी, आवारा पशुओं की परेशानी, बहुत बड़ी है परन्तु प्रॉपर्टी आई डी वो समस्या है जिसको लेकर हमारे बुजुर्ग लोगों को भी सरकार ने लाइनों मे खड़ा कर दिया है।

# बडखल विधानसभा के संपर्क से समर्थन में उमड़ी भीड़

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** बडखल विधानसभा क्षेत्र के एनएच मंडल में भाजपा नेता राजन मुथरेजा द्वारा संपर्क से समर्थन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में गुरु गोंसाईयों सहित बडखल विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर मौजूद रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप से मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़, विधायक सीमा त्रिखा,भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व मेयर सुमनबाला, धनेश अदलक्खा आदि उपस्थित रहे जबकि गोस्वाामी श्यामलाल, हरीश बाली, नंदलाल, योगेश, भूषण बाली, महंत ललित



गिरी, महाराज बसंत, प्रकाश महाराज, श्याम सुंदर कपूर, देव सिंह गोंसाईं, मोहन सिंह भाटिया, रेनू भाटिया, गुलशन भाटिया राजमंदिर, अंजू भड़ाना, कौशल बाठला, अमित आहुजा, अशोक मुथरेजा, बलविंदर खत्री, संजय शर्मा, सुरेंद्र बजाज, राजकुमार वोहरा आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर राजन मुथरेजा ने बड़ी माला व पगड़ी से अपने सहयोगियों के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर कृष्णपाल गुर्जर भारी भीड़ देख गदगद नजर आए और उन्होंने बडखल विधानसभा क्षेत्र में इस सफल आयोजन के लिए भाजपा नेता राजन मुथरेजा की पीठ भी थपथपाई। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने उपस्थित जनसमूह को भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए विपक्ष की पोल खोली।

**उपलब्धियां**

**▶▶ केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने लोगों को गिनवाई सरकार की उपलब्धियां**

# सीएम खट्टर से मिलकर विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी विधानसभा क्षेत्र को बना दिया नरक: धर्मवीर भड़ाना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और एनआईटी फरीदाबाद के कांग्रेसी विधायक नीरज शर्मा मिलकर एनआईटी 86 फरीदाबाद की जनता को बेमौत मारना चाहते हैं। पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा हाल बेहाल एनआईटी विधानसभा क्षेत्र का है जहां के सैकड़ों लोग विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं । एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की सैकड़ो गलियों में सीवर का पानी भरा हुआ है जिस वजह से लोग डेंगू और मलेरिया की चपेट में आ गए हैं यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने वार्ड नंबर 6 की गलियों का दौरा किया और विधायक नीरज शर्मा और सीएम मनोहर लाल के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र का हाल बहुत ही बेहाल हो गया है । वार्ड नंबर 6 की कई गलियों में लोग बंधक बन कर रह गए हैं क्योंकि घरों के सामने लगभग 6 साल से सीवर का पानी भरा हुआ है । उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक नागेंद्र भड़ाना आजकल गली-गली घूम रहे हैं लेकिन इन गलियों में और जब

**घेरा**

**▶▶ पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा हाल बेहाल एनआईटी विधानसभा क्षेत्र का है जहां के सैकड़ों लोग विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं**



विधायक थे तब भी नहीं आए और ना अब आए ना ही यहां के वर्तमान कांग्रेसी विधायक कभी इन गलियों में पहुंचे । उन्होंने कहा कि यहां के बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, महिलाएं घर से बाहर नहीं निकल पा रही हैं । एक तरह से इस गली के लोग बंधक बनकर रह गए हैं । बेमौत मर रहे हैं । इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला सचिव मेहरचंद हरसाना, लोकसभा उपाध्यक्ष भीम यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि फरीदाबाद हरियाणा ही नहीं भारत की जनता को अगर कहीं नर्क देखना है तो एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में आकर देख सकते हैं । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जहां जुमलेबाजी में मस्त है वही यहां के विधायक नीरज शर्मा को भाजपा ने सर्वश्रेष्ठ विधायक का खिताब देकर उनका मुंह बंद कर दिया है । इसलिए नीरज शर्मा ना तो क्षेत्र का विकास करवा पा रहे हैं ना ही भाजपा के खिलाफ कुछ बोल पाते हैं। इस मौके पर हरजिंदर मेहंदी रत्ता, सुभाष बघेल, राम गौर, नरेश शर्मा, फूल महेश, अमित कुमार, महेश कुमार, कृष्ण कांत सहित आम आदमी पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## 'भ्रूण-प्रत्यारोपण से गोवंशों का संरक्षण-संवर्धन होगा संभव'

**मीरजापुर।** बरकछा स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय में देशी साहीवाल गाय से प्राप्त चार भ्रूण का सफल प्रत्यारोपण किया गया। इससे अधिक दूध देने वाले गौवंश की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। साथ ही बांझपन की समस्या से भी निजात मिलेगी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत संचालित भ्रूण प्रत्यारोपण परियोजना का सफल प्रत्यारोपण किया गया। वैज्ञानिक व प्रधान अन्वेषक डा. मनीष कुमार ने बताया कि देशी साहीवाल गाय से प्राप्त चार भ्रूणों का दूसरी बार सफल प्रत्यारोपण किया गया। योजना का मुख्य उद्देश्य उच्च क्षमता वाली देशी गौ वंश जैसे साहिवाल एवं गंगातीरी गायों में एक साथ कई भ्रूण प्राप्त करके उन्हें कम क्षमता वाली गायों में प्रत्यारोपित किया जाना है। इससे अधिक दूध देने वाली गौवंश की संख्या तेजी से बढ़ाई जा सकेगी। भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक से एक गाय से एक साल में लगभग 12 से 15 बच्चे प्राप्त किए जा सकते हैं। इस तकनीक से बांझपन की समस्या से भी काफी हद तक निजात पाने में सफलता मिलेगी। परियोजना से जुड़े सह अन्वेषक डा. प्रियरंजन, कौस्तुभ, अजीत एवं डा. नीरज ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संकाय प्रमुख डा. शाहिद परवेज ने हर्ष जताते हुए सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी। परियोजना के प्रधान अन्वेषक डा. मनीष कुमार ने कहा कि भविष्य में और भी सफलताएं प्राप्त होगी।

## बाढ़ पीड़ितों को हर संभव सहायता मिलेगी : जितिन प्रसाद

**बाराबंकी।** बाढ़ पीड़ितों की मदद में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। प्रत्येक पीड़ित परिवार को हर संभव सरकारी सहायता अवश्य मिलेगी। यह बात जिला प्रभारी मंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने शनिवार को डाक बंगला रामनगर पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही। उन्होंने कहा कि ब्लॉक सूरतगंज के बाढ़ प्रभावित इलाके का मेरे व खाद रसद मंत्री सतीश शर्मा के द्वारा दौरा किया गया है। बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं सुनी। मौका मुआयना कर मौके पर मौजूद संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए गए हैं। अब कोई भी बाढ़ पीड़ित सरकारी मदद से वंचित नहीं रहेगा। जिन लोगों के मकान नष्ट हुए हैं उन्हें प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत छत मिलेगी। स्वास्थ, बिजली, पानी और आवागमन सहित सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।

# यूपी: सड़कों पर अब नजर नहीं आएंगे निराश्रित गोवंश

**सीएम योगी ने निराश्रित गोवंश की सुरक्षा और देखभाल के लिए जिलाधिकारियों को दिये निर्देश, निराश्रित गोवंश को प्रदेश में संचालित गो संरक्षण केंद्रों तक पहुंचाने और हरे चारे की व्यवस्था करने के आदेश**

आदेश

▶ हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने और समय-समय पर स्वास्थ्य प्रशिक्षण के लिए निर्देश दिये हैं



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
उत्तर प्रदेश की सड़कों पर अब निराश्रित गोवंश भटकते नजर नहीं आएंगे। योगी सरकार ने इनकी सुरक्षा और देखभाल के लिए कड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निराश्रित गोवंश को पहले से संचालित गो संरक्षण केंद्रों तक पहुंचाने, उनके लिए हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने और समय-समय पर स्वास्थ्य प्रशिक्षण के लिए निर्देश दिये हैं। साथ ही जिलाधिकारियों को इसे अपनी प्राथमिकता सूची में शामिल करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लगातार प्रदेश भर में सड़कों पर निराश्रित गोवंश की तादाद बढ़ने की शिकायतें मिल रही थीं। इस पर सीएम योगी ने पहले भी अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई थी, जिसके बाद काफी सुधार भी देखने को मिला है और अब योगी सरकार ने इस दिशा में और तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये हैं, ताकि प्रदेश की सड़कों पर एक भी निराश्रित गोवंश न दिखे।

**अतिरिक्त गो आश्रय स्थल बढ़ाने के लिए जल्द तैयार करें कार्ययोजना:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निराश्रित गोवंश की सुरक्षा और देखभाल का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में गो आश्रय स्थल बढ़ाने को कहा है। मालूम हो कि वर्तमान में प्रदेश भर में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए 6889 आश्रय स्थल संचालित हैं, जिसमें 6346 ग्रामीण और 543 शहरी क्षेत्रों में मौजूद हैं। इन आश्रय स्थलों में वर्तमान समय में 1182949 निराश्रित गोवंश की देखभाल की जा रही है। सीएम योगी ने विभाग को प्रदेश में गो आश्रय स्थल बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने का आदेश दिया है ताकि इसे कैबिनेट में शामिल कर बजट जारी किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने गोवंश आश्रय स्थलों के वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रबंधन मजबूत करने को भी कहा है, जिससे आश्रय स्थल की स्थिति में सुधार आ सके। वहीं सीएम योगी ने हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए गोचर भूमि की जियो टैगिंग एवं कब्जा मुक्त करा कर नेपियर घास लगवाने को कहा है।

**पोर्टल पर अपडेट होगी आश्रय स्थल की हर जानकारी:** अपर मुख्य सचिव पशुधन डॉ. रजनीश दुबे ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक निराश्रित गोवंश की गो आश्रय स्थलों पर रहने की उचित व्यवस्था की जा रही है।

## पीएम मोदी ने की यूपी की सराहना

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो प्रसारण कार्यक्रम 'मन की बात' में एक बार फिर उत्तर प्रदेश की सराहना की। उन्होंने वाराणसी में जी-20 क्विज,वाराणसी दुग्ध समूह और वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में पदक जीतने वाली प्रदेश की बेटियों की तारीफ की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लाइव सुना और ट्वीट कर प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि वाराणसी में हुए जी-20 क्विज में 800 स्कूलों के सवा लाख स्टूडेंट्स की भागीदारी ने एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने वाराणसी दुग्ध समूह का जिक्र करते हुए कहा कि यह समूह हमारे दुग्ध उत्पादकों और पशु पालकों की आय बढ़ाने के संयुक्त प्रबंधन पर कार्य कर रहा है। इससे पूर्वांचल में श्वेत क्रांति का संकेत मिलता है। साथ ही कार्यक्रम में उन्होंने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में तीरंदाजी में पदक जीतने वाली उत्तर प्रदेश की प्रगति और 20 किमी. रेस वॉक टीम का हिस्सा रही प्रियंका से भी बात की।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। मंदिर के गर्भगृह में सीतारमण ने अपने माता-पिता के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बाबा का रुद्राभिषेक किया। मंदिर के पुरोहितों ने पूरे विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराया।

## खेल मंत्री संदीप सिंह को मुख्यमंत्री बर्खास्त करें: अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह की बर्खास्तगी की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने रविवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि अब संदीप सिंह खेल मंत्री के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हो गई है। मुख्यमंत्री को चाहिए कि वह खेल मंत्री संदीप सिंह को तुरंत पद से बर्खास्त करें। उन्होंने कहा कि 8 महीने से अधिक के समय के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री दागदार मंत्री को अब तक बचाते रहे है। अब इस्तीफा ले लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि संदीप सिंह के कार्यक्रमों का विरोध होना शुरू हो गया है और काले झंडे लेकर लोग उसके खिलाफ खड़े हो गए। जिसके चलते उसे अपना कार्यक्रम रद्द करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। और संदीप सिंह की बर्खास्तगी की मांग की है।

## भाजपाई विपक्ष के एकजुट होने से परेशान: नीतीश



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने रविवार को लोहिया पथ चक्र के शेष निमार्णाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमको व्यक्तिगत कुछ नहीं चाहिए। हम सबको बस एकजुट करना चाहते हैं। भाजपा के लोग जान रहे हैं कि हम इतने लोगों को एकजुट कर रहे हैं तो उनको नुकसान होने वाला है। सीएम ने कहा कि हम शुरू से ही यह बात बोल रहे हैं। विपक्ष क्या बोलता है, उसका कोई मतलब नहीं है। हम मुम्बई तो जा रहे हैं। वहां कुछ और पार्टियां भी एक साथ आ रही हैं। वहां हम सब पुनः एक साथ मिल बैठकर निर्णय लेंगे। हम चाह रहे हैं कि यह जल्दी तय हो जाए कि कौन-कौन, कहां-कहां से लड़ेगा। सीएम ने कहा कि लोहिया पथ चक्र को इस साल दशहरा के पहले कंप्लीट करना है। आज उसी को देखने हम यहां आए हैं। यहां पुराने बिल्डिंग को हटाकर नया बिल्डिंग बनाया जाएगा और इसकी ऊंचाई भी थोड़ा बढ़ाया जाएगा। इससे आने-जाने का जो रास्ता है वो और अधिक चौड़ा हो जाएगा।

## ममता का काम बस इमामों के साथ बैठकें करना: शुभेंदु अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**उत्तर** 24 परगना जिले के दत्तपुकुर की एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में रविवार सुबह हुए धमाके में सात लोगों की मौत के बाद पश्चिम बंगाल में सियासत गरमा गई है। इस मामले पर बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोला है। भाजपा नेता शुभेंदु



अधिकारी ने कहा कि सिर्फ दत्तपुकुर की फैक्ट्री में ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य में ऐसा माहौल है। जहां-तहां विस्फोट हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा था कि इन अवैध कारखानों को बंद कर दिया जाएगा, लेकिन वह चोरों को बचाने में व्यस्त हैं। उनका काम राज्य में इमामों के साथ बैठकें करना और सांप्रदायिक कार्ड खेलना है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि जिस मात्रा में विस्फोटक मिले हैं उससे साफ है कि बंगाल सरकार ने विस्फोटकों को जहां चाहे इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी है। अपना व्यवसाय चलाने की पूर्ण स्वतंत्रता दे चुकी है।




## पश्चिमी चंपारण के घरों में घुसा पहाड़ी नदियों का पानी

**टीम एक्शन इंडिया/बेतिया**
**पश्चिमी** चंपारण जिला के गौनाहा ब्लॉक में विगत तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से पहाड़ी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इस से गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है। जिससे करीब 500 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं। रूपवलिया पंचायत के तारा बसवरिया गांव को कटहा नदी के कटाव से बचाने हेतु पूर्व मे बनाया गया गाइड बांध शनिवार की अर्द्ध रात्रि में टूट गया। जिससे करीब



175 घरों में कटहा नदी के बाढ़ का पानी घुस गया तथा दोन कैनाल नहर का उत्तरी किनारा करीब 75 फीट कट गया। गाइड बांध टूटने से दोन कैनाल सड़क से तारा बसवरिया गांव का सड़क संपर्क टूट गया है। मुश्किल से किसी तरह बाइक से गांव में प्रवेश किया जा रहा है।

आफत

▶ गाइड बांध टूटने से दोन कैनाल सड़क से तारा बसवरिया गांव का सड़क संपर्क टूट गया है

## हिमाचल में चार दिनों तक होगी छिटपुट बारिश

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में तबाही मचाने के बाद मानसून अब राहत देगा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी चार दिन राज्य में छिटपुट वर्षा होगी, लेकिन भारी वर्षा का अलर्ट नहीं रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि मानसून के मंद पड़ने से अगले कुछ दिन राज्य में भारी बारिश होने की आशंका नहीं है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में आगामी चार दिन हल्की वर्षा हो सकती है। 30 व 31 अगस्त को मौसम शुष्क रहेगा। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान मंडी जिले को छोड़कर कहीं भी वर्षा नहीं हुई।

खुलासा

इंदौर में पकड़े गए लारेंस गैंग के सदस्यों ने पुलिस पूछताछ में किया बड़ा खुलासा

## लॉरेंस गैंग और खालिस्तानियों ने सोशल मीडिया के जरिए मंगवाए थे हथियार

**टीम एक्शन इंडिया/इंदौर**
**शहर में** सिलसिलेवार चोरियों के मामले में इंदौर की अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने तीन दिन एक आरोपित राजेंद्र बरनाला को गिरफ्तार किया था। वह कई वर्षों से अवैध हथियार बेच रहा है। राजेंद्र पंजाब के कुख्यात गैंगस्टर लारेंस विश्नोई गैंग का सदस्य रहा है। उसका संपर्क खालिस्तानी आतंकियों से भी रह चुका है। राजेंद्र उन्हें हथियार सप्लाई करता रहा है। वह सोशल मीडिया के जरिए उनसे संपर्क करता था। इंस्टाग्राम, फेसबुक और वाट्सएप के माध्यम से आर्डर से लेकर स्वयं हथियार मुहैया करवाता रहा है। यह खुलासा आरोपित



राजेन्द्र बरनाल ने पुलिस की पूछताछ में किया है। डीसीपी राजेश कुमार सिंह ने रविवार को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में पिछले दिनों भवानीपुर और लोकमान्य नगर में चोरी की वारदात हुई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सेंधवा से राजेंद्र (26) पुत्र प्रीतम सिंह बरनाला (सिकलीगर) को साथी बादल सिंह, राजेश वर्मा, सिद्धार्थ पोद्दार और बलवंत के साथ गिरफ्तार किया था और न्यायालय में पेश कर उन्हें पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया था। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि राजेंद्र मामूली चोर नहीं, बल्कि गैंगस्टर और आतंकियों का मददगार है। उन्होंने बताया कि आरोपित राजेन्द्र को दो साल पूर्व दिल्ली की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया था। डीसीपी संजीव कुमार यादव ने उससे 18 पिस्टल बरामद की है और दावा किया कि राजेंद्र गैंगस्टर और खालिस्तानी आतंकियों का साथी है। उसका संपर्क सोशल मीडिया के माध्यम से रहता है। वह गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई सहित देशभर के गुंडे-बदमाशों को हर महीने सौ से सवा सौ अवैध हथियार सप्लाय करता है।